# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 24 मार्च, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-37 ■ पृष्ठ -14 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### मोकामा के विधायक अनंत सिंह जेल से रिहा



**पटना।** बिहार के मोकामा से विधायक अनंत सिंह सोमवार को कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद पटना की बेऊर जेल से रिहा हो गए। उनके जेल से बाहर आने के बाद पटना से लेकर मोकामा तक उनके समर्थकों में जश्न का माहौल है। बेऊर जेल से निकलने की सूचना के बाद बड़ी संख्या में समर्थक बेऊर जेल के बाहर पहुंचे थे। जेल से बाहर निकलने के बाद समर्थकों के साथ विधायक अनंत सिंह पटना स्थित अपने आवास पहुंचे, जहां पहले से ही उनके स्वागत की तैयारी की गई थी।

### भागलपुर में नीट छात्रा की संदिग्ध मौत

**भागलपुर।** भागलपुर में एक नीट छात्रा ने दुपट्टे के सहारे फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना, बरारी थाना क्षेत्र के खंजरपुर (झौआ कोठी) स्थित विंध्यवासिनी लॉज में हुई। देर रात जब बगल के कमरे में रहने वाली छात्रा ने मृतका का दरवाजा खटखटाया, तो उसने नहीं खोला। इसके बाद छात्रा चिल्लाने लगी। अन्य छात्रों ने आवाज सुनकर मकान मालिक को बुलाया और इसकी जानकारी उनके मौसेरे भाई अंकुश को दी।

### मॉरीशस के पीएम को मिला बिहार आने का न्योता

**पटना :** बिहार के कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री से मुलाकात कर बिहार दिवस पर बिहार आने का न्योता दिया। उन्होंने मिथिला चित्रकला एवं मधुबनी पेंटिंग से जुड़ी बात की और कहा कि मॉरीशस में इन पेंटिंग्स की बहुत संभावनाएं हैं। कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार इन दिनों ह्यबिहार दिवसह्नसमारोह के अवसर पर राजकीय अतिथि के रूप में मॉरीशस दौरे पर हैं।

### ट्रंप ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले को 5 दिनों के लिए टाला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के बीच ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले की अपनी योजना को सोमवार को पांच दिनों के लिए स्थगित करने की घोषणा की। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की ईरान के साथ अच्छी और सार्थक बातचीत हुई है और वह अपनी सेना को ईरान के पावर प्लांट और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर किसी भी तरह के सैन्य हमले को टालने का आदेश देंगे।

# अब राज्य में प्रेम-भाईचारा व शांति का है माहौल : मुख्यमंत्री

## समृद्धि यात्रा के पांचवें चरण में पहले दिन जहानाबाद और अरवल पहुंचे सीएम नीतीश

**पटना (एनएसबी)। :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी समृद्धि यात्रा के पांचवें चरण के पहले दिन सोमवार को जहानाबाद और अरवल जिला पहुंचे। दोनों जिलों में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि राज्य में अब किसी प्रकार के डर एवं भय का वातावरण नहीं है।

प्रेम, भाईचारा एवं शांति का माहौल है। कहा कि राज्य के सुदूर क्षेत्रों से 6 घंटे में पटना पहुंचने के लक्ष्य को वर्ष 2016 में पूरा कर लिया गया है। अब राज्य में बड़ी संख्या में सड़कों, पुल-पुलियों, रेल ओवरब्रिज, बाईपास एवं एलिवेटेड रोड के निर्माण से लगभग 5 घंटे में सुदूर क्षेत्रों से पटना पहुंचना संभव हुआ है। सीएम ने दोनों



जिलों में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। दोनों जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री सह जहानाबाद जिला के प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार, पंचायती राज एवं अरवल जिले के प्रभारी मंत्री दीपक प्रकाश, विधायक ऋतुराज कुमार, विधान पार्षद अनिल कुमार, कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, संबद्ध विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/सचिव, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय, जहानाबाद के पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान सहित अन्य वरीय अधिकारी सहित पूर्व विधायकगण, पूर्व विधान पार्षदगण व अन्य

### जहानाबाद और औरंगाबाद को दी 405 करोड़ की सौगात

मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान जहानाबाद जिले को दी 252 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम स्थल से रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर जहानाबाद जिले के लिए 70 करोड़ रुपये की लागत से 88 योजनाओं का उद्घाटन एवं 182 करोड़ रुपये की लागत से 73 योजनाओं का शिलान्यास किया। वहीं, अरवल जिला अंतर्गत बेलखरा के राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 153 करोड़ रुपये की लागत से 272 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 90 करोड़ रुपये की लागत से 250 योजनाओं का उद्घाटन तथा 63 करोड़ रुपये की लागत से 22 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

## बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने जारी किया इंटरमीडिएट का रिजल्ट

# सूबे की बेटियों ने फिर लहराया परचम

## विज्ञान संकाय में आदित्य प्रकाश, कला में निशु कुमारी और वाणिज्य में अदिति कुमारी बने टॉपर



**पटना (एनएसबी)।** बिहार इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा 2026 का रिजल्ट सोमवार को जारी कर दिया गया है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बिहार बोर्ड ऑफिस में दोपहर 1:30 बजे परिणाम घोषित कर किया। इस दौरान बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर भी मौजूद रहे। साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स तीनों संकायों का परिणाम एक साथ जारी किया गया है। इस बार 85.19% छात्र परीक्षा में पास हुए हैं। इसमें 84.09% छात्र और 86.23 छात्राएं सफल रही हैं। साइंस में समस्तीपुर के आदित्य प्रकाश ने टॉप किया है। आदित्य को 481 नंबर आए हैं। वहीं कॉमर्स में पटना की अदिति कुमारी ने टॉप किया है। अदिति को 480 नंबर आए हैं। वहीं आर्ट्स में गयाजी की रहने वाली निशु कुमार ने बाजी मारी है। उन्हें 479 नंबर आए हैं। तीनों स्ट्रीम में कुल 26 टॉपर्स में 20 लड़कियां हैं। इस साल करीब 13 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा 1 से 15 फरवरी के बीच ली गई थी। 35 दिन के अंदर नतीजे जारी किए गए हैं। इसके साथ ही बिहार बोर्ड देश में लगातार 8वीं बार सबसे पहले रिजल्ट जारी करने वाला राज्य बन गया है। पिछले साल 2025 में 86 फीसदी से ज्यादा छात्र सफल रहे थे। तीनों स्ट्रीम में लड़कियों ने टॉप किया था। बिहार बोर्ड पांच टॉपर्स को इनाम देगा। इस बार इनाम की राशि दोगुनी कर दी गई है। प्रथम स्थान पर आने वाले छात्रों को 2 लाख, द्वितीय स्थान पर आने वाले छात्रों को 1.5 लाख और तीसरे स्थान लाने वाले स्टूडेंट्स को 1 लाख रुपए दिए जाएंगे।

**85.19**
प्रतिशत छात्र परीक्षा में हुए पास

### पिछले साल से 1% कम रहा रिजल्ट

इस साल 85.19% छात्र पास हुए हैं। साल 2025 में 86.56% छात्र सफल हुए थे। इस बार का रिजल्ट पिछली बार से 1 फीसदी कम रहा। पिछले साल साइंस में पश्चिमी चंपारण की प्रिया जायसवाल ने 484 अंक (96.8 प्रतिशत) के साथ टॉप किया था। आर्ट्स में वैशाली की अंकिता कुमारी और बक्सर के शाकिब शाह ने 473-473 अंक (94.6 प्रतिशत) हासिल किए थे। कॉमर्स वर्ग में वैशाली की रौशनी कुमारी ने 475 अंक (95.1 प्रतिशत) लाकर पहला स्थान पाया था।

### 8वीं बार बिहार बोर्ड ने सबसे पहले परिणाम घोषित किया

शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश में सबसे पहले आठवीं बार बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटर परीक्षा का परिणाम जारी किया गया है। परीक्षा सम्पन्न होने के बाद 25 दिनों में मूल्यांकन का कार्य पूरा कर लिया गया था।



| आदित्य प्रकाश (साइंस) | अदिति कुमारी कॉमर्स | निशु कुमारी |
|---|---|---|
| 481 | 480 | 479 |

### मैंने घर पर ही सेल्फ स्टडी की : आदित्य

साइंस टॉपर आदित्य ने बताया, मैंने घर से ही पढ़ाई की शुरूआत की। इसके बाद सिमुलतला में एडमिशन लिया। मैंने घर पर ही सेल्फ स्टडी की। मैं सबसे पहले राधा रानी का धन्यवाद करना चाहूंगा। मेरा परिवार, टीचर्स सभी ने बहुत साथ दिया। मैं आगे जाकर डॉक्टर बनना चाहता हूं। मेरे पिता सरकारी नौकरी में हैं। मां हाउस वाइफ हैं। एक बहन है वो पढ़ाई करती है। 10वीं में मैं टॉप 10 में नहीं आ पाया था। उस वक्त में बहुत निराश हुआ था। मैंने सोच लिया था इंटर में करना है और हो गया। हमें कर्म पर विश्वास करना चाहिए, उसमें कमी नहीं होनी चाहिए। फल की चिंता भगवान पर छोड़ देनी चाहिए।'

### सीए बनना चाहती है कॉमर्स टॉपर्स अदिति

बिहार इंटर के कॉमर्स से 7 टॉपर्स में पटना की 5 बेटियों ने बाजी मारी है। पटना की छात्रा अदिति कुमारी ने कॉमर्स संकाय में पूरे बिहार में टॉप किया है। उन्होंने 480 अंक (96%) के साथ पहला स्थान हासिल किया है। अदिति कुमारी पटना के संेट जेवियर स्कूल, गांधी मैदान की छात्रा हैं। उन्हें काफी खुशी हुई और वह इसका श्रेय अपने माता-पिता और बड़े भाई को देती हैं। उन्होंने कहा कि वह दिन में 8 घंटे पढ़ाई करती थी। किसी तरह की कोचिंग नहीं ली है। पढ़ाई में कोई कंफ्यूजन होने पर वह यूट्यूब या फिर एआई का सहारा लेती थी। उनका सपना है कि सीए का बने। उनके पिता की बाकरगंज में स्पेयर पार्ट्स की दुकान है।

### आर्ट्स टॉपर : नीशु की पढ़ाई में शुरू से रही अच्छी

निशु गयाजी जिले के खिजरसराय प्रखंड के लोदीपुर गांव की रहने वाली है। वो घर की बड़ी बेटी हैं और पढ़ाई में शुरू से अच्छी रही हैं। निशु के पिता अमोद कुमार ने कहा, मैट्रिक परीक्षा में निशु स्कूल की सेकेंड टॉपर रही थी। मुझे उम्मीद थी कि वह बिहार के टॉप 10 में जरूर आएगी, लेकिन बेटी ने पूरे राज्य में प्रथम स्थान हासिल की।

## एनडीए शासन में लाल सलाम का हुआ अंत



**जहानाबाद (एनएसबी)।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि 2005 से पहले जहानाबाद और अरवल में नक्सलियों का खौफ इतना था कि शाम के पांच बजे के बाद यहां तत्कालीन मुख्यमंत्री भी ठहरने से डरते थे। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए शासन में लाल सलाम का पूरी तरह अंत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने न्याय यात्रा, प्रवास यात्रा, विकास यात्रा, प्रगति यात्रा और अब समृद्धि यात्रा के माध्यम से बिहार के विकास की मजबूत नींव रखी है।

समृद्धि यात्रा के दौरान जहानाबाद और अरवल पहुंचे उपमुख्यमंत्री ने जहानाबाद के गांधी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले पटना से जहानाबाद पहुंचने में घंटों लगते थे, जबकि आज यह दूरी महज 40 मिनट में तय की जा रही है। अब लोग रात में भी बेफिक्र होकर यहां घूमते हैं । उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार में बुनियादी सुविधाओं का गंभीर अभाव था। उस दौर में राज्य में केवल 6 हजार किलोमीटर सड़कें थीं, जो अब बढ़कर करीब 1 लाख 40 हजार किलोमीटर हो गई हैं। सम्राट ने कहा कि बिजली के क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव आया है। पहले जहां राज्य में केवल 17 लाख उपभोक्ता थे, आज यह संख्या बढ़कर 2 करोड़ 16 लाख हो गई है। 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है, जिससे करीब 88 प्रतिशत उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य आ रहा है। वहीं अरवल के बेलखरा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि 2005 से पहले अरवल में आने से लोग डरते थे और नक्सलियों का भय हर समय बना रहता था। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त कर बिहार को सुरक्षित बनाया है। उन्होंने बताया कि अरवल से गुजरने वाली पटना से औरंगाबाद फोरलेन सड़क पर काम शुरू हो गया है।

**रास में मोबाइल डेटा प्लान्स का विषय**

### राघव चड्ढा ने कहा-कंपनियां कर रही हैं अनयूज्ड डेटा की लूट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा में आप सांसद राघव चड्ढा ने मोबाइल फोन यूजर्स से जुड़े एक मुद्दे को उठाया गया। राघव चड्ढा ने आरोप लगाया कि देश के करोड़ों मोबाइल यूजर रोजाना डेटा प्लान्स के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से लूटे जा रहे हैं। सोमवार को इस विषय पर बोलते हुए उन्होंने इस पूरी व्यवस्था को उपभोक्ता अधिकारों से जुड़ा गंभीर मामला बताया। सांसद ने विस्तार से समझाते हुए कहा कि जब कोई यूजर अपना मोबाइल रिचार्ज कराता है, तो उसे उसके प्लान के अनुसार प्रतिदिन 1.5 जीबी, 2 जीबी या 3 जीबी डेटा मिलता है। लेकिन यह डेटा ह्यडेली लिमिटह्न के रूप में होता है, जो हर दिन रात 12 बजे समाप्त हो जाता है।

# ईरान जंग : असर लंबा रह सकता है हमें तैयार रहना होगा : पीएम मोदी

## कोरोना में भी ऐसा संकट झेल चुके, एकजुटता हमारी पहचान

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** पश्चिम एशिया में जंग के हालातों पर पीएम मोदी ने पहली बार सार्वजनिक बयान दिया। लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच में उन्होंने कहा कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हमें एकजुट रहना होगा।

पीएम ने कहा- हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है। धैर्य के साथ, संयम के साथ, शांत मन से हमें हर चुनौती



का मुकाबला करना है। यही हमारी पहचान है, यही हमारी ताकत है। पीएम ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि देश में तेल-गैस संकट न हो। इसके लिए 27 की जगह अब 41 देशों से इंपोर्ट कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

**पीएम बोले- होमुर्ज का रास्ता रोकना स्वीकार नहीं** पीएम मोदी ने संसद में युद्ध को लेकर देश का स्टेंड पर भी बात की। उन्होंने कहा तनाव खत्म होना चाहिए। बातचीत से ही समस्या का समाधान है। नागरिकों और पावर प्लांट पर हमले मंजूर नहीं हैं। होमुर्ज का रास्ता रोकना स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने बताया कि अभी 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं।

# प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज की छत ढही, मलबे में दबकर बिहार के 3 समेत 4 मजदूरों की मौत

**प्रयागराज (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज में फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर में प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर स्थित एक कोल्ड स्टोरेज की धमाके के साथ छत ढहने से चार मजदूरों की मौत हो गई। हादसे में 15 लोग घायल हुए हैं। यह

**15 लोग घायल**

कोल्ड स्टोरेज समाजवादी पार्टी (सपा) नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का है।घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी मनीष कुमा वर्मा, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। घटना के संबंध में जिलाधिकारी वर्म ने बताया कि लखनऊ रोड पर चांदपुर गांव के सामने आदर्श कोल्ड स्टोर है। सोमवार दोपहर कोल्ड स्टोरेज में मजदूर आलू रखे रहे थे।



इसी बीच स्टोरेज का एक हिस्सा भराभराकर गिर गया, जिसकी वजह से अमोनिया गैस का पाइप फट गया। छत के मलबे में कई मजदूर मलबे में दब गये। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और जिला प्रशासन की टीम ने राहत बचाव कार्य कर मलबे से दबे सभी को बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हुई है, इनकी पहचान बिहार के रहने वाले ज्योतिष (32), प्रयागराज के फाफामऊ स्थित मलाका के चंदापुर गांव निवासी जगदीश, बिहार के मसिंदर और सनोज के रूप में हुई हैं। इसके अलावा अमरजीत, बच्चा कार्तिक समेत 15 घायल हुए हैं। बताया गया कि हादसे के वक्त वहां 120 लोग मौजूद थे।

## खबरें : एक नजर में

### फतुहा की बिटिया श्रेया ने किया कमाल : जिला टॉपर बनकर अब आईएएस बनने की ओर कदम

**फतुहा (एनएसबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा सोमवार को जारी इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणामों में फतुहा के मेधावियों ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणामों में फतुहा हाई स्कूल का दबदबा रहा, जहाँ से दो छात्रों ने राज्य और जिला स्तर पर उत्ष्ट प्रदर्शन किया है। इनमें सबसे प्रमुख नाम श्रेया कुमारी का है, जिन्होंने विज्ञान संकाय में 469 अंक प्राप्त कर पूरे पटना जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। अपनी इस स्वर्णिम सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए श्रेया ने स्पष्ट किया कि उनका अगला और



परिजन के साथ श्रेया कुमारी।

मुख्य लक्ष्य सिविल सेवा की तैयारी करना है। श्रेया ने कहा कि मेरा सपना एक अधिकारी बनकर समाज की सेवा करना और अपने माता-पिता के साथ-साथ फतुहा का नाम पूरे देश में रौशन करना है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने शिक्षकों और माता-पिता के अटूट विश्वास को दिया है। श्रेया की यह सफलता इसलिए भी विशेष है क्योंकि इसके पीछे उनके पिता संजीत साव (निवासी- गोविंदपुर) का कड़ा संघर्ष छिपा है। संजीत साव पेशे से एक सेल्समैन हैं और सीमित आय के बावजूद उन्होंने कभी बच्चों की पढ़ाई में कमी नहीं आने दी। सेल्समैन की नौकरी कर वह न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, बल्कि अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। श्रेया ने अपनी सफलता के साथ अपने पिता के इस त्याग को भी गौरवान्वित किया है। घर की सबसे बड़ी बेटी होने के नाते श्रेया पर घर की जिम्मेदारियां भी थीं। उनकी माता ने बताया कि श्रेया केवल किताबों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह पढ़ाई के साथ-साथ घर के सारे कामकाज में भी हाथ बँटाती है। प्रतिदिन 5 से 6 घंटे की एकाग्र पढ़ाई और अनुशासित जीवन ने ही उन्हें आज इस मुकाम पर पहुँचाया है। श्रेया के साथ-साथ इसी स्कूल के सर्वजीत कुमार ने भी कला संकाय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जिला टॉपर बनने की खबर फैलते ही गोविंदपुर इलाके में जश्न का माहौल है और लोग श्रेया के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

### प्रमुख के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव

**फतुहा (एनएसबी)।** सोमवार को प्रखंड कार्यालय में प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रधान लिपिक ने आवेदन लिया। उन्होंने बताया कि यह आवेदन बीडीओ को सौंप दिया जाएगा। बताते चलें कि अलावलपुर के पंचायत समिति सदस्य रवीन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में 12 सदस्यों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन कार्यालय की बड़ा बाबू गीता कुमारी को सौंपा गया। विदित हो कि पंचायत समिति के सदस्यों की कुल संख्या 18 है। अलावलपुर पंचायत समिति के सदस्य रवीन्द्र कुमार सिंह अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में 12 से भी अधिक सदस्यों का दावा कर रहे हैं। हालांकि अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए एक तिहाई यानी छह सदस्यों की ही जरुरत है। बीडीओ प्रतिनिधि गीता कुमारी ने बताया कि आवेदन मिला है, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### विश्व जल दिवस पर बिहार को राष्ट्रीय सम्मान

**पटना (एनएसबी)।** योजना एवं विकास विभाग को जल संसाधन से संबंधित महत्वपूर्ण गणनाओं के सफल संचालन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि विभाग की अपर मुख्य सचिव डा. एन विजयलक्ष्मी को प्रदान किया गया है। उनके साथ निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय रणजीत कुमार भी उपस्थित थे। यह पुरस्कार विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य पर नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में दिया गया है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने यह सम्मान उन्हें प्रदान किया। इस मौके पर जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना और राज भूषण चौधरी तथा विभागीय सचिव वीएल कांथा राव भी मौजूद थे।

यह सम्मान डा विजयलक्ष्मी को उनके मार्गदर्शन में योजना एवं विकास विभाग की ओर से 7वीं लघु सिंचाई गणना, दूसरी जल निकाय गणना एवं प्रथम स्प्रिंग्स (झरनों) की गणना जैसे उल्लेखनीय कार्यो को सफलतापूर्वक संपन्न करने की वजह से प्रदान किया गया है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डा एन विजयलक्ष्मी ने कहा कि यह सम्मान बिहार के लिए गर्व की बात है। अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों विशेषकर जून से अक्टूबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य तथा उसके पश्चात चुनावी दायित्वों के बावजूद हमारी टीम ने सीमित समय में इन महत्वपूर्ण गणनाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह उपलब्धि विभागीय समर्पण, टीम वर्क और प्रभावी नेतृत्व का परिणाम है। इन आंकड़ों से राज्य में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन एवं साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को नई दिशा मिलेगी। बिहार में की गई इन गणनाओं से प्राप्त आंकड़े राज्य में जल संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विभाग के स्तर पर किए कार्यो को जल संसाधन सेंसस के चार मानको पर परखने के बाद यह पुरस्कार दिया गया है। इसमें लघु सिंचाई की सातवीं गणना, जल निकायों की दूसरी गणना, जल स्त्रोतों की पहली गणना और वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की पहली गणना शामिल है। राज्य के योजना एवं विकास विभाग को शुरू की तीन श्रेणियों में पुरस्कार मिला है। जबकि सूबे के जल संसाधन विभाग को चौथी श्रेणी में बेहतरीन कार्य करने के लिए चयनित करते हुए पुरस्त किया गया है।

# आईपीआरडी पवेलियन में वर्चुअल सेल्फी प्वाइंट पर लोगों का हुजूम

**पटना (एनएसबी)।** पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय बिहार दिवस समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (आईपीआरडी) का पवेलियन दर्शकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां स्थापित वर्चुअल सेल्फी पइंट पर आगंतुकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मुफ्त फोटो खिंचवाने का अनोखा अवसर मिल रहा है। असल में यह एक डिजिटल जादू है, जिसमें लोग अखबारों में भी अपनी छपी तस्वीर की सेल्फी ले सकते हैं। पहले दिन ही इस वर्चुअल सेल्फी पइंट पर लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। यहां 300 से अधिक आगंतुकों ने उत्साह के साथ इस अनूठी सेल्फी का आनंद लिया। आगंतुक आईपीआरडी के स्टॉल पर उपलब्ध डिवाइस पर पहले अपना व्हाट्सएप मोबाइल नंबर दर्ज कराते हैं। इसके बाद उन्हें अपने पसंदीदा टेम्पलेट को चुनना है। इन टेम्प्लेट्स में गणमान्य लोगों के साथ सेल्फी के विकल्प के साथ समाचार पत्रों-पत्रिकाओं के कवर पर अपना फोटो लगाने का विकल्प उपलब्ध है। लिए गए सेल्फी को व्हाट्सएप नंबर पर भेज दिया जाता है। आईपीआरडी स्टल पर उपलब्ध यह सुविधा लोगों का मनोरंजन करने के साथ ही उत्सव में आने वालों के लिए एक यार पल को संजोयने का भी काम कर रहा है। गौरतलब है कि आईपीआरडी के स्टॉल पर बिहार सरकार की सभी प्रमुख योजनाओं को चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया जा रहा है। साथ ही लोक कलाकारों के स्तर से दी जा रही अनूठी प्रस्तुति भी लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। स्टल पर पुस्तक विक्रय केन्द्र भी लगाए गए हैं, जहां बिहार समाचार पत्रिका का वितरण मुफ्त में किया जा रहा है।




बिहार दिवस पर लाइट शो की एक झलक।

# देश है तब हम हैं : अरुण कुमार

**फतुहा (एनएसबी)।** मेरा युवा भारत, पटना, बिहार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में शहीद दिवस के अवसर पर प्रेम यूथ फाउंडेशन द्वारा शहीद दिवस पदयात्रा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अरुण कुमार साह, सूर्यकांत कुमार राज्य निदेशक, मेरा युवा भारत, पटना, बिहार, डीएसपी अवधेश कुमार , प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।

विधायक अरुण कुमार ने कहा कि आजादी के दीवानों का हम नमन करते है शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान से ही भारत आजाद हुआ है । हमें अपनी आजादी की रक्षा के लिए जान भी देना पड़े तो देना ही चाहिए । देश है तब हम है । वही डीएसपी अवधेश कुमार ने शहीदों को याद करते हुये कहा कि कितने मतबाले थे। ये नौजवान जो देश के लिए हँसते हँसते कुर्वानी दे दिया । हर भारतीय को भारत माता के सिपाही बनकर राष्ट्र की रक्षा के लिए काम करना चाहिए ।

राज्य निदेशक सूर्यकांत कुमार ने मेरा युवा भारत के कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि शहीदों को याद कर हमें गौरव की अनुभूति हो रही है ।

स्वतंत्रता सेनानी के परिजन अमर सिंह, एवं आनंद कुमार पाठक जी को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम




पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

के दौरान शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव सहित अन्य स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा भारत की स्वतंत्रता हेतु दिए गए सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में युवाओं को स्मरण कराया कि हमारे देश के वीर सपूतों ने किस प्रकार साहस और त्याग के बल पर आजादी की लड़ाई लड़ी और भारत को स्वतंत्र कराया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव सहित अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के सर्वोच्च बलिदान को जानें, समझें और उससे प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मेरा युवा भारत से संबंधित प्रेम यूथ फाउंडेशन द्वारा पदयात्रा का आयोजन किया गया, जो फतुहा हाई स्कूल से प्रारंभ होकर सीओ कार्यालय तक संपन्न हुई। पदयात्रा में राजद नगर अध्यक्ष डा दयानद यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, डा लक्ष्मी नारायण, कपिल देव प्रसाद, भाजपा नगर महामंत्री सुरजीत कुमार, आशीष पटेल डिम्पल, शिशुपाल कुमार, भुषन प्रसाद , एनसीसी के एनो साहिल कुमार , जादूगर शौरभ कुमार, एनवाईवी हिमांशु शर्मा समेत मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और राष्ट्रभक्ति की भावना का परिचय दिया।

# पटना के पास नौबतपुर में चिन्हित की गई 30 एकड़ जमीन, बनेगा बीएसएपी-1 का मुख्यालय

**पटना (एनएसबी)।** राजधानी पटना के अंदरूनी और बाहरी इलाकों को जाम से मुक्त कराने के लिए व्यापक स्तर पर कवायद शुरू कर दी गई है। जल्द ही पटना नगर निगम के प्रमुख इलाकों खासकर बाहरी यानी बाईपास, जीरो माईल समेत ऐसे अन्य स्थानों पर ट्रैफिक सिगल और उच्च क्षमता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

रोजाना जाम का झाम झेलने वाले ऐसे 20 से अधिक खास प्वाइंट चिन्हित किए गए हैं, जहां जल्द ही ट्रैफिक सिगल और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसकी जानकारी एडीजी (ट्रैफिक, मर्डनाइजेशन और एससीआरबी) सुधांशू कुमार ने दी। पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर रोजाना जाम लगने से लोगों को बेहद परेशानी उठानी पड़ती है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए यह पहल की जा रही है।

एडीजी ने कहा कि वर्तमान में पटना नगर निगम के क्षेत्र में 30 प्वाइंट ऐसे हैं, जहां सिगल और सीसीटीवी कैमरे लगा

> **राजधानी में 20 स्थानों पर लगेंगे ट्रैफिक सिगल और सीसीटीवी**
>
> **राजधानी को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए की जा रही व्यापक कवायद**
>
> **वर्तमान में ऐसे 30 प्वाइंट को चिन्हित कर लगाए जा चुके हैं ट्रैफिक सिगल और सीसीटीवी**

चुके हैं। इनकी मदद से ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ जुर्माना लगाने समेत अन्य सख्त कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने कहा कि पटना समेत सभी चार



जानकारी देते एडीजी (ट्रैफिक, मईनाइजेशन और एससीआरबी) सुधांशू कुमार।

स्मार्ट सिटी और तमाम प्रमंडलीय मुख्यालयों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए चिन्हित किए गए सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कमैरे और सिगल लगाने की योजना है।

उच्च क्षमता वाले इन सीसीटीवी कैमरों की मदद से नियम तोड़ने वाले वाहनों की पहचान कर उनका पूरा विवरण निकाला जाता है और फिर इसके आधार पर जुर्माना किया जाता है या कार्रवाई की जाती है।

**नौबतपुर में बनेगा बीसैप-1 का मुख्यालय :** बिहार विशेष सहायक पुलिस (बीसैप)-1 का कार्यालय पटना के पास नौबतपुर में बनने जा रहा है। यहां इसके लिए 30 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गई है। जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द शुरू होने जा रही है और इसके लिए 40 करोड़ रुपये की स्वीति भी दे दी गई है। इसके अलावा पिछले तीन महीनों के दौरान 49 करोड़ 78 लाख रुपये के अलग-अलग भवनों की स्वीति भी प्रदान की गई है। इसमें चार थाना भवन, एक एसपी आवास सह कार्यालय और दो अनुमंडल स्तरीय कार्यालय शामिल हैं। इन स्भी स्थानों पर जल्द ही निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। सभी थानों के भवन तीन मंजिला होंगे और इनमें सभी जरूरी फर्निचर भी लगाए जाएंगे।

## गांधी मैदान में बिहार दिवस का जश्न : स्वास्थ्य सेवा का तोहफा, 3 दिवसीय शिविर में उमड़ रही भीड़, शिविर में बीपी-शुगर, कैंसर स्क्रीनिंग के साथ ईसीजी और स्वास्थ्य जांच की है सुविधा

**पटना (एनएसबी)।** बिहार दिवस पर गांधी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय उत्सव पटना और आसपास के जिलों के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहां लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों में हजारों लोगों का मुफ्त स्वास्थ्य जांच और परामर्श मिल रहा है।

लोगों को दवाएं भी मुफ्त में उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसका लाभ उठाने वालों में सबसे अधिक आंख के रोगी हैं। जांच के बाद जरुरतमंदों को चश्मा और दवाएं भी दी जा रही हैं।

बिहार दिवस पर राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से गांधी मैदान में वृहद कैंप का आयोजन किया गया है। कुल 17 स्टाल के माध्यम से शिविर में पहुंचने वाले लोगों को अलग-अलग स्वास्थ्य जांच और परामर्श का लाभ दिया जा रहा है। आंकड़ों पर गौर करें तो शिविर में रविवार और सोमवार को मिलाकर करीब 700 लोगों की आंख जांच के बाद उन्हें परामर्श दिया गया। जरूरत पड़ने पर रोगियों को मुफ्त चश्मा के साथ दवाएं भी दी गईं।

ट्राइकग के राज्य प्रबंधक अभिजीत शुक्ला ने बताया कि पिछले दो दिनों में करीब 200 लोगों का मुफ्त ईसीजी किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां ईसीजी कराने वाले करीब 50 फीसदी लोगों में हृदय रोग के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे लोगों की जांच रिपोर्ट एमडी मेडिसिन और कर्डियोलजिस्ट को अनलाइन दिखाने के बाद उचित परामर्श दिया जा रहा है। इसी क्रम में शिविर में करीब 250 लोगों का ब्लड प्रेशर, 200 से अधिक लोगों का ब्लड शुगर, 200 का फिजियोथेरेपी और 200 का कैंसर स्क्रीनिंग की गई।

**हेल्थ अकाउंट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, 200 से अधिक बने आयुष्मान कार्ड :** तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में आने वाले लोगों का बड़ी संख्या में आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनाने पर जोर दिया जा रहा है ताकि मरीजों का हेल्थ रिपोर्ट एप पर सुरक्षित रखा जा सके और उसका भविष्य में किसी भी बीमारी के इलाज में लाभ मिल सके। शिविर में आने वाले करीब एक हजार लोगों का आभा एप पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया और 200 से भी अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

## कला एवं संस्कृति पवेलियन में कलाकार सिखा रहे पारंपरिक कला

**पटना (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर कला एवं संस्ति विभाग के पवेलियन में पारंपरिक कलाओं को सीखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। यहां मधुबनी पेंटिंग और सिक्की कला के कलाकार न केवल अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि लोगों को इन पारंपरिक कलाओं की बारीकियां भी सिखा रहे हैं।

पवेलियन में मधुबनी पेंटिंग की कलाकार शिवानी मिश्रा और सिक्की कला के कलाकार आगंतुकों को इस कला की बारीक तकनीक, रंगों के उपयोग, डिजाइन और पारंपरिक शैली के बारे में जानकारी दे रहे हैं। बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और महिलाएं इन कलाकारों से सीधे सीख रहे हैं और खुद भी पेंटिंग बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

इसके साथ ही मधुबनी से आए कलाकार राम कुमार पंडित लोगों को मिट्टी से बर्तन और अन्य उपयोगी सामग्री बनाना सिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कल उद्घाटन से लेकर अब तक 500 से अधिक लोग यहां आकर मिट्टी से विभिन्न उत्पाद बना चुके हैं, जिनमें से लगभग 100 उत्पाद पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। लोगों में मिट्टी के बर्तन बनाने को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है, खासकर बच्चों में इसे लेकर विशेष रुचि है।

इस स्टल में 'मेरा नाम जोकर' के चार्ली चैपलिन की वेशभूषा में कलाकार रजत भी लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। चार्लि चैपलिन के रूप में कलाकार की प्रस्तुति बच्चों और बड़ों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है और लोग उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवा रहे हैं।

पवेलियन में इसके अलावा मधुबनी चित्रकला, टिकुली कला, मंजूषा कला, जूट शिल्प और सुजनी कला के भी स्टल लगाए गए हैं, जहां कलाकार अपनी कलातियों का प्रदर्शन और बिक्री कर रहे हैं। इसके साथ ही वहां क्षेत्रीय भाषा में कलाकार गायन वादन की प्रस्तुति भी दे रहे हैं।

# बिहार विधानसभा चुनाव रद्द करने की मांग को लेकर जन सुराज ने हाईकोर्ट का किया रुख, सरकार पर गंभीर आरोप

**पटना (एनएसबी)।** जन सुराज पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव को रद्द करने की मांग को लेकर अब हाईकोर्ट का रुख किया है। इस संबंध में जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने आज पटना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मनोज भारती ने कहा कि वाई वी गिरी जी की सहायता से एक याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की गई है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में यह याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें पहले हाईकोर्ट का रुख करने की अनुमति (लिबर्टी) दी थी।

उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार सरकार ने 9 अगस्त 2025 को कैबिनेट निर्णय के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को मंजूरी दी, उस समय सभी राजनीतिक दल चुनाव की तैयारियों में लगे हुए थे। इसके बाद 1 सितंबर



जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती।

2025 को योजना की गाइडलाइन जारी की गई, जिसमें बाद में जीविका दीदियों को जोड़ा गया।

मनोज भारती ने कहा कि 26 सितंबर 2025 को पहली किस्त के तहत 75 लाख महिलाओं को, 3 अक्टूबर 2025 को दूसरी किस्त के तहत 25 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपये दिए गए। 6 अक्टूबर 2025 को आचार संहिता लागू होने के दिन ही तीसरी किस्त जारी की गई, जिसमें 21 लाख महिलाओं को लाभ दिया गया। इसके बाद 17 अक्टूबर 2025 को, आचार संहिता लागू होने के बावजूद, चौथी किस्त के तहत लगभग 35 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपये दिए गए।

उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान इस प्रकार का लाभ वितरण आचार संहिता का उल्लंघन है और यह एक मजबूत कानूनी मामला बनता है। इसी आधार पर जन सुराज ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

इसके अलावा, मनोज भारती ने कहा कि चुनाव के बाद से हर सप्ताह 2-4 ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिनमें हत्या या बच्चियों के साथ दुष्कर्म जैसी गंभीर घटनाएं शामिल हैं, और इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बिहार में बढ़ती अफसरशाही पर भी चिंता जताई। इस मौके पर अशोक दूबे और सुभाष कुशवाहा भी मौजूद रहे ।

# बिहार दिवस समारोह : छठ गीतों के माध्यम से दिया गया स्वच्छता का संदेश

**पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार द्वारा गांधी मैदान में आयोजित बिहार दिवस समारोह के तहत पटना नगर निगम के सांस्कृतिक मंच पर छठ गीतों के माध्यम से स्वच्छ बिहार, स्वच्छ पटना का संदेश दिया गया। दूसरे दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन पटना की महापौर सीता साहू द्वारा किया गया ।

उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पटना शहर को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए सभी अपनी-अपनी ओर से प्रयास करें।

पटना नगर निगम की स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डा नीतू कुमारी नवगीत ने लोक आस्था के महापर्व छठ की शुभकामना देते हुए पारंपरिक छठ गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव झाँके झुंके, काँच ही बाँस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए, पटना के घाट पर हमहूँ अरगिया देवई हे छठी मैया, काठ ही आठ के केवड़िया हो दीनानाथ इत्यादि छठ गीतों को गाकर माहौल को पूरी तरह से भक्तिमय कर दिया।

उन्होंने कहा कि महापर्व छठ आस्था और विश्वास का महापर्व तो है ही, स्वच्छता का भी महापर्व है। स्वच्छता के जिस तरह के उच्च मानक इस महापर्व के दौरान अपनाए जाते हैं, उसे हमें सालों भर अपनाना है और पूरे पटना को चकाचक बनाए रखना है । सांस्कृतिक कार्यक्रम में नीतू नवगीत ने माँ दुर्गा के स्तोत्र, देवी पचरा, झुलेली झूलनवाँ मैया, घर घर अलख जगायेंगे स्वच्छ पटना बनेगा जैसे गीतों की प्रस्तुति की। नीतू नवगीत के अलावा राकेश कुमार ( लोकगायक एवं सूफी गायक), लाडली पांडेय ( लोकगायिका),पंकज देव और चंद्र भूषण ने पारंपरिक लोकगीत गाए। उनके साथ वादक कलाकारों में कैसियो पर संजय मिश्रा,पैड पर प्रिंस, ढोलक पर धनंजय कुमार और बैंजो पर अशोक कुमार ने शानदार तरीके से संगत किया। नवगीतिका लोक रसधार के कलाकारों के द्वारा बिहार गौरव गाथा, दोमकच,कजरी,झिझिया, सोहर, जट जटिन, स्वच्छता आधारित नृत्य की शानदार प्रस्तुति हुई । लोक नृत्य प्रस्तुत करने वाले कलाकारों में राजू कुमार, आरती कुमारी, विजया कुमारी, अंकिता कुमारी, सलोनी कुमारी, माही कुमारी, रितु कुमार, अंकुश राज, सत्यम कुमार, गोलू कुमार, अभिषेक कुमार और अमित कुमार शामिल रहे।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ । स्वच्छता के रंग युवा कवियों के संग कार्यक्रम में युवा कवियों ने एक से बढ़कर एक स्वच्छता आधारित कविताओं का वाचन किया। स्वच्छता के रंग, युवा कवियों के संग कार्यक्रम का आयोजन संजय कुमार कुंदन की अध्यक्षता में किया गया जिसमें आराधना प्रसाद, ज्योति झा , अविनाश बन्धु , रवि किशन , विकास कुमार, मोहम्मद इरशाद सिद्दीकी शिबू, कुमार अमरेश सहित अनेक युवा कवियों ने अपनी कविताओं का पाठ किया और पटना को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया।

**डा. नीतू कुमारी नवगीत ने पारंपरिक छठ गीतों की शानदार प्रस्तुति दी**



सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन पटना की महापौर सीता साहू द्वारा किया गया । साथ में पटना नगर निगम की स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डा. नीतू कुमारी नवगीत व अन्य।

## मुख्यमंत्री नीरा संवर्धन योजना के तहत नीरा उत्पादन और लाइसेंस नवीकरण की प्रक्रिया शुरू

पटना **(एनएसबी)।** राज्य में नीरा के उत्पादन और बिक्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित 'मुख्यमंत्री नीरा संवर्धन योजना' को वर्ष 2025 से लागू किया गया है। इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2026 के नीरा सीजन (अप्रैल से जुलाई, 2026) में व्यापक रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। 'बिहार नीरा (ताड़ का खमीर मुक्त रस) नियमावली, 2017' के प्रावधानों के अनुसार ताड़ के पेड़ों से नीरा निकालने के लिए टैपर्स को लाइसेंस प्रदान किया जाता है, जिसका नवीकरण प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अनिवार्य रूप से किया जाता है।

मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग के स्तर से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका के साथ समन्वय स्थापित करते हुए वर्ष 2025-26 में लाइसेंस प्राप्त सभी टैपर्स के लाइसेंस का नवीकरण वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सुनिश्चित करें। साथ ही नए टैपर्स से प्राप्त आवेदनों की जांच कर उन्हें शीघ्र लाइसेंस भी निर्गत किया जाए। राज्य सरकार का उद्देश्य इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का सृजन करना व नीरा को एक स्वास्थ्यवर्धक पेय के रूप में व्यापक रूप से प्रोत्साहित करना है। नीरा ताड़ के पेड़ों से प्राप्त खमीर-मुक्त प्रातिक रस है। इसके निकालने का कार्य सिर्फ लाइसेंस प्राप्त टैपर्स ही कर सकते हैं। जीविका नीरा उत्पाद समूह के साथ पंजीत टैपर्स को मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग की तरफ से विधिवत लाइसेंस प्रदान जारी किया जाता है, जिसके आधार पर वे नीरा निकालते हैं।

# किसान के बेटे ने इंटर साइंस की परीक्षा में राज्य में पाया चौथा स्थान

## स्टेट टॉपर्स में शामिल सत्यम कुमार ने बढ़ाया दरभंगा जिले का मान

**शंभू कुमार गुड्डू**

**सिंहवाड़ा।** ग्रामीण क्षेत्र के सत्यम कुमार ने इंटरमीडिएट साइंस की परीक्षा में स्टेट टॉपर में जगह बनाकर परिवार, गांव ही नहीं इलाके खुशी की लहर दौड़ गई। जिला में प्रथम स्थान लाकर उसने दरभंगा का नाम रोशन किया है। 476 अंक लाकर उसने राज्य में चौथा स्थान प्राप्त किया है। छात्र सत्यम कुमार प्लस टू उत्क्रमित मध्य विद्यालय सनहपुर में पढ़ कर गांव से तैयारी कर यह सफलता हासिल की है।

उसने सफलता का श्रेय वह अपने माता-पिता एवं शिक्षक को दिया है। किसान पिता मुन्ना सरकार एवं गृहणी माता गीता देवी के बड़ा पुत्र सत्यम कुमार को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उसका दूसरा भाई आदर्श कुमार दसवी कक्षा मे पढाई कर रहा है। घर मुजफ्फरपुर जिला के कटरा थाना के लखनपुर पंचायत के वार्ड 11 मे है। दरभंगा जिला के सीमावर्ती क्षेत्र में घर होने के कारण सत्यम घर से ही विद्यालय जाकर पढ़ाई पूरी की है। इसके विद्यालय के एचएम अविनाश कुमार ने बताया कि यह छात्र शुरू से ही मेहनती रहा है। 20 मार्च 2026 को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा



इंटर साइंस का चतुर्थ स्टेट टॉपर सत्यम कुमार।

इसे टॉपर्स वेरिफिकेशन में बुलाया गया था। विद्यालय से सत्यम के साथ पटना मैं गया था। वहां इसके जवाब से संतुष्ट होकर अधिकारियों ने इसकी पीठ थपथपाई थी। सत्यम अपने रैंक को लेकर पूरी तरह आश्वस्त था। वह आगे चलकर कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में अपना सेवा देना चाहता है। सत्यम ने बताया कि ग्रामीण परिवेश में रहकर भी अगर छात्र ईमानदारी से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहता है तो सफलता निश्चित मिलती है।

**सत्यम ने आगे चलकर कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में कॅरियर बनाने की इच्छा जताई**

स्टेट टॉपर के लिस्ट में आने की सूचना से स्थानीय विधायक सह पुर्व मंत्री जीवेश कुमार, बसपा जिलाध्यक्ष सूनील कुमार मंडल, मुखिया संघ के संरक्षक अहमद अली तमन्ने, बिद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य देवानन्द कर्ण, राष्ट्रीय महामंत्री अमित शाह यूथ ब्रिगेड के शिवदत्त ठाकुर, सनहपुर पंचायत के मुखिया अमित कुमार चौरसिया पंचायत समिति सदस्य इंद्रजीत भगत, गुड्डू चौरसिया, अशोक चौरसिया, शिक्षाविद निर्भय कुमार आदि ने सत्यम को बधाई संदेश भेजा है।

## इंटर आर्ट्स की परीक्षा में 477 अंक हासिल कर निशु ने राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया


परिवार के साथ खुशी मनाती सेकेंड्री स्कूल बरूआरा की छात्रा निशु कुमारी।

**अशोक कुमार लाल देव**

**बहादुरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के बरूआरा पंचायत के +2 सेकेंड्री स्कूल बरूआरा की छात्रा निशु कुमारी ने सोमवार को बिहार बोर्ड की इंटर आर्ट की परीक्षा परिणाम में कुल 477 अंक हासिल के राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बताया जाता है कि छात्रा निशू कुमारी बचपन से पढ़ाई में काफी मेहनती थी। जो वर्ष 2024 में मैट्रिक की परीक्षा में 477 अंक प्राप्त कर जिला के तीसरे स्थान प्राप्त किया था। निशू कुमारी की पिता सुवेश तिवारी पेशे से किसान एवं माता रूबी देवी आंगनवाड़ी सेविका है। छात्रा निशू कुमारी तीन भाई बहन में दूसरे स्थान पर है। यह बचपन से ही अपने नाना नानी एवं मामा के पास रह कर पढ़ाई किया है। छात्रा ने बताई की मैट्रिक एवं इंटर की बेहतर परिणाम श्रेय माता पिता के साथ साथ नाना रमेश ठाकुर,नानी नूतन देवी, मामा रमेश ठाकुर एवं ब्राइट फ्यूचर एकेडमिक के संचालक सह शिक्षक मंजय कुमार का पूर्ण सहयोग है। मैं पढ़ लिख कर देश के सर्वश्रेष्ठ परीक्षा यूपीएससी पास कर गांव,जिला राज्य समेत देश का नाम रौशन

**जिले की टॉपर निशु कुमारी के पिता किसान और माता है आंगनबाड़ी सेविका**

करना चाहती हूं। छात्रा की नाना नानी एवं पिता सुवेश तिवारी ने बताया कि मेरी बच्ची जहां तक पढ़ेगी वहां तक पढ़ाने की काम करेंगे। छात्रा की बधाई देने के लिए बरूआरा पंचायत के वार्ड संख्या 9 वार्ड सदस्य गोविंद झा, जदयू नेता अमर कुमार,ब्राइट फ्यूचर एकेडमिक के संचालक सह शिक्षक मंजय कुमार व दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### असली सोने की जगह नकली रखकर भागने वाली दो महिला गिरफ्तार

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के भरवाड़ा नगर पंचायत मे 20 मार्च को नकली नोज पिन रखकर असली सोना का नोजपीन मामले मे सिंहवाड़ा पुलिस ने सोमवार को दो महिला को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार महिला समस्तीपुर जिले के नगर थाना गोला रोड निवासी झुम्मी देवी, वारिस नगर थाना क्षेत्र के मगरदही गांव निवासी गौरी देवी बताया गया है। पुलिस ने उसके पास से 03 ओरिजिनल गोल्ड नोज पिन, 77 पीस रोल गोल्ड का नोस पीन, 1400 रुपया एवं दो मोबाइल भी बरामद किया है। बताया गया है की दोनो महिला सोमवार को भरवाड़ा मे सोने चांदी की दुकान पर नोज लेने पहुंची थी। दुकानदार को शक हुआ तो उसने सिंहवाड़ा थाना की पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस ने उससे पुछताछ की तो उसने नोज पिन गायब करने की बात स्वीकार कर लिया। ज्ञात हो की बीस मार्च को भरवाड़ा स्थित बौका चौक पर खरीदारी के लिए पहुंची दो महिलाएं दुकानदार को धोखा देकर सोने के दो नोज पिन लेकर गायब हो गई। इस मामले में रितिक रोशन ज्वेलर्स के व्यवस्थापक फेकन ठाकुर ने सिंहवाड़ा थाना में एफआईआर दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### बिना नंबर प्लेट वाली पांच मोटरसाइकिलें जप्त

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रशिक्षु डीएसपी सह प्रभारी थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने सोमवार को बेनीपुर व्यवहार न्यायालय परिसर से तीन संदिग्ध बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिलें जप्त कर लीं। थानाध्यक्ष कुमार ने बताया कि जप्त वाहनों पर आगे या पीछे कहीं भी नंबर प्लेट नहीं था। क्षेत्र में बिना नंबर के दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल असमाजिक तत्व अपराधों में कर रहे हैं, खासकर हाल के मोटरसाइकिल चोरी के मामलों के बीच। पुलिस असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रख रही है, जिसमें वाहनों की नियमित जांच शामिल है।न्यायालय परिसर से जप्त इन मोटरसाइकिलों के मालिकों का काफी इंतजार किया गया, लेकिन कोई दावेदार नहीं आया। इसलिए इन्हें थाने में जमा किया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने कहा कि यह प्रक्रिया अब और तेज की जाएगी। इससे पहले भी दो ऐसी बिना नंबर वाली मोटरसाइकिलें जप्त हो चुकी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि गाड़ी के कागजात दिखाकर दावा करने वाले को जुमार्ना काटकर वाहन लौटा दिया जाएगा

### विनियोग विधेयक 2026 केवल खर्च नहीं, देश के भविष्य का रोडमैप : डॉ. धर्मशीला गुप्ता

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने विनियोग संख्यांक-2 विधेयक, 2026 के समर्थन में सदन में कहा



कि यह विधेयक केवल व्यय की स्वीकृति भर नहीं है, बल्कि यह भारत की विकास यात्रा को गति देने वाला, हमारी सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाला और समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने वाला एक व्यापक दृष्टिपत्र है। आज भारतीय राजनीति में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के सर्वाधिक लंबे समय तक सेवा देने वाले शासन प्रमुख बनने पर हार्दिक बधाई। मोदी जी ने गुजरात के मुख्यमंत्री और अब प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल को मिलाकर 8,931 दिन पूरे कर लिए हैं, जो एक दुर्लभ और उल्लेखनीय उपलब्धि है तथा दशकों की निरंतर सार्वजनिक सेवा और नेतृत्व को दशार्ती है। यह उपलब्धि दृढ़ता, अनुभव और निरंतर जनसमर्थन को रेखांकित करती है। इस विधेयक के माध्यम से वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की संचित निधि से सोलह सौ अट्ठाईस खरब, इकतालीस अरब, तीस करोड़, छह लाख रुपये तक की राशि के विनियोग का प्रावधान किया गया है, जो भविष्य निर्माण के मार्ग पर देश के अग्रसर होने का प्रतीक है। विश्व अस्थिरताओं के दौर से गुजर रहा है, लेकिन भारत ने संयम, संतुलन और शक्ति का उदाहरण प्रस्तुत किया है। देश की सुरक्षा क्षमता को मजबूत करने के लिए रक्षा सेवाओं के राजस्व व्यय और पूंजीगत आधुनिकीकरण हेतु बड़े प्रावधान किए गए हैं, जो सैनिकों के मनोबल और सीमाओं की सुरक्षा का संकल्प हैं।

## इंटर परीक्षा में 'मैक्स फिजिक्स' का दबदबा

### शिव कुमार साह बने संस्थान टॉपर, चांदनी को फिजिक्स में 94 अंक


खुशी मनाते मैथ फिजिक्स के निदेशक एवं छात्र-छात्राएं।

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित होने के बाद 'मैक्स फिजिक्स' के छात्रों ने अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। संस्थान के निदेशक फिजिकल के शिक्षक इंजीनियर नवनीत भार्गव के मार्गदर्शन में संस्थान ने इस वर्ष भी सफलता के पुराने सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त करते हुए एक नया इतिहास रच दिया है। मधुबनी जिले के जयनगर निवासी शिव कुमार साह ने कुल 460 अंक प्राप्त कर संस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

विषयवार प्रदर्शन में चांदनी कुमारी ने भौतिकी जैसे कठिन विषय में 94 अंक हासिल कर संस्थान में हाईएस्ट स्कोरर बनने का गौरव प्राप्त किया है। यहाँ पढ़ने वाले 75प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राओं ने फिजिक्स में 'डिस्टिंक्शन' 75 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। वहीं, कोचिंग के कुल छात्रों में से 80 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

## जेएमएस मैथमेटिक्स का फिर रहा जिला में सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट



सफल छात्रों के साथ जे एम एस के संस्थापक एम के राय।

**दरभंगा (एनएसबी)।** 12वीं बोर्ड का रिजल्ट आते ही जेएमएस मैथमेटिक्स में खुशी की लहर दौर गई। अधिकांश बच्चों ने गणित में 90 से अधिक अंक लाकर जिला में फिर से रचा इतिहास। बच्चों ने बताया कि उनका सिलेबस बहुत अच्छे तरीके से समाप्त होने के कारण और कोचिंग में रेगुलर टेस्ट होने के कारण उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ है। जेएमएस मैथमेटिक्स के संस्थापक एम के राय सर ने बताया कि कड़ी मेहनत और कठिन परिश्रम का फल आज रिजल्ट के रूप में देखने को मिला । उन्होंने बताया कि पिछले 19 सालों से लगातार संस्थान ने जिला में सबसे सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट दिया है।

संस्थान के अभी तक के सफल छात्रों में प्रकाश कुमार गणित में 98, विकास कुमार गणित में 97, राहुल कुमार गणित में 95, सौरभ कुमार गणित में 95, प्रिंस कुमार गणित में 94, गुडडू कुमार गणित में 94, अमन कुमार गणित में 94, सूरज कुमार गणित में 94, सोनू कुमार गणित में 94, संतोष कुमार गणित में 93, स्नेहा ठाकुर गणित में 93, राहुल कुमार गणित में 91, अनु कुमारी गणित में 90, विनोद कुमार गणित में 90, सोनू कुमार गणित में 90, हिमांशु कुमार गणित में 90, गोपाल कुमार गणित में 90, आदि शामिल है। संस्थान के निदेशक एम के राय सर ने सफल छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी है।

## अन्टौर गांव निवासी संगम ने प्राप्त किया 80 प्रतिशत अंक, गांव में खुशी का माहौल

**अलीनगर (एनएसबी)।** अलीनगर प्रखंड के अन्टौर गांव निवासी प्रमोद पासवान व गृहिणी संगीता देवी के पुत्र संगम कुमार पासवान ने इंटर मीडिएट परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। संगम कुमार पासवान ने बताया कि कड़ी मेहनत, माता-पिता व शिक्षक के सहयोग से सफलता मिली है। इनलोगों के मार्ग दर्शन में सही दिशा में मेहनत करने पर सफल हुए हैं। संगम ने 500 में 400 अंक हासिल किया है।


संगम को मिठाई खिलाते माँ व भाई।

## एस के मैथमेटिक्स ने बिहार बोर्ड परिणाम में रचा कीर्तिमान

**दरभंगा (एनएसबी)।** 23 मार्च, 2026 को बिहार बोर्ड ने अपना 12वीं का परिणाम प्रकाशित किया और इस परिणाम में दरभंगा शहर के सर्वोदय स्कूल के निकट न्यू गंगासागर गीता काम्प्लेक्स में अवस्थित एस के मैथमेटिक्स ने सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट दिया। पिछले साल की तरह इस बार भी दरभंगा में बेहतरीन परिणाम दिए।

पिछले साल भी मैथ में एक छात्र को 99 मार्क्स आया था। इस बार अभिषेक को 379 मैथ में 97, साहिन को 396 मैथ में 96,अनु को 410 मैथ में 95, करण को 440 मैथ में 94,



एस के मैथमेटिक्स के सफल छात्र-छात्राएं।

शाहिद को 424 मैथ में 94, दीपक को 390 मैथ में 94, दुर्गेश को 390 मैथ में 92, आनंद को 373 मैथ में 92, श्याम देव को 319 मैथ में 90, विक्रम को 344 मैथ में 91,रिशु को 399 मैथ में 88, उदय को 393 मैथ में 94, नीतीश को 366 मैथ में 95 अंक प्राप्त किए, जिसमें उनके अभी तक जो परिणाम प्राप्त हुए उसके हिसाब से लगभग संस्थान के सभी बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। एसके मैथमेटिक्स के संस्थापक इंजीनियर संजीत कुमार ने बताया कि इस बार भी अच्छा शानदार प्रदर्शन रहा। छात्रों का प्यार और भरोसा हमें और आगे बढ़ने के लिए अग्रसर करता है।

छात्रों के परिणाम शिक्षकों के लिए काफी ही ऊजार्वान होते हैं और शिक्षक हमेशा छात्र के बेहतर भविष्य की परिकल्पना करते हैं। संस्थापक इंजीनियर संजीत कुमार ने बताया कि हम अभी बोर्ड परिणाम से जितने ज्यादा खुश है, भविष्य में यह भी परिकल्पना करते हैं कि दरभंगा से जेईई मेंस एडवांस जैसे कॉन्पिटिटिव एग्जामिनेशन में भी बेहतरीन परिणाम देंगे और इसके लिए हम छात्रों के बीच उनके साथ दिन रात लगे रहते हैं।

## बहेड़ा थाना क्षेत्र में छठीहार विवाद में मारपीट, 7 घायल

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के महिनाम गांव के धीरे टोला में रविवार देर शाम दो पक्षों के बीच छठीहार समारोह के दौरान मारपीट हो गई। इस घटना में चार महिलाओं सहित सात लोग घायल हो गए। घायलों में प्रथम पक्ष से रिंकू देवी और अरुण देवी, जबकि द्वितीय पक्ष से मुन्ना देवी, प्रमीला देवी, सोनी देवी, रीता देवी तथा चंद्रावली कमती शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, सोपान कमती को तीन पुत्रियों के बाद एक पुत्र प्राप्त हुआ था। रविवार को छठीहार मनाने के लिए डीजे के साथ भोज की व्यवस्था की गई। डीजे के गीतों पर नाचने को लेकर विवाद शुरू हुआ। मुन्ना कमती और चंद्रावली कमती आदि को डांस करने को कहा गया, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को 31 मार्च तक हर हाल में ऑनलाइन जीवन प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण करने का निर्देश

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विकास मित्र एवं पंचायत सचिव के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिला में कुल पेंशनधारी की संख्या 4 लाख 85 हजार से अधिक है। इसमें 11,459 बहादुरपुर, दरभंगा सदर 16,635, जाले 11956, सिंघवारा में 11742 बायोमेट्रिक जीवंत प्रमाण पत्र नहीं हुआ है। जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लिया है और शख्त निर्देश दिया है कि 31 मार्च 2026तक सभी का जीवंत प्रमाण पत्र उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। इस कार्य को मिशन मोड में करने का निर्देश दिया गया। पंचायत स्तर पर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर डोर-टू-डोर भौतिक सत्यापन एवं बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने मृत पेंशनधारियों को पोर्टल पर डेथ मार्क करने तथा इस संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

## डॉ. राम मनोहर लोहिया दूरदर्शी समाजवादी चिंतक जिन्होंने देश की राजनीति को नई दिशा दी : मन्नू चौधरी

# लोहिया जी के आदर्श आज भी समाज को दे रही नई दिशा

**दरभंगा (एनएसबी)।** महान समाजवादी चिंतक एवं स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती के अवसर पर लोहिया जयंती सह उत्कृष्ट सम्मान समारोह का भव्य आयोजन रविवार को वाणिज्य प्रकोष्ठ द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय पासवान और भाजपा विधायक मिथिलेश तिवारी की मौजूदगी में प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता वाणिज्य प्रकोष्ठ, भाजपा बिहार के प्रदेश संयोजक डॉ. प्रो. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने की। इस अवसर पर समाज, व्यापार एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कई विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। संचालन सौरभ भगत ने


कार्यक्रम में मंत्री राम कृपाल यादव का स्वागत करते मन्नू चौधरी।

किया। वहीं स्वागत भाषण करते हुए कार्यक्रम के संयोजक एवं समाजसेवी मन्नू चौधरी ने कहा की हम सभी महान व्यक्ति डॉ. राम मनोहर लोहिया जी की जयंती की पूर्व संध्या पर एकत्रित हुए हैं, जिनका नाम भारतीय राजनीति और सामाजिक चेतना में सदैव स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

डॉ. राम मनोहर लोहिया केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं थे, बल्कि वे एक दूरदर्शी समाजवादी चिंतक और जननायक थे, जिन्होंने देश की राजनीति को नई दिशा दी। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष में सक्रिय भूमिका निभाई, भारत छोड़ो आंदोलन के अग्रणी नेताओं में शामिल रहे और कई बार जेल की यातनाएं सहीं लेकिन उनके संकल्प और राष्ट्रभक्ति में कभी कमी नहीं आई। उन्होंने सप्त क्रांति

**वाणिज्य प्रकोष्ठ ने किया लोहिया जयंती सह उत्कृष्ट सम्मान समारोह आयोजित**

का सिद्धांत देकर समाज में व्याप्त असमानताओं के खिलाफ एक व्यापक और क्रांतिकारी विचार प्रस्तुत किया।

उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि परिवर्तन केवल विचारों से नहीं, बल्कि संघर्ष और संकल्प से आता है। उनका यह प्रसिद्ध कथन "जिंदा कौमें पाँच साल इंतजार नहीं करती, आज भी हमें जागरूक, सक्रिय और राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। समाज और अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रमुख व्यक्तियों को मोमेंटो व बुके देकर सम्मानित किया गया, जिसमें डॉ. सुनील अग्रवाल, अधिवक्ता पार्थ सारथी, आरकेडी के प्रिंसिपल दिवाकर प्रसाद, चैंबर आफ कॉमर्स के अध्यक्ष रामलाल खेतान, अर्पिता गुप्ता, डॉ. गौतम कुमार, अधिवक्ता मिथिलेश कुमार गुप्ता, अधिवक्ता मनोज गुप्ता, रियल स्टेट से जुड़े दुर्गेश कुमार सोनू एवं अन्य शामिल हैं। समारोह में मंच पर सह राजेश्वर प्रसाद राजेश, मिंटू जायसवाल, अजय गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता, पवन जायसवाल, सोनू गुप्ता, चितरंजन महतो, इंद्रभान सिंह, संजीव कुमार पाल, प्रिंस कुमार गुप्ता, जयश्री, राजीव कुमार सिंह, संजन जायसवाल, सुशील सिंह, रूपा रानी साह, राजकुमार रश्मि, नागेन्द्र साह, प्रवक्ता नरेश महतो आदि ने अपने विचार व्यक्त किया।

## 17 गैस एजेंसी, होटलों में हुआ औचक छापा

**24 मार्च को 17,387 गैस सिलेंडर वितरण होने की है संभावना**

**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रेस क्लब, दरभंगा में उप निदेशक, जन सम्पर्क सत्येन्द्र प्रसाद एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुरेश कुमार ने संयुक्त रूप से एल.पी.जी गैस वितरण को लेकर प्रेस वार्ता किया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने संवाददाता को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के सभी गैस एजेंसियों के कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वरीय पदाधिकारियों के द्वारा 17 गोदामों एवं होटलों पर औचक निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि दरभंगा जिलान्तर्गत संचालित एल.पी.जी. गैस एजेसियों द्वारा 23 मार्च को 8,785 से अधिक गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया है, जबकि 7,643 सिलेंडर एजेसिंयों के गोदामों में शेष हैं। दरभंगा जिला में 24 मार्च 2026 को 9,744 एल.पी.जी. गैस सिलेंडर आने की संभावना है। साथ ही 17,387 गैस सिलेंडर 24 मार्च को वितरण के लिए उपलब्ध रहेगा।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। नागरिक अपने घरों में गैस को अनावश्यक जमा नहीं करें। जिला में सभी एजेंसियों के द्वारा घरेलू गैस का डोर-टू-डोर वितरण किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी की नियुक्ति की मांग

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड भाजपा उत्तरी मंडल के अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य अविनाश भारद्वाज ने पशुपालन मंत्री को पत्र भेजकर प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी नियुक्त कराने की मांग की है। डेयरी मत्स्य एवं पशु पालन मंत्री सुरेंद्र मेहता को भेजे पत्र में उन्होंने कहा है कि प्रखंड के मनियारपुर स्थित प्रखंड पशु चिकित्सा केंद्र में स्थायी पशु चिकित्सक नहीं होने से पशुपालकों को भारी परेशानी हो रही है। अभी पशुओं में खुरपका, मुहपका आदि बीमारी फैलने से पशुपालक परेशान है। पशुपालन केंद्र प्रभारी चिकित्सक के भरोसे चल रहा है जिनके जिम्मे तीन प्रखंड का प्रभार है। जिस कारण उनसे मिलना दूभर है, यदि मिल भी गए तो समय सही से नहीं मिल पाता है। जिसका नुकसान पशुपालक किसानो को भुगतना पड़ रहा है। भाजपा नेता श्री भारद्वाज ने कहा है कि, पशुपालकों की परेशानी का समाधान करते हुए जल्द स्थायी पशु चिकित्सा पदाधिकारी नियुक्त कराया जाए।

### बिहार दिवस पर दीपों से सजा सिमरी पंचायत भवन

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के सिमरी पंचायत भवन पर रविवार की संध्या बिहार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुखिया देवंती देवी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत भवन परिसर और आसपास की सफाई करने के साथ करीब पाँच सौ मोमबत्ती जलाकर बिहार दिवस मनाया गया। साथ ही पंचायत को साफ सुथरा रखने और जल जीवन हरियाली को लेकर सभी लोगों ने वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। मौके पर पूर्व मुखिया सूर्येश्वर प्रसाद राय, राम नंदन महतो आदि लोग मौजूद थे।

### भाकपा एवं ट्रेड यूनियन ने मनाया प्रतिरोध दिवस

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** शहीदे आजम भगत सिंह के शहादत दिवस पर भाकपा एवं ट्रेड यूनियन की ओर से राष्ट्र व्यापी मुक्त व्यापार समझौता के खिलाफ अमरीकी साम्राज्यवादी शक्ति के खिलाफ प्रतिरोध दिवस मनाया गया। इस क्रम में भाकपा अंचल कार्यालय दलसिंहसराय से एक प्रतिरोध मार्च निकाला गया, जो थाना रोड होते हुए लहेरिया बाजार स्थित शहीदे आजम भगत सिंह के स्मारक पहुंचा जहां प्रदर्शनकारियों ने भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सलामी दी। पुष्पांजलि उपरांत एटक जिला महासचिव राम बिलास शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित प्रतिरोध सभा को सम्बोधित करते हुए अंचल मंत्री विनोद कुमार समीर ने कहा कि, भारत की सरकार के गलत नीति के कारण अमेरिका के साम्राज्यवादी नीति से समझौता कर देश को आर्थिक संकट में धकेला जा रहा है। जिससे देश पर आर्थिक संकट गहरा रहा है। आज देश मे शहीदे आजम भगत सिंह के सिद्धांतों की जरूरत है। प्रतिरोध सभा को शंकर राम, शम्भू चौधरी, जगदेव दास, महेश्वर राम, सुभेन्द्र कुमार, कारो देवी, प्रमिला देवी, पाछु पासवान, मजहर आलम आदि ने सम्बोधित किया।

### बिजली चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड के विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, समस्तीपुर (शहरी) द्वारा बिजली चोरी के एक मामले में स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को विद्युत विभाग की टीम द्वारा छापेमारी के दौरान समस्तीपुर शहर के विवेक-विहार मुहल्ला में स्व० रामस्वरूप राम के पुत्र विश्वनाथ राम द्वारा अवैध रूप से एलटी पीवीसी सर्विस केबल के माध्यम से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। जांच के दौरान पाया गया कि उपभोक्ता बिना वैध कनेक्शन के अवैध तरीके से विद्युत ऊर्जा का उपयोग कर रहा था। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस अवैध उपयोग से कंपनी को लगभग 54,150 रुपये (चौवन हजार एक सौ पचास रुपये) की राजस्व क्षति हुई है। इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

### बिहार दिवस के अवसर पर विद्यालय में मनाया गया तिथि भोज

**समस्तीपुर (कार्यालय)।** बिहार स्थापना दिवस 2026 के अवसर पर सोमवार को विभूतिपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलसंडी डीह में तिथि भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पूर्व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्र ने कहा कि 22 मार्च 1912 को बिहार की स्थापना हुई थी, तभी से हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने विद्यालय के संचालन की सराहना करते हुए प्रधानाध्यापक पंकज कुमार की प्रशंसा की तथा विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा पत्रकारों को डायरी एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित पत्रकारों में एम नईमुद्दीन आजाद, मनोरंजन प्रसाद मिश्र, ललन चौधरी, मो. समशुल आलम, अशोक कुमार महतो एवं सौरभ चौधरी शामिल थे। कार्यक्रम के बाद अतिथियों, ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं ने तिथि भोज का आनंद लिया। अध्यक्षता मनोज कुमार मिश्र ने की, जबकि संचालन रविन्द्र कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के कई शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### इंटरमीडिएट परीक्षा में आयशा राज ने लहराया परचम

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** कल्याणपुर प्रखंड के अकबरपुर गांव निवासी मिथिलेश कुमार एवं शिक्षिका प्रीति कुमारी की पुत्री आयशा राज ने बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में 406 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनकी सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ललित घोष ने बधाई देते हुए उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की है। आयशा ने बताया कि उनका लक्ष्य आगे चलकर वैज्ञानिक बनना है, ताकि वे समाज और देश के विकास में योगदान दे सकें।

### मारपीट में दो युवक घायल, सदर अस्पताल रेफर

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई मारपीट की घटनाओं में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जितवारिया गांव में आपसी विवाद में 35 वर्षीय आलोक कुमार घायल हुए, वहीं लदौरा गांव के 30 वर्षीय नीतीश कुमार भी जख्मी हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हैदर ने इसकी पुष्टि की है।

### जलजमाव से छुटकारा और नगर सौंदर्यीकरण को लेकर महापौर ने प्रधान सचिव को सौंपा ज्ञापन

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नगर क्षेत्र के समग्र विकास व समस्या रहित आदर्श नगर निगम बनाने केलिए सदैव संघर्षशील समस्तीपुर महापौर अनीता राम ने पिछले दिनों प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग से मिल कर नगर निगम समस्तीपुर के कुछ कठीनाईयों की निदान हेतु ध्यान आकृष्ट कराते हुए समुचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इस सम्बन्ध में प्रधान सचिव को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा कि, नगर निगम समस्तीपुर की मुख्य कठीनाईयों में से एक है, जल जमाव। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए पंजाबी कॉलोनी, चीनी मिल मोक्ष धाम जूट मिल



मुक्तापुर मथुरापुर घाट, सारी में सम्प हाउस की स्थापना आवश्यक है। साथ ही एसडब्ल्यूडी (एसटीपी) बहादुरपुर कन्हैया चौक जित्तवारपुर, बुले चक, होते हुए जमूआरी तक विस्तारित नाला निर्माण विभिन्न वार्डों के जल को बड़े नाला में निकालना आवश्यक होगा। इस कड़ी में चीनी मिल, मुक्तापुर व मथुरापुर में भी बड़ा नाला निर्माण की आवश्यकता है। श्रीमती राम ने नगर के सौंदर्यकरण को लेकर कहा कि, पटना अटल पथ मार्ग के बगल में गंगा नदी के किनारे वाले क्षेत्र का विकास हुआ है। उसी तर्ज पर बुढ़ी गढ़क एव जमुआरी नदी में विकास की आवश्यकता है। क्योंकि दोनों नदियां निगम क्षेत्र के बीच से ही निकलती है। मौके पर प्रख्यात समाजसेवी भूपनेश्वर राम मौजूद थे।

# 'लक्ष्य' हासिल करने का जज्बा, जिद्द और श्रमशील लगन हो तो बनते चले जाते हैं कीर्तिमान : ठाकुर उदय शंकर

**● कायम रहा 100 फीसद फर्स्ट का रिकॉर्ड ● लक्ष्य साइंस एंड कॉमर्स कोचिंग के छात्र-छात्राओं ने फिर लहराया परचम**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** ह्यलक्ष्यह्ल हासिल करने का जज्बा, जिद्द और श्रमशील लगन हो तो कीर्तिमान खुद ब खुद बनते चले जाते हैं। इसलिए हम बच्चों को डिविजन के पीछे भागने की जगह इच्छित लक्ष्य पाने की जिद्द पालने केलिए मानसिक रूप से तैयार करते है और उनकी प्रतिभा को उसी अनुरूप तराशते हैं। लक्ष्य साइंस एंड कॉमर्स कोचिंग के निदेशक ठाकुर उदय शंकर ने सोमवार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के 12वीं परीक्षा का परिणाम घोषित होने पर उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि, हमारी अनुभवी व विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम के कुशल नेतृत्व में छात्रझ्छात्राओं के श्रमशील अध्ययन व अभ्यास का ही परिणाम है कि, हर वर्ष की भाँति इस बार भी बिहार इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 में लक्ष्य साईंस एण्ड कॉमर्स कोचिंग के शतझ्प्रतिशत छात्रों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्णता हासिल की है। जिसमें से अधिकांश छात्र-छात्राओं ने 91% और उसके समकक्ष अंक लाकर संस्थान का हीं नहीं पूरे जिले का नाम रौशन किया है। उधर छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार सफलता का श्रेय संस्थान




छात्र-छात्राओं को बधाई देते चेयरमैन।

के चेयरमैन ठाकुर उदय शंकर एवं उनके शिक्षकों की टीम को दिया है। बच्चों ने सभी शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं चेयरमैन ठाकुर उदय शंकर के नेतृत्व की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। छात्र-छात्राओं के अथक प्रयास और कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए चेयरमैन ठाकुर उदय शंकर एवं शिक्षकों ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरमैन श्री उदयशंकर ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं ने वर्षों से कायम अच्छे अंक प्राप्त करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान में संस्थान में अध्ययनरत बारहवीं बोर्ड 2027 परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को भी अच्छे अंक प्राप्त करने की प्रेरणा दी है। संस्थान में पढ़कर 2026 की इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से उतीर्णता हासिल किया है। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में मुस्कान कुमारी (456), रितेश कुमार (451), मानसी कुमारी (435), मो० शादान (432), कोमल कुमारी (431), कृष्णा कुमार (429), सचिन कुमार (427), आदित्य कुमार चौधरी (426), सोनाक्षी सुमन (426), अमृता वत्स (422), मनीषा कुमारी (422), सन्नी कुमार (422), मुस्कान परवीण (421), श्वेता कुमारी (418), आलोक कुमार (418), विपिन कुमार (417), अंशु कुमारी (417), कृति सोनी (415), नेहा कुमारी (414), अर्चना कुमारी (412), राकेश कुमार (411), नीरज कुमार (411) पल्लवी रानी (410), साहिल कुमार (409), मो० नदीम अशरफ (409), मो० सरताज (406), पिंटू कुमार (404), आयुषी कुमारी (401), राजीव कुमार रंजन (401), माल्विका कुमारी (400), इत्यादि रहे। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकगण पिन्टू कुमार, रविन्द्र प्रसाद शर्मा, रंजीत कुमार, साकेत कुमार, मुकेश कुमार, पप्पु कुमार, राजीव कुमार झा, हिमांशु रंजन, पंकज कुमार झा, मुरलीधर रजनी, विकाश कुमार झा, राजेश कुमार, धर्मेंद्र चौधरी, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार, दीपक कुमार, सूर्यकांत झा, राज कुमार, प्रो० जनार्दन चौधरी, प्रो० यशवंत राय, सुजीत कुमार, नीतीश कुमार निराला, धीरज कुमार, एस० चन्द्रा, एस०एस० प्रसाद इत्यादि और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में राजीव कुमार सिंह, मृत्युञ्जय झा, राकेश कुमार कर्ण, अमृता कुमारी, कामिनी कुमारी, बुलबुल सिंह, विश्व दीपक कुमार, चुन्नू कुमार सिंह, भोला कुमार, रोहित कुमार तथा अनिल कुमार, इत्यादि मौजूद थे।

## रंगारंग कार्यक्रमों के बीच धूमधाम से मना ज्ञान किरण पब्लिक स्कूल का 10वां वार्षिकोत्सव, बच्चों के उत्साह और प्रस्तुतियों ने मन मोहा

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के पूसा प्रखंड के कल्याणपुर गौड़ा स्थित ज्ञान किरण पब्लिक स्कूल का 10वां वार्षिकोत्सव रविवार को हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। वार्षिकोत्सव को लेकर विद्यालय परिसर सुबह से रंगझबिरंगे परिधानों में सजे बच्चों के हर्ष किलोल से गुंजायमान था। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार ने कहा कि जब शिक्षा और चिकित्सा सबसे लाभकारी व्यवसाय के




कार्यक्रम प्रस्तुत करते बाल कलाकार।

रूप में देखा जा रहा हो उस माहौल में ग्रामीण बच्चों की फिक्र और उनको न्यूनतम शुल्क पर उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने का संकल्प एक बड़ा ही साहसिक फैसला है। मुझे खुशी है कि यह संकल्प ज्ञान किरण पब्लिक स्कूल के रूप में मेरे ही बीच के समर्पित शिक्षक ने लिया और आज उस संकल्प का 10वाँ साल पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि, कोरोना त्रासदी से गुजरते हुए किसी शिक्षण संस्थान का ग्यारहवें वर्ष में प्रवेश न सिर्फ संचालक के अपने संकल्प के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है बल्कि अभिभावकों के विश्वास और भरोसे की कसौटी पर खरा उतरने का प्रमाण भी है। इसके पूर्व विद्यालय के निदेशक विभूति कुमार ने आगत अतिथियों का परंपरानुसार स्वागत अभिनंदन किया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन व स्वागत गान के साथ समारोह परवान चढ़ा। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान अतिथियों ने वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में निजी विद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका को जम कर सराहा तथा विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य एवं विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में श्रेया, दिव्या, श्वेता, शिवांशी, शिवानी, भावना, विद्याश्री, आन्या श्री, सुनीता, विराट, युवराज, समर, आर्यन, आरोही, राघव सहित अन्य बच्चों ने खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक विभूति कुमार के साथ-साथ सुभाष कुमार, कुमारी सोनाली, काजल कुमारी, करिश्मा, अंकिता, अंशु, गायत्री, रुचि, पंकज कुमार, अनीश कुमार, अमर कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## सरकारी विद्यालय में तिथि भोज के आयोजन से खिले बच्चों के चेहरे

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या साहिट सरकारी विद्यालय में सोमवार को एक विशेष तिथि भोज का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सैकड़ों बच्चों ने लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। बता दें कि इस विद्यालय का सबसे सुंदर व्यवस्था यह है कि प्रतिदिन बच्चे जब भोजन करते हैं। उससे पहले मंत्रोच्चारण कर भोजन ग्रहण करते हैं। जिससे बच्चों को एक साथ मिल रही संस्कार के साथ शिक्षा इस तिथि भोज में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. प्रभात रंजन, लेखापाल मनोज कुमार महतो, प्रखंड साधनसेवी चंदन कुमार, कुमार रंजन मौजूद रहे। आपको बता दें कि सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए सरकार मिड डे मील सहित कई कार्यक्रम चला रही है। वही प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय पतैली, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरमस्तपुर, प्राथमिक विद्यालय कोइरी टोल गढ़सिसई, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेदरपुर, प्राथमिक मकतब काँचा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेतिमपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय ब्रह्मोतर बढ़ौना, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खनुआ, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बामौरा, प्राथमिक मकतब मड़वा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकतब मऊ, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मऊ बाँध किनारे, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डीह ढेपुरा एवं प्राथमिक मकतब कबई नया टोल में आयोजन किया गया। इसी कड़ी में प्रखंड के 15 सरकारी स्कूलों में बिहार दिवस के अवसर पर स्कूल में छात्रों के लिये विशेष तिथि भोज का आयोजन किया गया। तिथि भोज में समाज का कोई भी प्रतिष्ठित व्यक्ति अपनी जन्मतिथि व अन्य विशेष दिवस के मौके पर प्रारंभिक स्कूल के बच्चों के लिए खुद के खर्च से 'तिथि भोजन' का आयोजन कर सकता है। प्राथमिक मकतब कबई नया टोल में तिथि भोज स्कूल के प्रधानाध्यापक मो. मेराज ने अपने निजी खर्च से स्कूल में 'तिथि भोजन' का



तिथि भोज का दृश्य ।

आयोजन किया। जिसमें स्कूल के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने आलु परवल के साथ पनीर की सब्जी, चावल, दाल, पापड़, सलाद और दही लजीज पकवानों का आनंद लिया। तिथि भोजन के आयोनज से बच्चों में काफी खुशी थी। वहीं इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. प्रभात रंजन ने कहा कि आज तिथि भोज के अवसर पर इस विद्यालय में उपस्थित हुआ और भोजन भी किया। बच्चे के बीच में हमलोग तो एमडीएम के तहत तो भोजन तो कराते ही हैं। सरकार के द्वारा जो प्रावधानीक है उनके पोशन के लिए लेकिन आज तिथि भोज के अवसर पर उन्हें स्वादिष्ट और विशिष्ट भोजन करने का अवसर प्राप्त हुआ। जिससे जो समाज के गरीब और वंचित वर्ग के बच्चे है उन्हें भी अवसर मिला है। इस तिथि भोज से बच्चों को कुछ हद तक संतुलित एवं पौष्टिक आहार की कमी दूर की जा सकती है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मो. शरफुद्दीन, रामनरेश प्रसाद, मो.मेराज सुनील कुमार सिंह, अभिनव कुमार, रविशंकर प्रसाद, कुंजन कुमार, विद्यानंद राय, अभिमन्यु कुमार सिंह, आदि मौजूद थे।

## बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा में बिथान के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, क्षेत्र में खुशी की लहर

**बिथान (एनएसबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में बिथान प्रखंड क्षेत्र के कई छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है और परिजनों सहित ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है। सफल छात्र-छात्राओं को लगातार बधाइयाँ मिल रही हैं। प्रखंड के विकास मित्र बिनोद कुमार राम के पुत्र ब्रजेश कुमार ने 417 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वहीं सखबा पंचायत के धाबोली गांव निवासी विनोद राम की पुत्री उजाला कुमारी ने 386 अंक अर्जित किए। बिथान बाजार निवासी मनोज राउत की पुत्री श्रेया कुमारी ने 372 अंक प्राप्त कर सफलता पाई। इसी क्रम में मो. निजाम की पुत्री नेहा कुमारी ने 385 अंक लाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। शिक्षक गुनानंद प्रसाद की पुत्री निकिता कुमारी ने 371 अंक हासिल कर परिवार और विद्यालय का मान बढ़ाया। वहीं भिखनोलिया निवासी शिक्षक सतीश कुमार सुमन की पुत्री सान्वी सुमन ने 329 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और कठिन परिश्रम को दिया है। छात्रों ने कहा कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता संभव हो सकी। विद्यार्थियों की सफलता पर शिक्षक रंजीत कुमार रमण, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, शिक्षक राजीव रंजन, कामेश्वर प्रसाद यादव, विकास राउत, संतोष कुमार तथा पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## श्री अन्न उत्पादन तकनीक विषयक तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली में, बिहार पोषक अनाज मूल्य श्रृंखला उत्कृष्टता केंद्र परियोजना के तहत सोमवार को श्रीअन्न / मोटे अनाज के उत्पादन तकनीक विषय पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 25 .03.26 तक चलने वाले इस प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में स्वागत अभिनंदन की औपचारिकता के बाद केवीके प्रमुख डॉ आर.के. तिवारी एवं सह प्राध्यापक डॉ शैलेश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारम्भ किया गया।



प्रशिक्षण का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य।

इस अवसर पर अपने उद्घाटन सम्बोधन में डॉ. तिवारी ने कहा कि श्रीअन्न जैसे पोषक अनाज वर्तमान समय में न केवल पोषण सुरक्षा बल्कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने किसानों को मोटे अनाज की खेती अपनाने, उन्नत किस्मों का चयन करने तथा वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

वहीं सह प्राध्यापक डॉ शैलेश कुमार ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि, श्रीअन्न की खेती कम लागत में अधिक लाभ देने वाली है तथा यह सूखा एवं प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अच्छी पैदावार देती है। उन्होंने किसानों को बीज चयन, बुवाई समय, उर्वरक प्रबंधन एवं कीट-रोग नियंत्रण के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी देने पर जोर दिया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य अच्छी उपज देने वाली मोटे अनाज की किस्म को विकसित करना, उन्नत उत्पादन तकनीक का विकास करना, मिलेट्स का प्रसंस्करण करना, इनके कई मूल्य समृद्धि उत्पाद बनाना तथा बाजार में उचित मूल्य पर बिक्री हेतु तैयार करना है।

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कई वैज्ञानिक तथा कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली के कई वैज्ञानिकों ने अलग-अलग विषय पर रागी, कोनी, चीना तथा दूसरे मिलेट्स की उन्नत किसमें, बीज उपचार, बुवाई की विधि, पोषक तत्व प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, पीठ तथा रोग प्रबंधन, कटनी, तथा भंडारण विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस विषय पर जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ कौशल किशोर ने बताया कि मिलेट्स की खेती के लिए ऊपरी जमीन का चयन करना चाहिए जहां जल निकासी की अच्छी व्यवस्था हो। उन्होंने मिलेट्स के खेती के कई बारीकियां को समझाया साथ ही वैज्ञानिक विधि से मिलेट्स की खेती तथा समय पर पोषक तत्व एवं खरपतवारों को नियंत्रित करके कम अवधि में अच्छी उपज के साथ किसानों को अच्छा मुनाफा मिल सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली के वरीय वैज्ञानिक सह प्रमुख डॉ आरके तिवारी ने श्रीअन्न के व्यंजन हर किसी के थाली में खाने पर बल दिया। उन्होंने कहा यह मिलेट्स पोषक तत्वों से भरपूर है इसीलिए इसे न्यूट्री सीरियस भी कहा जाता है।अगर हम इसे नियमित रूप से अपने खाने में सम्मिलित करें तो हम गठिया, उच्च रक्तचाप तथा अन्य कई बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहले इसके प्रसंस्करण के लिए अच्छे मशीन उपलब्ध नहीं थे तो कठिनाई होती थी लेकिन आज इसमें कई मशीन आ गई हैं जिससे इनके चावल बनाना तथा दूसरे प्रोसेसिंग की मशीनों को आने से इसमें उत्पाद बनाना आसान हो गया है। वैज्ञानिक ने यह भी बताया कि जो किसान भाई सरसों आलू की कटाई के बाद खेत खाली रखते है तथा उनके पास सिंचाई की सुविधा है तो दो सिंचाई देकर के गरमा में चीना की खेती की जा सकती है जो की एक कम अवधि वाला फसल है। उन्होंने बताया कि चीना के लिए बी आर 7 किस्म सबसे ज्यादा उपयुक्त है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र बिरौली के डॉ धीरु कुमार तिवारी, ई. विनिता कश्यप, सुमित कुमार सिंह एवं निशा रानी सहित अन्य कर्मी तथा विभिन्न प्रखंडों के किसानों की उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त खबरें

### मधुबनी की बेटी अकाउंट में 99 प्रतिशत लाया अंक




**मधुबनी (एनएसबी)।** नगर के महिला कॉलेज रोड निवासी , मैचिंग कॉर्नर (वस्त्र व्यवसायी) शिव प्रसाद पंजियार की सुपुत्री सृष्टि कुमारी बिहार इंटरमीडिएट 2026 की वाणिज्य संकाय में 91 प्रतिशत से अधिक अंक ला कर समाज,परिवार सहित अपने गुरु पवन कापड़ी,जीनियस कॉमर्स क्लासेज गांधी चौक मधुबनी, का नाम रौशन की है।इन्हें अकाउंट विषय में 99 प्रतिशत प्राप्त हुआ है।दूसरी तरफ शहर के सुभाष चौक वार्ड 28 निवासी और होटल व्यवसायी श्रवण मंडल की सुपुत्री मानसी कुमारी 82 प्रतिशत से एवं अकांउट में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त की है। दोनों छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं स्थानीय लोगों ने दिया है!

### अच्छे अंकों से उत्तीर्ण कर छात्राएं ने किया प्रखंड का नाम रोशन



**लदनियां(एनएसबी)।** बिहार इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। प्रखंड क्षेत्र के महुलिया गांव निवासी रीश्री यादव के पुत्री खुशबू कुमारी इंटर परीक्षा में 300 अंक ला कर प्रखंड का नाम रोशन किया है।उनका नामांकन डीएनभी कालेज तेनुआही में था। अपनी सफलता का श्रेय उसने अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। लोगों ने उसे बधाई दी है। राम वतार यादव, संजीव कुमार, प्रमोद कुमार,रीझण, विश्वनाथ यादव ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता प्रकट की है।

### छठ व्रती 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू

**मधुबनी (एनएसबी)।** खरना छठ महापर्व का दूसरा अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है, जो आत्म-शुद्धि, संयम और अटूट आस्था का प्रतीक है। पंडित पंकज झा शास्त्री ने कहा कि इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखकर शाम को मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ की खीर (रसियाव) और रोटी का प्रसाद बनाते हैं, जिसे सूर्य देव और छठी मैया को अर्पित करने के बाद ग्रहण करते हैं। यह 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरूआत करता है। खरना का अर्थ ही 'शुद्धिकरण' है। यह दिन मन की शुद्धि और कठोर निर्जला व्रत के लिए शरीर को तैयार करने का प्रतीक है।खरना के प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होता है, जो छठ का सबसे कठिन चरण है।इस दिन व्रती 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू करने से पहले मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से गुड़-चावल की खीर व रोटी का प्रसाद बनाते हैं। यह वैज्ञानिक रूप से मन को शांत करने, इम्यून सिस्टम बढाने और शरीर को डिटॉक्स करने का अद्भुत तरीका है।

### सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक का निधन

**खजौली (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के खजौली से कलुआही जाने वाली मुख्य सड़क में इनरवा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास 14 मार्च 2026 को हुई सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक व स्थानीय थाना क्षेत्र के ठाहर गांव निवासी नारायणजी मिश्र के पुत्र प्रवीण कुमार मिश्र उर्फ राजेश का इलाज के क्रम में शनिवार को निधन हो गया। मधुबनी के एक निजी क्लिनिक में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर सुनते ही स्वजन सहित गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। मृतक युवक का अंतिम संस्कार रविवार को किया गया। मुखाग्नि उनके भाई प्रभात मिश्र ने दिया। ज्ञात हो कि खजौली से कलुआही जाने वाली मुख्य सड़क में इनरवा गांव स्थित तीखा मोड़ के पास एक अनियंत्रित पिकअप ने एक उन्हें ठोकर मारकर जख्मी कर दिया था।

### राम मनोहर लोहिया जयंती के रूप में मनाया

**खजौली (एनएसबी)।** सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के कन्हौली गांव स्थित लोहिया चौक पर राजनीतिक और सामाजिक कार्यकताओं ने डा.राम मनोहर लोहिया की स्मारक पर पंचायत के मुखिया अर्जुन सिंह के अगुआई में माल्यार्पण कर डॉ . राम मनोहर लोहिया जयंती के रूप में मनाया ।इस दौरान वक्ताओं ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की युवाओं को आवाहन किया।इस मौके पर पूर्व जीप सदस्य वीरेंद्र प्रसाद यादव,पूर्व मुखिया रामाशीष सिंह,राजद प्रखंड अध्यक्ष रामसागर पासवान,कृष्ण देव चौधरी, बैद्यनाथ चौधरी,मो.सुदिन,आमोद कुमार,राहुल पासवान,दया शंकर ,धर्मनाथ चौधरी सोनेलाल महतो, डा.प्रदीप कुमार ,सूर्य नारायण चौधरी, चूल्हाई चौधरी,वीरेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### तारामंडल, म्यूजियम, मिथिला विवि सहित कई स्थलो का किया परिभ्रमण



**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नूरचक नवटोली के छात्र छात्राओं ने मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत दरभंगा के प्रमुख शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का परिभ्रमण किया.वही तारामंडल, खगोल विज्ञान, म्यूजियम मिथिला विश्वविद्यालय सहित कई स्थलों का भ्रमण कर संबंधित जानकारियां हासिल की. भ्रमण के क्रम में छात्रों ने दरभंगा राज किला का अवलोकन किया इसके बाद छात्रों ने श्यामा माई मंदिर एवं मनोकामना मंदिर का दर्शन की. इस दौरान प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने मार्गदर्शन करते हुए दरभंगा राज के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सौरमंडल, ग्रह-नक्षत्र, अंतरिक्ष की संरचना के बारे में विस्तार से जानकारी दी. इस मौके सहायक शिक्षक देव कृष्ण,कलीम अख्तर,रंजीत झा,सतेंद्र प्रसाद,पूनम कुमारी,प्रतिभा कुमारी सहित कई लोग शामिल हुए.

### खंगरैठा चौक स्थित विजय कॉम्प्लेक्स में शहीद दिवस व लोहिया जयंती मनाई गई



**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के खंगरैठा चौक स्थित विजय कॉम्प्लेक्स परिसर में सोमवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहादत दिवस तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविंद्र नाथ शर्मा ने की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।वक्ताओं ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का बलिदान देश के लिए अमूल्य है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं डॉ. लोहिया के विचार आज भी समाज को प्रेरित करते हैं।इस अवसर पर विजय चंद्र घोष, ईश्वर चंद्र सिंह, प्रफुल्ल साह, रामविलास राम, अजित कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

### सिनेमा हॉल, बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन के आसपास कड़ी निगरानी बरतने का दिए डीएम निदेश



**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि मादक पदार्थो से संबंधित छापेमारी के दौरान गवाह के रूप में अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में चौकीदार/राजस्व कर्मचारी/पंचायत सचिव को नामित किया जाए। साथ ही मादक पदार्थ पहचान किट उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गयी।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को नशा मुक्त अभियान चलाने तथा विशेषकर सुखा नशा को लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों में तीव्रता के साथ छापेमारी अभियान चलाने का निदेश दिया गया। साथ ही सभी कारवाई एवं छापेमारी का विडियो एंव फोटो साफ-साफ तैयार किया जाए। जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि नशीली दवाओं,ड्रग्स के खतरे को रोकने के लिए प्रभावी उपायों को लागू करें।

# नदी हमारी जीवन रेखा, उसे स्वच्छ एवं अविरल बनाना हम सबका कर्त्तव्य : अपर समाहर्ता संतोष कुमार


हरी झंडी दिखाकर रवाना करते ।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला गंगा समिति, नमामि गंगे, मधुबनी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज जन जागरण युवा समिति के सहयोग से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अपर समाहर्ता (आपदा) श्री संतोष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी सह सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा कोषांग) श्री नीतीश कुमार पाठक तथा डीपीओ, नमामि गंगे, श्री आनंद अंकित द्वारा समाहरणालय परिसर से नुक्कड़ नाटक टीम को हरी झंडी दिखाकर किया।इस अवसर पर अपर समाहर्ता (आपदा) संतोष कुमार ने कहा कि ह्लनदियां हमारी जीवनरेखा हैं और उनका स्वच्छ एवं अविरल बने रहना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करते हैं। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह नदियों को प्रदूषित होने से बचाने तथा स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाए।ह्वमौके पर डीपीओ आनंद अंकित ने कहा कि जिला गंगा समिति, मधुबनी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत जिले में लगातार स्वच्छता अभियान, जागरूकता अभियान, वृक्षारोपण, क्विज प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं,जो 31 मार्च तक लगातार चलाई जाएगी।मनीष रंजन दास के संयोजन में नाटक दल ने समाहरणालय परिसर एवं मधुबनी रेलवे स्टेशन परिसर सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर गीत-संगीत के साथ प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से नदियों के ऐतिहासिक महत्व से लेकर वर्तमान में उनकी स्थिति, बढ़ते प्रदूषण, घटते जल स्तर एवं पर्यावरणीय चुनौतियों को अत्यंत भावपूर्ण एवं जागरूकता बढ़ाने वाले अंदाज में प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आमजन ने जिला गंगा समिति के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की तथा नदियों एवं अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में ब्रेडा के सहायक अभियंता रमन कुमार, सोनू कुमार उदय कुमार, राजीव रंजन, कुणाल कुमार, शशिबाला एवं देवनारायण भंडारी सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही।

## उत्कृष्ट शिक्षण एवं विद्यालय संचालन के लिए चार शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर बेनीपट्टी अनुमंडल मुख्यालय स्थित डॉ एन सी कॉलेज के प्रांगण में तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत आज दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत सभी पदाधिकारियों द्वारा सामुहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अपने प्रारंभिक सम्बोधन मे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बेनीपट्टी मधुकर कुमार के द्वारा बिहार सरकार शिक्षा विभाग के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। साथ ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी को बिहार दिवस की शुभकामना दी गयी। इसके बाद पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया गया जिसमें शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना, नगर एवं आवास विभाग, कृषि विभाग, जीविक एवं स्वास्थ्य विभाग शामिल था। सभी विभागों द्वारा अपने विभाग से संबंधित कार्यो को स्टॉल पर प्रदर्शित किया गया था।कार्यक्रम में उत्कृष्ट शिक्षण एवं विद्यालय संचालन हेतु चार शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं पाग दोपटा से सम्मानित किया गया, ये शिक्षक हैं राम अवतार राम, ललिता कुमारी, गीतू कुमारी एवं दिलिप कुमार झा। इसके बाद एक कवि गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ललित कुमार ठाकुर शिक्षक के द्वारा किया गया। कवि गोष्ठी में मैथिल प्रशान्त, ललित कुमार दास, अजय कुमार झा, मनोज कामत, ललित कुमार ठाकुर, आनंद शंकर के द्वारा कविता पाठ किया गया। जबकि सुभद्रा झा एवं भगवान जी झा के द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गयी। कार्यक्रम में वीडियो बेनीपट्टी महेश्वर पंडित, कार्यपालक पदाधिकारी बेनीपट्टी गौतम आनंद, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बेनीपट्टी कुमारी रेखा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बेनीपट्टी मधुकर कुमार, बीबीएम जीव का परिणाम दोष मिश्रा सहित आंगनबाड़ी सेविका, पर्यवेक्षिका, जीविका दीदी आशा एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## इंटर परीक्षा में बेहतर परिणाम आने के बाद छात्र छात्राओं में खुशी


अंबिका कुमारी।


निक्की सुमन।


आदित्य कुमार।


इब्राहिम अख्तर।

**बिस्फी (एनएसबी)।** बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में प्रखंड क्षेत्र के कई छात्र छात्राओं ने परचम लहराया है. प्रखंड क्षेत्र के सिमरी गांव निवासी कमलेंद्र कुमार व नीलम देवी की पुत्री निक्की सुमन ने 436 अंक प्राप्त कर अपने गांव विद्यालय एवं प्रखंड का नाम रोशन किया है.वही बिस्फी डीह गांव निवासी शुभ चंद्र यादव के पुत्री अंबिका कुमारी ने 398, चहुटा गांव निवासी अरुण पासवान के पुत्री कंचन कुमारी 383, जितेंद्र कुमार भारती के पुत्र आदित्य कुमार 349, चपरिया काजी टोल गांव निवासी शिक्षक फैयाज अनवर के पुत्र इब्राहिम अख्तर 406, उसौथू डीह निवासी रोशन परवीन 447, सबीना परवीन 438, गुलदस्ता परवीन 447 अंक प्राप्त किया है. निक्की सुमन ने घर पर ही पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल की है.कहा कि इंटर की पढ़ाई पूरी मेहनत कि. उसके बाद यह सफलता मिली है. इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षक को दिया है. कहा कि जनरल कंपटीशन कर देश की सेवा करना चाहती है. इस सफलता पर अभिभावकों ने सफल छात्रों को मिठाई खिलाकर शुभकामना प्रकट किए बधाई देने वालों में स्थानीय विधायक आसिफ अहमद, पूर्व विधायक हरीभूषण ठाकुर बचोल, प्रमुख रीता कुमारी, मुखिया संघ अध्यक्ष सतीश प्रसाद मेहता, सरपंच संघ अध्यक्ष मो रहमत आलम, शिक्षक संघ अध्यक्ष विकास ठाकुर,अमरेश ठाकुर सहीत कई लोग शामिल है.

## आमजनों की समस्याएं त्वरित समाधान के दिए डीएम निर्देश


शिकायत सुनते अधिकारी।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में 'सेवा-संवाद-समाधान' अनुश्रवण प्रणाली के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस पहल का मुख्य उद्देश्य आमजन को प्रशासन से सीधे जोड़ते हुए उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं जन-हितैषी बनाना है। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए दर्जनों नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं, जिन पर जिलाधिकारी द्वारा तत्परता से संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में प्राप्त प्रमुख आवेदनों में- लदनियां-बाबूबरही आरसीडी सड़क स्थित सलखनिया के समीप पश्चिमी कोशी नहर पर बने संकरे पुल की चौड़ाई बढ़ाने का अनुरोध,न्याय मित्र द्वारा अतिरिक्त प्रभार के मानदेय भुगतान की मांग,भूमि पर अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण से संबंधित शिकायतें, पचाधारी जमीन पर जबरन कब्जा एवं मारपीट की शिकायत,सरकारी सड़क एवं रास्तों पर अतिक्रमण हटाने की मांग जैसे मुद्दे शामिल रहे। इन सभी मामलों पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इसके अतिरिक्त, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कक्षों में उपस्थित रहकर जिले भर से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कार्यक्रम के अंत में सभी आवेदकों की समस्याओं पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को नियमित अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

### मां कात्यायनी पूजा और बेलनौती आज

**मधुबनी (एनएसबी)।** माँ कात्यायनी नवरात्र के छठे दिन पूजी जाने वाली देवी दुर्गा का छठा स्वरूप है, जो ऊर्जा, ज्ञान और आज्ञा चक्र की स्वामिनी मानी जाती हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से, इनकी पूजा मानसिक एकाग्रता, पिट्यूटरी ग्रंथि की सक्रियता और अज्ञानता को मिटाकर प्रज्ञा (बुद्धि) जगाने से संबंधित है, जो संतुलन और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करती है। स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार, महर्षि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर देवी ने उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया था। उन्होंने महिषासुर नामक राक्षस का वध कर देवताओं को उसके आतंक से मुक्त किया, इसलिए इन्हें 'महिषासुरमर्दिनी' और 'कात्यायनी' कहा जाता है। माँ कात्यायनी ज्योतिष में शुक्र ग्रह और विवाह के 7वें भाव को नियंत्रित करती हैं, जो प्रेम, विवाह और वैवाहिक सुख के लिए जानी जाती हैं। नवरात्रि के छठे दिन पूजी जाने वाली माता, मांगलिक दोष को कम करने और शीघ्र विवाह की बाधाओं को दूर करने में सहायक मानी जाती हैं। दुर्गा पूजा में बेलन्योती या बिल्वाभिमन्त्रण षष्ठी के दिन किया जाने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जो नवरात्र के मुख्य समारोहों की शुरूआत का प्रतीक है। इसमें देवी दुर्गा को बेल वृक्ष (शिवद्रुम) पर आमंत्रित कर पूजा की जाती है, जिसे देवी का धरती पर आगमन माना जाता है।

### गाढ़ा गांव में नशेबाज पति ने गले में रस्सी बांधकर पत्नी की हत्या

**लदनियां (एनएसबी)।** लदनियां थाना अंतर्गत गाढ़ा गांव में शनिवार की देर रात कथित नशेबाज पति उपेन्द्र राय द्वारा करीब 40 वर्षीय पत्नी गणियां देवी को गले में रस्सी बांधकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है । घटना के बाद लोगों भारी आक्रोश है ।स्थानीय लोगों का कहना कि मृतिका गनिया देवी की पति करीब 45 उपेन्द्र राय गाढ़ा गांव के रहने वाला है ,जो तीन बच्चे की पिता है । सभी बच्चे मजदूरी करने बाहर चले गये है.शराबी उपेंद्र राय शराब नशे के हालत में पत्नी गनिया देवी को रोजाना गाली गलौज एवं मारपीट करता था ।घटना की रात उपेंद्र राय अपनी पत्नी को गले रस्सी बांधकर हत्या कर घर के दरवाजा खुले छोड़कर भाग गया! पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष अनूप कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि सूचना मिलते ही एस आई पुलिस चौधरी को घटनास्थल पर भेजा गया है। इधर पुलिस चौधरी ने बताया कि मृतका की पिता एवं भाई के आवेदन पर पोस्टमार्टम एवं कानूनी कार्रवाई स्थगित कर दिया गया है ।

## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की प्रगति से संबंधित साप्ताहिक बैठक का हुआ आयोजन


बैठक करते डीडीसी ।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, आनंद शर्मा द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में सोमवार को डीआरडीए स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त, सुमन प्रसाद साह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की प्रगति से संबंधित साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त के द्वारा प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ बिंदुवार प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी को बताया गया कि यह बैठक अब प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को आयोजित की जाएगी तथा सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं के सभी अवयवों में साप्ताहिक रूप से प्रगति लाना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में सहकारिता विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के समीक्षा के क्रम में विभागीय योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया गया।उप विकास आयुक्त ने जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड को जिले में निबंधित किसान उत्पादक संगठन तथा किसान उत्पादक संगठन को दिए जाने वाले इक्विटी ग्रांट से संबंधित समीक्षा कर उन्हें निर्देश दिया गया कि किसान उत्पादक संगठन को दिए जाने वाले इक्विटी ग्रांट की संख्या को बढ़ाया जाए। अग्रणी बैंक प्रबंधक के समीक्षा के क्रम में उन्हें किसानों को ज्यादा से ज्यादा किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने हेतु बैंकों को निर्देश करने हेतु कहा गया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया कि जिस योजनाओं को प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत समाहित किया गया है परंतु वह योजना जिले में संचालित नहीं है उन योजनाओं को संचालित करने हेतु विभाग को जिला पदाधिकारी के माध्यम से पत्र भेजा जाये। जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं जिला गव्य विकास पदाधिकारी के समीक्षा क्रम में निर्देश दिया गया कि योजना में संचालित सभी अवयवों में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करते हुए सभी तरह का प्रतिवेदनों को अद्यतन कर ससमय प्रतिवेदन जिला कृषि पदाधिकारी को भेजना सुनिश्चित करेंगे। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना से संबंधित प्रगति को अद्यतन करने हेतु निदेश दिया गया।जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि इ-पैक्स के माध्यम से लोन डिसबर्समेंट के अपडेटेड टेक्नोलॉजी के माध्यम से कार्य किया जाए। जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका को निदेश दिया गया कि जीविका को रिवाल्विंग फंड एवं ड्रोन दीदी योजना में सम्मिलित करने हेतु विभाग को पत्र भेजी जाए।

बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, ललन कुमार चौधरी, महा प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई एवं सभी कार्यपालक अभियंता पश्चिमी कोसी नहर प्रमंडल तथा वरीय वैज्ञानिक- सह-प्रधान कृषि विज्ञान केंद्र सुखेत एवं बेनीपट्टी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गायघाट कांड मामले पर प्रशासन सख्त, दंडाधिकारी की नियुक्त के साथ निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट देने का सख्त आदेश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गायघाट थाना क्षेत्र के चोरनियां गांव में पिछले दिनों हुई घटना को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया है। इस मामले में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की न्यायिक जांच के लिए एक दंडाधिकारी रामनाथ कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी पूर्वी की प्रतिनियुक्ति करते हुए संबंधित दंडाधिकारी को घटना की विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच करते हुए जल्द से जल्द तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। ज्ञात हो कि चोरनियां गांव में 17/18 मार्च 2026 की रात्रि में घटित घटना के संबंध में गायघाट थाना में कांड संख्या 71/26, दिनांक 18 मार्च 2026 दर्ज किया गया है। वहीं जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इस घटना के हर पहलू की गहराई से जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया है कि जांच प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हो, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके।

### नगर निगम बोर्ड की बैठक में वितीय वर्ष 2026- 27 के लिए प्रस्तावित बजट को मिली मंजूरी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर भवन सभागार में सोमवार को आयोजित नगर निगम बोर्ड की बैठक में वर्ष 2026-27 का बजट ह्विकास की नई दिशाह्व को सर्वसम्मानित सदस्यों द्वारा पारित किया गया। इस बैठक में उपस्थित मेयर निर्मला देवी साहू, नगर विधायक रंजन कुमार, कांटी विधायक अजीत कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि यह बजट नगर के सर्वांगीण विकास, मजबूत आधारभूत संरचना एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं नगर विधायक रंजन कुमार ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में मेरी प्राथमिकता सदैव शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना रही है। आप सभी के सहयोग और विश्वास के साथ, हम एक स्वच्छ, सुन्दर और विकसित मुजफ्फरपुर के निर्माण के लिए पूरी निष्ठा के साथ संकल्पित हैं। बैठक में नगर निगम के अधिकारियों के साथ साथ निगम बोर्ड के सभी सदस्य उपस्थित थे।



### विवाहिता की घर से संदिग्धावस्था में शव बरामद, मायके पक्ष ने जताई हत्या की आशंका

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बंदरा प्रखंड अंतर्गत पियर थाना क्षेत्र के बड़गांव पंचायत के विशनपुर गांव में सोमवार की दोपहर एक महिला की संदिग्ध अवस्था मे शव बरामद हुआ। मृतका की पहचान रणधीर महतो की पत्नी 22 वर्षीय लक्ष्मीनिया कुमारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पियर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पँहुके और शव को कब्जे में लेकर शाम लगभग 4 बजे पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा। साथ हीं एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पर पंहुचकर मामले की जांच के लिए कई साक्ष्य संग्रह कर ले गई। इधर घटनास्थल पर मौजूद मृतका के भाई व दरभंगा के बाजितपुर निवासी नन्दलाल महतो ने बताया कि करीब 3 साल पहले लक्ष्मी की शादी रणधीर से दहेज व बाइक देकर हिंदू रीति रिवाज से की गई थी। लड़का नशापान करता है और उसके बहन के साथ बराबर मारपीट करता था। इसको लेकर मृतका कुछ दिन मायके में भी रही थी। उन्होंने बताया कि सोमवार को दिन के करीब 11 बजे गांव के एक व्यक्ति ने सूचना दिया कि आपकी बहन का शव घर मे है। हमलोग आनन फानन में यहां पँहुचे तो शव घर मे बिछावन पर पड़ा था।मृतका के गले पर गहरा जख्म का निशान था। पूछताछ में ससुराल के लोगों ने बताया कि फांसी लगा ली है, लेकिन बिछावन और घर की ऊंचाई को लेकर मामला संदिग्ध लगता है। मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों द्वारा लक्ष्मीनिया कुमारी की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। मृतका को एक दो वर्ष की बेटी और एक डेढ़ माह का पुत्र भी है। वहीं पियर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो सकेगा।

# बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के विज्ञान में सरैया की पलक ने हासिल किया बिहार में 5वां स्थान

## 475 अंक हासिल कर परिवार जिला औऱ प्रदेश में बनाई अपनी पहचान

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बिहार इंटरमीएट परीक्षा 2026 के परिणाम की सोमवार दोपहर हुई घोषणा में सरैया की निवासी व अजीजपुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा पलक कुमारी ने विज्ञान में शानदार प्रदर्शन करते हुए 95 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे बिहार में टॉप टेन में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। पलक कुमारी रोल नंबर 31131 रौल कोड 26010009 ने इंटरमीडिएट विज्ञान की परीक्षा में कुल 475 अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय के साथ साथ अपने परिवार औऱ जिले का नाम रोशन किया है। मध्यम गरीब परिवार की बेटी पलक कुमारी की इस वेहतरीन सफलता पर उसके परिवार में खुशियों की बहार आ गई है। सरैया में एक छोटे व्यवसायी की होनहार पुत्री की इस सफलता को लेकर पलक को बधाई देने वालों का उसके घर तांता लगा है। वहीं बेटी की इस सफलता पर पलक के माता पिता काफी खुश हैं। ग्रामीण परिवेश में रहते हुए पलक ने जो कर दिखाया है, उससे सरैया के लोग भी अपने को गौरवान्वित हो रहे हैं। अपनी सफलता से पलक भी काफी खुश हैं। पलक ने बताया कि उसने स्कूल के शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा टीयूशन टीचर के सहयोग से इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारी अपने घर में ही की। वह प्रतिदिन 8 से 10 घंटे पढ़ती थी, जिसके परिणाम स्वरूप आज पूरे प्रदेश में उसने स्वयं अपनी पहचान बनाने के साथ अपने परिवार को गौरवान्वित किया है। पलक के व्यवसायी पिता ने बताया कि पढ़ने लिखने में पलक की रुचि को देखकर उन्होंने अपनी बेटी की हर संभव मदद की औऱ आज उन्हें अपनी बेटी पर नाज है। वहीं पलक ने बताया कि वह सिविल सेवा की परीक्षा की तैयारी करना चाहती है। अपनी दो बहनों में सबसे छोटी पलक की यह सफलता ग्रामीण परिवेश में रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों के लिए एक प्रेरणा है।



सफलता को लेकर पलक को मिठाई खिलाते पिता और टीयूशन टीचर।

## बाइक सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े पशु चारा व्यवसायी को गोली मारी, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बोचहाँ प्रखंड के गरहाँ थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर जयपाल पंचायत के गरहाँ -बसौली मार्ग में कौरोना सिंहघैला चौर के समीप सोमवार को दिनदहाड़े एक बाइक पर सवार दो अपराधियों ने पशुचारा व्यवसायी को घेर कर गोली मार दी। दिन के लगभग साढ़े दस बजे घटी इस घटना को लेकर अफरा तफरी मच गई। वही गोली चलने की आवाज सुनकर घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। घटनास्थल पर गोली से घायल युवक को देखकर लोगों ने गरहां थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। वहीं घटना की सूचना मिलते ही गरहां थाना पुलिस के साथ साथ एसडीपीओ टाउन टू विनीता सिन्हा मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के साथ ही घायल युवक को इलाज के लिए एसकेएमसीएच भेजा, जहां घायल युवक का इलाज किया जा रहा है। गोली युवक के जांघ में लगी है। पुलिस के अनुसार घायल युवक की पहचान औराई थाना क्षेत्र के वनवासू ग्राम निवासी विकास कुमार यादव के रूप में हुई है। डॉक्टरों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताया है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को दिन के लगभग दस बजे विकास कुमार गरहां स्थित दुकान से एक बोरा पशुचारा लेकर बसौली की ओर जा रहे थे। इसी बीच एक वाईक पर सवार दो अपराधियों ने ओवर टेक कर उसे रोका और गाड़ी से उतरने को कहा। जबतक विकास गाड़ी से उतरता, इससे पहले ही अपराधियों ने उसे गोली मार दी और फरार हो गया। घटना के कारणों के संबंध में विकास कुछ नहीं बता पा रहा है। उसने पुलिस को दिए बयान में कहा कि वह स्वयं समझ नहीं रहा कि आखिर उसे अपराधियों ने गोली क्यो मार दी। वहीं एसडीपीओ टाउन टू विनिता सिन्हा ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर घटना की जांच में जुट गई है।थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार वर्मा ने बताया कि अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। वही फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच की है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद हीं यह स्पष्ट हो सकेगा कि गोली आपसी विवाद या दुश्मनी के कारण मारी गई या लूटपाट की नीयत से।



अस्पताल में घायल युवक की सुधि लेने पहुयी पुलिस की टीम।

## औराई में पंचायत समिति की हुई बैठक में फसल क्षति मुआवजा व बुनियादी समस्याओं के निदान पर जोर

**औराई (एनएसबी)।** औराई प्रखंड परिसर स्थित सभागार में सोमवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख डौली कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक के प्रारंभ में ही फसलों के नुकसान का मुद्दा प्रमुखता से उठा। मुखिया संघ अध्यक्ष रामजन्म सोनु ने कृषि विभाग से फसल क्षति का आकलन कर प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की। पंचायत समिति सदस्य नवनीत शाही ने आरोप लगाया कि कृषि समन्वयक पंचायतों में नियमित रूप से नहीं आते हैं, जिससे किसानों को परेशानी हो रही है। वहीं पंसस जग्रनाथ सहनी व मुरारी राय ने कहा कि बिना पैसे दिए मुआवजा नहीं मिल पाता है, जिसकी जांच होनी चाहिए। मामले में कृषि पदाधिकारी ललन प्रसाद ने बताया कि सभी पंचायतों के कृषि समन्वयकों को फसल क्षति का आकलन कर फोटो सहित रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होते ही उसे जिला मुख्यालय भेज दिया जाएगा। बिजली व्यवस्था को लेकर भी सदस्यों ने नाराजगी जताई। बसंत पंचायत के पंसस मो शाकिर अंसारी ने कहा कि बिजली विभाग के जेई कभी बैठक में नहीं आते हैं और मांझी टोला में बार-बार शिकायत के बावजूद बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। बैठक में पेयजल समस्या पर भी गंभीर चर्चा हुई। पीएचईडी के कनिय अभियंता को 10 अप्रैल तक नल-जल योजना की खामियों को दूर करने तथा खराब पड़े चापाकलों को चालू कराने का अल्टीमेटम दिया गया। इसके अलावा पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था, स्वास्थ्य केंद्रों की बदहाल स्थिति, आंगनबाड़ी केंद्रों की समस्याओं समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में लगभग डेढ़ सौ योजनाओं के चयन का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में बीडीओ रजनीश शंकर झा, सीओ गौतम कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी बंशीधर दास, बीपीआरओ मनोज कुमार, पीएचसी प्रभारी दिव्या कुमारी, मुखिया उमाशंकर गुप्ता, नूरजहां खातून, नवनीत शाही, अबू बकर सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि व पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।



पंसस की बैठक में उपस्थित जन प्रतिनिधि व पदाधिकारीगण।

## उत्तम टीवीएस औराई ने 'अन्नदाता सम्मान समारोह' का आयोजन कर किसानों को किया सम्मानित

**औराई(एनएसबी)।** औराई प्रखंड क्षेत्र के औराई चौक स्थित उत्तम टीवीएस, औराई द्वारा सोमवार को भव्य 'अन्नदाता सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान को सराहा गया। साथ ही उन्हें आधुनिक तकनीक एवं उन्नत संसाधनों से जुड़ने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि साकेत सुमन एवं मुखिया उमाशंकर गुप्ता ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं और उनके परिश्रम से ही राष्ट्र की प्रगति संभव है। उन्होंने उत्तम टीवीएस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन किसानों को नई ऊर्जा और प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर उत्तम टीवीएस के प्रबंध निदेशक सह प्रोपराइटर दीपक यादव ने बताया कि आज के दौर में खेती के साथ-साथ परिवहन की सुविधा भी अत्यंत आवश्यक हो गई है। उन्होंने कहा कि टीवीएस के आधुनिक और भरोसेमंद दोपहिया वाहन किसानों के दैनिक कार्यों जैसे बाजार आना-जाना, सामान ढुलाई एवं समय की बचत में काफी सहायक साबित हो रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को टीवीएस के विभिन्न मॉडलों, उनकी बेहतर माइलेज, मजबूत परफॉर्मेंस और कम मेंटेनेंस की विशेषताओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही आसान फाइनेंस सुविधा एवं आकर्षक ऑफर के बारे में भी बताया गया। जिससे किसान कम लागत में बेहतर वाहन अपना सकें। समारोह में अतिथियों एवं किसानों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मीडिया कर्मियों को भी सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में नवनीत सिंह, वरुण कुमार, रामविषेक राय, ज्ञानी राय, चन्द्रमोहन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय किसान एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।



सम्मान समारोह में किसानों को संबोधित करते कार्यक्रम के आयोजक।

## प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों के लिए आगे आए कांटी विधायक ने आंधी ओलावृष्टि से फसल क्षति का किसानों को मुआवजा देने की उठाई मांग

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** कांटी विधायक एवं पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने जिले में तीन दिन पूर्व हुई आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान पर चिंता जताते हुए जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर से क्षति का आकलन कराकर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने सोमवार को डीएम को ज्ञापन सौपते हुए तत्काल कार्रवाई का अनुरोध किया। ज्ञापन के माध्यम से

विधायक ने कहा है कि 20 मार्च 2026 एवं 21 मार्च 2026 को जिले के विभिन्न इलाकों में तेज बारिश, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि हुई। इसके कारण कांटी, मड़वन सहित जिले के अधिकांश प्रखंडों में तैयार गेहूं, आलू, मक्का, दलहन तेलहन की फसल सहितआम और लीची की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा से किसान काफी परेशान हैं उन्होंने कहा कि जिले के कई किसान खेती के लिए कर्ज लेकर फसल तैयार करते हैं। ऐसे में फसल बर्बाद होने से उनके सामने दोहरी समस्या खड़ी हो गई है। एक ओर उपज नष्ट हो गई है, वहीं दूसरी ओर लिए गए ऋण को चुकाने की चिंता बढ़ गई है। समय पर राहत नहीं मिलने पर किसानों की स्थिति और गंभीर हो सकती है। ई अजीत कुमार ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि कृषि विभाग के अधिकारियों को तत्काल प्रभावित क्षेत्रों में भेजकर फसल क्षति का सर्वे कराया जाए। साथ ही वास्तविक नुकसान का आकलन कर शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके।



किसानों को फसल क्षति का मुआवजा देने की मांग संबंधित ज्ञापन डीएम को सौपते विधायक

## ज्ञान विज्ञान और आध्यात्म की भूमि वाले राज्य को विकसित बिहार बनाने के लिए हो सामुहिक प्रयास : डॉ यशवंत

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बिहार ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म की भूमि है। इसका अपना गौरवशाली इतिहास है। जिसका अनुशरण कर विकसित बिहार बनाने के लिए सभी लोगों को प्रयास करना चाहिए। उक्त बातें वनवासी कल्याण आश्रम के महानगर उपाध्यक्ष डॉ यशवंत कुमार ने सोमवार को वनवासी कल्याण आश्रम के उत्तर बिहार प्रान्त कार्यालय में बिहार दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 22 मार्च 2011 को बिहार राज्य अस्तित्व में आया था। लेकिन इसका इतिहास उससे भी पुराना है। यहां आचार्य चाणक्य जैसे विद्वान ने जन्म लिया तो आयभट्ट जैसे वैज्ञानिक का जन्म भी बिहार की धरती पर ही हुआ। प्राचीन काल में मगध साम्राज्य और पाटलिपुत्र का इतिहास हमें गौरव का अहसास कराता है। सीता की जन्मभूमि भी बिहार को धन्य करती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने गौरवशाली इतिहास से सीख लेकर बिहार को विकसित करने में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्यामसुंदर भरतिया ने की।संचालन करते हुए सचिव राकेश सम्राट ने कहा कि राज्य को विकास के शिखर पर ले जाना हमलोगों का कर्त्तव्य है। जब सभी लोग सामूहिक रूप से प्रयास करेंगे तो बिहार विकसित होकर रहेगा।कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने संगठन का विस्तार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने महानगर में सदस्यों के अलावा आर्थिक सहयोग करने वाले शुभचिंतकों से नियमित संपर्क करने की सलाह दी। कार्यक्रम को अखिल भारतीय श्रद्धा जागरण सह प्रमुख विनोद उपाध्याय, प्रदेश संगठन मंत्री नीतीश कुमार, प्रदेश मंत्री आलोक कुमार, महानगर उपाध्यक्ष डॉ विजय कृष्ण, महानगर के सह सचिव रामबाबू सुमन, महिला समिति की सचिव आशा सिन्हा, ज्योति द्विवेदी, रामप्रवेश सिंह आदि ने भी संबोधित किया।



वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारीगण

## शहीद ए आजम भगत सिंह राजगुर एवं सुखदेव के अधूरे सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी वर्तमान के छात्र युवाओं की : डॉ कुमार विरल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** आजादी आंदोलन के गैरसमझौतावादी धारा के महान योद्धा शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुर एवं सुखदेव के शहादत दिवस पर सोमवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन, मुजफ्फरपुर जिला कमिटी के तत्वावधान में संगठन के मोतीझील स्थित जिला कार्यालय परिसर, में शहादत समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुर एवं सुखदेव की तस्वीर पर उपस्थित लोगों द्वारा पुष्पांजलि किया गया। इसके पश्चात हुई सभा को संबोधित करते हुए डॉ कुमार विरल ने कहा कि अंग्रेजी दासता के खिलाफ आजाद भारत के लिए जिन क्रांतिकारियों ने अपना आहुति दिया। उससे हम कोसों दूर है, आज हमें एक नई क्रांति की जरूरत होगी। डॉ ललन भगत ने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का सपना था। जब हमारा देश आजाद होगा, तो सभी के माथे पर छत होगा। सबको शिक्षा, रोजगार, वस्त्र, भर पेट भोजन, सम्मान पूर्वक जीवन मिलेगा लेकिन उनका सपना आज भी अधूरा है।

संगठन के अखिल भारतीय कमेटी सदस्य अरविंद कुमार ने कहा कि अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ आज ही के दिन 23 मार्च 1931 को शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव ने हंसते हुए फांसी के फंदे को आलिंगन किया था। जिस आजादी के लिए सैकड़ो वीरों ने अपना खून दिया। सर्वस्व को न्योछावर किया। ताकि आजाद देश में सबको शिक्षा, रोजगार, वस्त्र, भोजन, व सम्मान पूर्वक जीवन मिले। लेकिन आज हम उससे कोसों दूर हैं। उन्होंने कहा कि एक नई समाजवादी समाज व्यवस्था का निर्माण करना औऱ उनके अधूरे सपने को साकार करने की जिम्मेदारी आज के छात्र नौजवानों के कंधों पर है। सभा को अमरनाथ आजाद, योगेंद्र कुमार रजक, डॉ ज्योति कुमारी, डॉ उमूल फातिमा, डॉ मीरा कुमारी, सिंधु कुमारी, कृष्ण चंद्र आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार तथा संचालन जिला सचिव अनिल कुमार ने किया। मौके पर प्रेम कुमार ठाकुर, प्रेमचंद जयंती समारोह समिति के जिला सचिव अमन कुमार झा, आशुतोष कुमार, युवा नेता शिव कुमार, प्रदीप पांडेय, अवधेश महतो, टुनटुन प्रजापति, श्यामदेव कुमार, रामबाबू राय, उत्पल कुमार, मोहम्मद अली अख्तर, रश्मि, अक्षरा आदि उपस्थित थे।




भगत सिंह राजगुरु एवं सुखदेव की शहादत दिवस समारोह में मंचासीन वक्तागण।

## संक्षिप्त खबरें

### शहादत दिवस पर कांग्रेसजनों ने अमर शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के शहादत दिवस पर ललित आश्रम गांधी मैदान में श्रद्धांजलि सभा का



कार्यक्रम में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसजन

आयोजन जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रकटू प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। अमर शहीदों के चित्र पर कांग्रेसजनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। भारत मां के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देते हुए कांग्रेसजनों ने उनके क्रांतिकारी जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस के पर्यवेक्षक डॉ. गौरव वर्मा, मुख्य प्रवक्ता प्रमोद कुमार नील, प्रदेश प्रतिनिधि मो. अफाक खान, संजय कुमार बिररख, डॉ. राजीव कुमार काजू, मो. शम्स शाहनवाज, कमलेश सिंह, आलोक सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा, जैनेन्द्र राम, ऋतु ठाकुर, सोहन प्रसाद, प्रो. राम प्रवेश कुशवाहा, विजय सिंह राठौर, उमा कुमारी, भूषण कुमार, राजीव कुशवाहा आदि ने देश की आजादी के लिए जान कुर्बान करने वाले रणबांकुड़ों को आदर पूर्वक याद किया।

### बिहार दिवस पर सम्मानित परिहार सीओ ज्योति कुमारी को लोगों ने दी बधाई, उज्ज्वल भविष्य की कामना

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर परिहार अंचलाधिकारी ज्योति कुमारी को उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके समर्पण, कार्यकुशलता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। समारोह के दौरान अंचलाधिकारी ज्योति कुमारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया कि इन्होंने जनसेवा, राजस्व कार्यों के निष्पादन, अतिक्रमण मुक्ति अभियान और आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इनके प्रयासों से आम जनता को काफी राहत मिली है। उनकी कार्यशैली पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता से आमजनों को लाभ मिला है। उनके नेतृत्व में परिहार अंचल कार्यालय ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद ज्योति कुमारी ने इसका श्रेय अपनी टीम और क्षेत्र की जनता को दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा और वे आगे भी पूरी निष्ठा के साथ जनसेवा में जुटी रहेंगी। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने भी इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



अंचलाधिकारी ज्योति कुमारी को प्रशस्ति पत्र देते अतिथि व अन्य।

### धावा दल की टीम ने बैरगनिया बाजार स्थित दो होटलों से तीन बाल श्रमिकों को कराया विमुक्त

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय एवं विभागीय निर्देश के अनुपालन में सीतामढ़ी जिला के बैरगनिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के धावा-दल द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत बाल श्रमिकों की विमुक्ति के लिए श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बैरगनिया पारिजात परिमल के नेतृत्व में बैरगनिया थाना के सहयोग से एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन की सूचना पर गहन छापेमारी की गई। धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पारिजात परिमल, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के वरिष्ठ स. प्रोजेक्ट अधिकारी मुकुंद कुमार चौधरी, बैरगनिया थाना के सअनि दिनेश पासवान, बैरगनिया थाना की टीम शामिल थी। गौरतलब है कि छापेमारी के क्रम में तीन बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया है। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बैरगनिया बाजार स्थित दो होटलों से तीन बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया है। साथ ही इन बच्चों से बाल श्रम करवाने वाले नियोजकों के विरुद्ध बैरगनिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही हैं। इस संदर्भ में श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी बैरगनिया पारिजात परिमल ने बताया कि नियोजकों से प्रति बाल श्रमिक 20 हजार रुपए की दर से जिला बाल श्रमिक पुनर्वास कल्याण कोष में जमा करने हेतु आवश्यक कार्रवाई होगी। साथ ही नियोजक द्वारा बाल श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर से कम भुगतान करने के विरुद्ध 10 गुना मुआवजा के साथ दावा पत्र भी सक्षम न्यायालय में दायर कर दिया जाएगा। श्री पारिजात ने बताया कि बाल श्रम के खिलाफ धावा दल के द्वारा निरंतर कारवाई की जा रही है इसका उद्देश्य बच्चो को बाल श्रम से बचाने एवं समुदाय के सदस्यों के बीच जागरूकता पैदा कर बाल श्रम मुक्त बैरगनिया प्रखंड क्षेत्र की परिकल्पना को साकार करना है। गौरतलब है कि जिला प्रशासन बाल श्रम, बाल विवाह एवं बाल दुव्यार्पार के विरुद्ध निरंतर पूरी संवेदनशीलता के साथ कारवाई कर रही है।



धावा दल की टीम में शामिल श्रम विभाग के अधिकारी व स्थानीय पुलिस।

### जिले में एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य : डीएसओ

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से निर्बाध आपूर्ति दी जा रही है। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी रिची पांडेय के निर्देश पर गैस वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। साथ ही कालाबाजारी, जमाखोरी या किसी भी तरह की अनियमितता की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता 18,967 है, जबकि मांग 14,600 है, जिससे स्पष्ट है कि आपूर्ति पूरी तरह पर्याप्त है। इसके अलावा 19 किलोग्राम के 248 व्यावसायिक सिलेंडर भी उपलब्ध हैं। जिले में भारत गैस, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और इंडियन ऑयल की कुल 63 एजेंसियों के माध्यम से गैस वितरण सुचारु रूप से जारी है।

### ट्रांसफार्मर मरम्मत के दौरान करंट लगने से मिस्त्री की मौत, जिम्मेदार अधिकारियों का वेतन स्थगित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के रुन्नीसैदपुर प्रखंड अंतर्गत रैनशंकर पंचायत में ट्रांसफार्मर मरम्मत कार्य के क्रम में अचानक विद्युत प्रवाह हो जाने के कारण कार्यरत बिजली मिस्त्री की मृत्यु ट्रांसफार्मर के ऊपर हो जाने की बात सामने आने पर जिलाधिकारी रिची पांडेय के द्वारा रुन्नीसैदपुर के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता के साथ सीतामढ़ी के कार्यपालक अभियंता का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही इस घटना की जांच हेतु अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें अनुमंडल अधिकारी सीतामढ़ी सदर, अनुमंडल पुलिस अधिकारी सीतामढ़ी सदर, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सीतामढ़ी इस जांच कमेटी के सदस्य होंगे।

# सीतामढ़ी की बेटी साक्षी ने इंटर परीक्षा में लहराया परचम, दूध विक्रेता की बेटी बनी बिहार साइंस की सेकंड टॉपर

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित होते ही सीतामढ़ी जिले के मेजरगंज में जश्न का माहौल है। मेजरगंज की रहने वाली साक्षी कुमारी ने पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान (स्टेट सेकेंड रैंक) प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। साक्षी को साइंस में कुल 479 अंक (95.80 प्रतिशत) प्राप्त हुए हैं। जैसे ही रिजल्ट की खबर मिली, साक्षी के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि साक्षी की इस सफलता ने साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी बड़े शहर या संसाधनों की मोहताज नहीं होती।



साक्षी कुमारी

#### ऑनलाइन पढ़ाई और स्व-अध्ययन का कमाल

साक्षी की सफलता की सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने किसी महंगे कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया। साक्षी ने बताया कि उन्होंने टी डब्लू की ऑनलाइन क्लासेस के माध्यम से अपनी पढ़ाई पूरी की। मेजरगंज हाई स्कूल की छात्रा होने के साथ-साथ उन्होंने घर पर रहकर ही इंटरनेट का सही उपयोग किया और डिजिटल माध्यम से शिक्षा ग्रहण की। साक्षी के अनुसार, अगर आपके पास सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प हो, तो आप घर बैठे भी बड़ी से बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं।

**साधारण परिवार, असाधारण मेहनतः** साक्षी एक बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आती हैं। उनके पिता, दिनेश कुमार, सुधा दूध का कारोबार करते हैं और माता एक कुशल गृहिणी हैं। एक मध्यमवर्गीय परिवार से होने के बावजूद साक्षी के हौसले बुलंद थे। पिता दिनेश कुमार बताते हैं कि साक्षी बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। उसकी इस कामयाबी पर पिता का सीना गर्व से चौड़ा है। उन्होंने बताया कि साक्षी की दिनचर्या पूरी तरह से पढ़ाई के इर्द-गिर्द केंद्रित थी, जिससे आज न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन हुआ है।

**कठिन परिश्रम ही जीत का मंत्र :** साक्षी की इस उपलब्धि के पीछे उनकी निरंतरता और कड़ी मेहनत है। उनके पिता के अनुसार, साक्षी प्रतिदिन 6 से 8 घंटे तक मन लगाकर पढ़ाई करती थी। उन्होंने सेल्फ-स्टडी (स्व-अध्ययन) पर सबसे अधिक जोर दिया। परीक्षा के तनाव को पीछे छोड़ते हुए साक्षी ने केवल अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित किया। आज उनकी इस मेहनत का परिणाम है कि 95.80 प्रतिशत अंकों के साथ वह साइंस में राज्य की दूसरी टॉपर बनी हैं। साक्षी की इस जीत से पूरे सीतामढ़ी जिले में खुशी की लहर है और वह अन्य छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रेरणा बन गई हैं।

## आर्ट्स में 400 अंक लाकर यासीर नेहाल ने बढ़ाया मेहसौल का मान, गांव में खुशी की लहर

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का परिणाम सोमवार को जारी होते ही जिले में खुशी का माहौल देखा गया। इसी क्रम में नगर निगम क्षेत्र के मेहसौल वार्ड नंबर 26 निवासी मो. यासीर नेहाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आर्ट्स में 400 अंक प्राप्त कर अपने परिवार, मोहल्ले और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

मो. यासीर नेहाल किसान कॉलेज के छात्र हैं। यासीर के पिता मो. रेहान अहमद एक शिक्षक हैं, जबकि उनकी माता निकहत जहां भी शिक्षिका हैं। यासीर नेहाल पत्रकार मो. अरमान अली का भांजा है। शिक्षा के माहौल में पले-बढ़े यासीर ने अपनी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है। रिजल्ट घोषित होने के बाद उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। रिश्तेदार, मित्र और आसपास के लोग लगातार पहुंचकर यासीन को शुभकामनाएं दे रहे हैं। पूरे मेहसौल इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई है और लोग उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। यासीन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और नियमित पढ़ाई को दिया है। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य आगे चलकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज और देश के लिए कुछ बेहतर करना है। यासीर को बढ़ाई देने वालों में नाना हाजी मो. हशमत हुसैन, नानी नूर जहां, मामा जौहर अली ताज, मजहर अली राजा, किसान कॉलेज के प्राचार्य राजीव रंजन, गौहर सिद्दीकी, असद बेलाल शामिल हैं।



यासीर नेहाल

## बिना कोचिंग और बिना ऑनलाइन क्लास, सीतामढ़ी की सिद्धि शिखा बनी बिहार आर्ट्स की सेकंड टॉपर

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के पुपरी की रहने वाली सिद्धि शिखा ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सिद्धि ने आर्ट्स स्ट्रीम में कुल 478 अंक 95.60 प्रतिशत प्राप्त कर पूरे राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया है। मूल रूप से पुपरी जनकपुर रोड निवासी सिद्धि के पिता प्रशांत कुमार एक हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं, जबकि माता रचना देवी गृहिणी हैं। मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाली सिद्धि की इस ऐतिहासिक सफलता ने न केवल उनके माता-पिता का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है, बल्कि पूरे सीतामढ़ी जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। सिद्धि दो भाई-बहनों में छोटी हैं और उनका बड़ा भाई वर्तमान में स्नातक की पढ़ाई कर रहा है।

**नानी घर से तय किया सफलता का सफरः** सिद्धि की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत और सादगी भरी जीवनशैली का बड़ा हाथ है। सिद्धि ने अपनी पढ़ाई अपने नानी घर बैरगनिया में रहकर पूरी की। उन्होंने प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, बैरगनिया से शिक्षा प्राप्त की और परीक्षा की तैयारी के दौरान भी यहीं डटी रहीं। सिद्धि का मानना है कि सफलता के लिए बड़े शहरों में जाना या महंगे संसाधनों का होना अनिवार्य नहीं है; अगर आपके पास दृढ़ संकल्प है, तो आप कहीं से भी अपना लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। आज उनकी उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण परिवेश में रहकर भी राज्य स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किया जा सकता है।



सिद्धि शिखा

**परिवार में जश्न और भविष्य के सपनेः** रिजल्ट की घोषणा होते ही सिद्धि के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया है। पिता प्रशांत कुमार और माता रचना देवी अपनी बेटी की इस उपलब्धि से फुले नहीं समा रहे हैं। परिवार का कहना है कि सिद्धि बचपन से ही मेधावी और अनुशासित रही है। उसकी इस कामयाबी ने यह संदेश दिया है कि बेटियों को अगर सही अवसर और प्रोत्साहन मिले, तो वे आसमान छू सकती हैं। सिद्धि की इस जीत से पूरे जिले के छात्र-छात्राओं को प्रेरणा मिली है।

#### सेल्फ स्टडी और शिक्षकों के मार्गदर्शन पर भरोसा

आज के दौर में जहां छात्र ऑनलाइन क्लासेस और बड़े कोचिंग संस्थानों के पीछे भागते हैं, वहीं सिद्धि ने एक अलग मिसाल पेश की है। सिद्धि ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय 'सेल्फ स्टडी' और स्कूल के शिक्षकों को दिया है। उन्होंने बताया कि वह प्रोजेक्ट हाई स्कूल बैरगनिया के शिक्षकों द्वारा पढ़ाए गए विषयों को ही घर पर गहनता से दोहराती थीं। अंग्रेजी के लिए एक कोचिंग को छोड़कर उन्होंने किसी भी अन्य विषय के लिए बाहरी मदद या ऑनलाइन क्लास का सहारा नहीं लिया। प्रतिदिन घंटों तक खुद से की गई पढ़ाई और एकाग्रता ही उनकी 95.60 प्रतिशत अंकों की नींव बनी, जिससे उन्हें आर्ट्स टॉपर की सूची में दूसरा स्थान मिला।

## "सबका सम्मान-जीवन आसान" कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं



अपने कार्यालय कक्ष में आमजनों की समस्याओं को सुनते डीएम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत आज समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जहां बारी-बारी से सभी परिवाद सुने गए एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड, अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी श्री पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत काजिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने साम्राज्यवाद विरोधी दिवस पर शहर में निकला मार्च

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरू के शहादत दिवस को संयुक्त किसान मोर्चा, सीतामढी ने 'साम्राज्यवाद विरोधी दिवस' के रूप में मनाया।

इस मौके पर मेहसौल चौक से गांधी चौक होते शहीदे आजम भगत सिंह के स्मारक तक सीतामढी शहर में मार्च निकाला गया मार्च में शामिल किसान-मजदूर, छात्र, नवजवान, ट्रेड यूनियन संगठन के सदस्यों ने साम्राज्यवाद मुदार्बाद, ईरान पर अमेरिकी तथा ईजरायली हमले बंद हो, अमेरिका से कृषि पर ट्रेड डील रद्द करो, जियोनवाद मुदार्बाद, एमएसपी सीटू प्लस 50 प्रतिशत पर कानून बनाओ, किसानों को कर्ज मुक्त करो, किसान विरोधी बीज तथा बिजली विधेयक वापस लो, श्रमिक विरोधी चार श्रम कानून वापस लो, गांवो तथा शहरों में 25 दिन पर एलपीजी की आपूर्ति करो के नारों के साथ शहीद स्थल पंहुचकर शहीद भगत सिंह के स्मारक पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलिअर्पित करने के बाद सभा की। सभा को संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा उतर बिहार के संयोजक डा.आनन्द किशोर ने संबोधित करते हुए कहा कि आतंकी अमेरिका तथा ईजरायल के खिलाफ दुनिया को एकजुट होकर ईरान पर हमला तथा अन्य देशों पर दमन तथा पाबंदी के खिलाफ खडा होना चाहिए। डा. किशोर ने कहा भारत गुटनिरपेक्ष देशों का नेता रहा है भारत विश्व में अगुआई करने के वजाए आज अप्रासंगिक बना हुआ है। कृषि भारत में रोजी-रोटी का आधार है तथा अमेरिका में व्यापार है।भारत को कृषि डील रद्द करना चाहिए।

**ईरान पर हमला बंद हो, विश्व में अमन-चैन हो आदि के लगाए नारे**

किसान सभा के सचिव जयप्रकाश राय ने कहा मोदी अमेरिका के सामने घुटना टेककर देश को संकट में ढकेल रहे हैं किसान-मजदूरों को अमेरिका तथा कारपोरेट के हवाले किया जा रहा है। किसान-मजदूरों को बडे संघर्ष की तैयारी करनी होगी। सभा में किसान सभा, संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा, ट्रेड यूनियन, एआईवाईएफ, किसान सभा माले, ट्रेड यूनियन लीडर दिनेशचन्द्र द्विवेदी, बैधनाथ हाथी, जलंधर यदुबंशी, विश्वनाथ बुंदेला, नेयाज अहमद सिद्दिकी, केदार शर्मा, चन्द्रदेव मंडल, अमरेन्द्र राय, अवधेश यादव, मो. गयासुद्दीन, श्रीप्रकाश पूर्वे, अशोक निराला, मो. मुतुर्जा, नसीरूल हक, नवीन कुमार सिंह, नन्दकिशोर मंडल, अश्विनी कुमार मिश्र, अशोक कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, लालचंद साह, रामेश्वर मंडल, सोनेलाल साह, अनवर अली अंसारी, रविशंकर ठाकुर, मौजूदा शर्मा, बबलू राय, लोरिक राय, रामदरेश राय, लोरिक यादव, पप्पू भगत, सहित अन्य किसान-मजदूर तथा ट्रेड यूनियन नेताओं ने संबोधित किया। सभा स्थल पर अमेरिकी राष्ट्रपति का पुतला दहन कर ट्रंफ तथा नेतन्याहू को अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी बताया गया तथा मुदार्बाद के नारे लगाए।




(साम्राज्यवाद विरोधी दिवस पर शहर में निकले मार्च में शामिल किसान-मजदूर संगठनों के सदस्य)

## शिक्षा विभाग के पूर्व प्रधान लिपिक ध्रुव शर्मा के निधन पर शोक

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** शिक्षा विभाग के पूर्व प्रधान लिपिक ध्रुव शर्मा के आकस्मिक निधन से जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन पर जिला अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ, सीतामढ़ी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

संघ के जिलाध्यक्ष बिनोद बिहारी मंडल, जिला सचिव दिलीप कुमार शाही, प्रमंडल सचिव ज्ञान प्रकाश, उपाध्यक्ष द्विजेंद्र कुमार सुमन, संयुक्त सचिव संजय कुमार कर्ण, हरिवंश पासवान सहित अन्य सदस्यों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।जिला सचिव दिलीप कुमार शाही ने कहा कि स्व. ध्रुव शर्मा कर्तव्यनिष्ठ, जुझारू एवं विभागीय नियम-कानून के गहन जानकार थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में ईमानदारी और समर्पण के साथ विभाग की सेवा की। उनके निधन से शिक्षा विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है।

संघ के पदाधिकारियों ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से इस दुःख की घड़ी में उन्हें संबल प्रदान करने की कामना की। उनके निधन से पूरे शिक्षा विभाग में शोक व्याप्त है।

## महिंदवारा थाना का वार्षिक निरीक्षण, पुलिस अधीक्षक ने दिए आवश्यक निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक अमित रंजन द्वारा सोमवार 23.03.2026 को महिंदवारा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना की कार्यप्रणाली का व्यापक एवं सूक्ष्म मूल्यांकन किया गया।

इस क्रम में थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, सीसीटीएनएस प्रणाली, सिरिस्ता कार्य सहित विभिन्न लंबित मामलों की अनुसंधान प्रक्रिया की गहन समीक्षा की गई। साथ ही अभिलेखों एवं पंजियों के संधारण की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों एवं पंजियों में पाई गई त्रुटियों को शीघ्र सुधारने, लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन करने तथा थाना परिसर एवं कार्यालय में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों एवं चौकीदारों को सिटीजन सेंट्रिक पुलिसिंग को सुदृढ़ करने, कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने तथा आम जनता को त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को निर्देश देते एसपी

# बिहार दिवस समारोह के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने की सांस्कृतिक प्रस्तुति

## जिले के स्थापित कलाकारों की प्रस्तुतियां भी रहीं बेजोड़, जिलाधिकारी ने कलाकारों को किया सम्मानित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के तवावधान मे रविवार को शहर के महात्मा गॉधी अडिटोरियम मे रंगारंग सांस्तिक समारोह का आयोजन हुआ। जिले के विभिन्न सरकारी विधालय के प्रतिभावान छात्र-छात्रो एवं जिले के नामवर कलाकारो ने आकर्षक, मनोहारी व नयनाभिराम गीत- नृत्य से अद्भुत छटा बिखेर दी। तत्पश्चात जिले के नामचीन कलाकारो के नृत्य व गायन की बेजोड़ प्रस्तुतियॉ हुईं। कथक नर्तक रामभजू निराला के प्रतिभावान शिष्य उभरते कथक नर्तक सौरभ कुमार ने अपने बेजोड़ प्रदर्शन से समस्त दर्शक- श्रोताओ को अचंभित कर दिया। सौरभ ने अपने नृत्य का आगाज उठान, ठाट और सलामी से किया।


प्रस्तुति देते बच्चे।

फिर अपने सधे हुए भावभंगिमाओ से आमद, गतें तथा अंत मे तत्कार पर तबले एवं घुँघरू के साथ उन्होंने जुगलबंदी की। तबले पर उनके साथ रविशंकर पाठक ने शानदार संगति की। हारमोनियम पर गुरु रामभजू निराला ने लहरे पर साथ दिया। फिर, राष्ट्रीय युवा उत्सव मे तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके बनारस घराने के प्रसिद्ध गायक विवेक शिरोमणी ने शास्त्रीय राग श्मारु विहागश पेश किया। मध्य लय तीन ताल मे निबद्ध इस राग की प्रस्तुति के दौरान उनकी साधना स्पष्ट परिलक्षित हो रही थी। तबले पर युवा तबलावादक अनुराग मिश्र ने बेहद सधे अंदाज मे उनके साथ संगत की। तवावधान दिल्ली मे संगीत का प्रशिक्षण ले रहीं चंपारण की युवा कलाकार सुश्री अदिति झा के गायन की प्रस्तुति हुई। अदिति ने अपने सुरीली आवाज मे गजलें एवं लोकगीत प्रस्तुत कर महौल को सुरमई बना डाला। इसके बाद राज्य स्तरीय गायक संजय उपाध्याय ने अपनी सधी आवाज मे गजल और लोकगीत गाकर दर्शको की भरपूर तालियॉ बटोरी। अंत मे बिहार स्तरीय युवा उत्सव मे तृतीय स्थान प्राप्त कर चुके बेहतरीन गायक मुकेश कुमार द्विवेदी ने गजल व सूफियाना अंदाज मे कई गीत सुनाकर सांगीतिक शाम को नयी उँन्चाइयों तक पहुँचा दिया। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने साँस्तिक कार्यक्रम मे भाग लेने वाले स्कूली छात्र- छात्राओ को मेमेंटो एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी कीस साँस्तिक कार्यक्रम की स्क्रीनिंग एवं संयोजन के लिए वरीय संस्तिकर्मी संजय कुमार पाण्डेय एवं अभय अनंत को अंगवस्त्रम् व मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।समारोह का सफल संचालन एम एस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो अरुण कुमार एवं बिनोद तिवारी ने संयुक्त रुप से कियास मौके पर जिला सामान्य प्रशाखा पदादिकारी निधि कुमारी, वरीय उपसमाहर्ता प्रेमलता कुमारी, जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी फहद सिद्दीकी, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरि, डीपीओ प्रह्लाद प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम की सफलता मे समग्र शिक्षा के मीड़िया प्रभारी शकील अहमद एवं कला, संस्ति विभाग के अनुराग कुमार की सराहनीय भूमिका रही।इस अवसर पर एम. जे. के. गर्ल्स इंटर कलेज, प्रभावती गुप्ता गर्ल्स इंटर कलेज, कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय मेहसी, पताही एवं कोटवा तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय, बरियारपुर व , सिहुलिया ( रामगढ़वा) एवं तिरहुत उच्च माध्यमिक विद्यालय, मेहसी के छात्र- छात्राओ ने बिहार गौरव गान, गुरु- वंदना, देशभक्ति, पारंपरिक लोक गीत तथा छठ महापर्व से जुड़े गीतो पर भावपूर्ण समूह नृत्य प्रस्तुत कर समारोह को सार्थक बना डाला। खूबसूरत परिधान व रुप सज्जा के साथ बेहतरीन कोरियोग्राफरो द्वारा तैयार समूह नृत्य मे स्कूली बच्चो ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया।

# विधायक ने प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

## प्रखंड परिषद में बंद रहे पोखर के सौंदर्यकरण में पाई अनियमितता

**अरेराज (एनएसबी)।** स्थानीय विधायक राजू तिवारी ने सोमवार को अरेराज प्रखंड कार्यालय,नगर पंचायत और अनुमंडल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान विधायक को विकास योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं और गड़बड़ियां देखने को मिलीं, जिसे देखकर वे बेहद असंतुष्ट नजर आ रहे थे। विधायक का गुस्सा उस समय सातवें आसमान पर पहुंच गया जब उन्होंने ब्लक कैंपस में बन रहे पोखर के सौंदर्यीकरण कार्य की बदहाली देखी।

घटिया निर्माण कार्य को देखकर राजू तिवारी ने मौके से ही नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी निखिल कुमार को फोन लगाया और दो टूक शब्दों में कहा कि उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार और काम में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने तत्काल प्रभाव से संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने और उसका भुगतान रोकने का कड़ा निर्देश दिया है। हालांकि बातचीत के दौरान विधायक श्री तिवारी ने कहा कि अगर कोई भी गड़बड़ी आम लोगों को दिखाई देती हो तो तुरंत बताइए इस पर निश्चित कार्रवाई की जाएगी।


निरीक्षण करते विधायक।

### अरेराज में अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कार्रवाई, दो सेंटर सील

**मोतिहारी(एन एस बी)।** अनुमंडल पदाधिकारी, अरेराज सुश्री अंजली शर्मा के नेतृत्व में अनुमंडलीय अस्पताल परिसर के समीप संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य संस्थानों की वैधता और मानकों की जांच करना था।निरीक्षण के दौरान सोमेश्वर अल्ट्रासाउंड सेंटर एवं गणपति अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन प्रथम ष्टया अवैध पाया गया। जांच में दोनों केंद्रों के पास आवश्यक वैध कागजात, पंजीकरण तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने जनहित में दोनों अल्ट्रासाउंड केंद्रों को तत्काल प्रभाव से सील कर दियास इस दौरान अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक, थाना प्रभारी अरेराज तथा कार्यपालक दंडाधिकारी भी मौजूद रहे और कार्रवाई को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।प्रशासन द्वारा संबंधित संचालकों को आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

# पिपराकोठी में रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का आयोजन, 652 युवाओं ने कराया पंजीकरण

**पिपराकोठी(एन एस बी)।** पूर्वी चंपारण जिले के पिपराकोठी प्रखंड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में 23 मार्च 2026 को जीविका परियोजना के तत्वावधान में रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित इस मेले में एलआईसी, होप केयर, ेस्कर्प एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सहित कुल 8 कंपनियों ने भाग लिया।

मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार, षि विज्ञान केंद्र के निदेशक अरविन्द कुमार सिंह एवं जीविका जिला परियोजना प्रबंधक सौरभ कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ड़ प्रदीप कुमार ने कहा कि जीविका परियोजना ने ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक परिवर्तन के साथ रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं को रोजगार एवं प्रशिक्षण के बेहतर अवसर मिलेंगे।

कृषि विज्ञान केंद्र के निदेशक अरविन्द कुमार सिंह ने जीविका दीदियों को षि आधारित आजीविका और प्रशिक्षण के महत्व से अवगत कराया तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं जीविका जिला परियोजना प्रबंधक सौरभ कुमार ने जिले में जीविका की उपलब्धियों और रोजगार मेले की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।जीविका रोजगार प्रबंधक अभिषेक आनंद ने बताया कि मेले में कुल 652 बेरोजगार युवक-युवतियों ने पंजीकरण कराया, जिसमें 145 अभ्यर्थियों का चयन अगले चरण के लिए हुआ। 126 अभ्यर्थियों ने एसएमओ एवं हाउसकीपिंग ट्रेड में प्रशिक्षण के लिए आवेदन किया, जबकि 115 अभ्यर्थियों ने आरसेटीआई में प्रशिक्षण हेतु पंजीकरण कराया।

कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण अधिकारी अमित कुमार ने किया, जबकि अंत में बीपीएम पिपराकोठी लक्ष्मण कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर विभिन्न प्रखंडों के अभ्यर्थी, अधिकारी, जीविका दीदियां एवं कैडर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मेहसी में फलाह-ए-कौम व मिल्लत कन्फ्रेंस का आयोजन, गौसिया मस्जिद का शिलान्यास

**मेहसी (पूर्वी चंपारण)।** पवित्र रमजान माह के अवसर पर मेहसी प्रखंड के अमवा कनकटी बाजार में तंजीम-ए-उलमा-ए-अहले सुन्नत व जमाअत, मेहसी शरीफ के तत्वावधान में फलाह-ए-कघैम व मिल्लत कन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर गौसिया मस्जिद का शिलान्यास भी संपन्न हुआ, जिसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है।

कार्यक्रम की सरपरस्ती हजरत मुफ्ती शमीम रजा इस्माइली साहब ने की, जबकि अध्यक्षता हजरत मौलाना सिद्दीक रजा हैदरी साहब ने की। तंजीम के अध्यक्ष हजरत मुफ्ती मोहम्मद कघुतुबुद्दीन रिजवी साहब की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। संचालन मौलाना सूफियान जिया साहब ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मौलाना शहाबुद्दीन साहब ने मस्जिदों की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मस्जिदों का निर्माण जितना जरूरी है, उससे कहीं अधिक उन्हें आबाद रखना आवश्यक है। वहीं, खघ्तीब-ए-अहले सुन्नत कघरी महबूब रजा शबनम रिजवी साहब ने अपने संबोधन में ईमान की हिफाजत और बुजुर्गों के बताए रास्ते पर चलने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम में नात व मनकघ्बत की प्रस्तुति ने माहौल को रूहानी बना दिया। सैयद नूरानी रजा हलीमी और मकघ्सूद नादिर फैजी सहित अन्य नातख्वानों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को भावविभोर कर दिया। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष इसी स्थल पर मस्जिद-ए-हुसैनी की नींव रखी गई थी तथा बच्चों की तालीम के लिए मदरसा ताज-ए-शरीअत की स्थापना की गई थी। इस वर्ष गौसिया मस्जिद का शिलान्यास इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के अंत में तंजीम की ओर से लोगों से दीन और समाज के उत्थान के लिए सहयोग की अपील की गई। इस मौके पर कघरी बिलाल रजा रहमानी, मौलाना कघ्मर रजा नूरानी सहित बड़ी संख्या में उलेमा-ए-किराम एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# मारीशस में बिहार दिवस पर लोक कला की छटा बिखेर लौटीं डा. नीतू कुमारी नूतन

**मोतिहारी(एन एस बी)।** राष्ट्रपति अवार्डी एवं लोक संस्ति की राजदूत ड़ नीतू कुमारी नूतन ने मारीशस में आयोजित तीन दिवसीय 'बिहार दिवस समारोह' में अपनी सुमधुर गायिकी और लोक कला के विविध रंगों से समां बांध दिया। 20 से 22 मार्च तक चले इस अंतरराष्ट्रीय सांस्तिक आयोजन में उन्होंने बिहार का एकमात्र प्रतिनिधित्व किया और स्वदेश लौट आईं।

हाई कमीशन, भारत सरकार तथा बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह के प्रथम दिन मारीशस के राष्ट्रपति धर्म गोखूल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ड़ नूतन की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए भारतीय लोक संस्ति की विविधता की प्रशंसा की। समापन समारोह में मारीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके समक्ष ड़ नूतन ने भगवती गीत, पारंपरिक लोकगीत और छठ महापर्व से जुड़े गीत प्रस्तुत किए। साथ ही विलुप्तप्राय 'बिहार बिम्बो गीत' की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।


मारीशस पीएम के साथ डॉ. नूतन।

प्रधानमंत्री रामगुलाम उनकी प्रस्तुति से भावविभोर हो गए और उनकी कला की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए पुनः मारीशस आने का आमंत्रण भी दिया।अपनी इस यात्रा को यार बताते हुए ड़ नूतन ने मारीशस, भारत और बिहार सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस सांस्तिक यात्रा ने भारत और मारीशस के ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत किया है। उन्होंने यह भी कहा कि मारीशस में भारत की आत्मा बसती है और वहां के लोगों में भारतीय लोक संस्ति के प्रति गहरा प्रेम देखने को मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### डीडीसी ने की कार्रवाई, लापरवाही पर पंचायत रोजगार सेवक के मानदेय में कटौती

**मोतिहारी(एन एस बी)।** पूर्वी चंपारण जिले में मनरेगा कार्यों में लापरवाही बरतने वाले पंचायत रोजगार सेवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार ने बताया कि केसरिया प्रखंड के ग्राम पंचायत राज बैरिया एवं गोछी कुशहर में कार्यरत पंचायत रोजगार सेवक श्री शत्रुधन कुमार द्वारा लगातार निर्देशों की अवहेलना की जा रही थी।डीडीसी ने कहा कि जिला एवं प्रखंड स्तर से कई बार निर्देश देने और स्पष्टीकरण मांगने के बावजूद म-ज्ञल्ब कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार बैरिया पंचायत में ।सस स्ंइवनत की उपलब्धि 42.35 प्रतिशत तथा ।बजपअम स्ंइवनत में 75.58 प्रतिशत रही, जबकि गोछी कुशहर पंचायत में यह क्रमशः 51.79 प्रतिशत एवं 79.40 प्रतिशत दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम पदाधिकारी, केसरिया द्वारा भी प्रतिवेदन में यह स्पष्ट किया गया था कि संबंधित कर्मी योजना कार्यों में रुचि नहीं ले रहे हैं और अनुशासनहीनता बरत रहे हैं। साथ ही, पिछले एक माह में उनके द्वारा एक भी म-ज्ञल्ब नहीं किया गया और वे कई महत्वपूर्ण बैठकों से अनुपस्थित पाए गए।जिलाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक के आदेश के आलोक में डीडीसी ड कुमार ने प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शत्रुधन कुमार के मानदेय में 15 प्रतिशत की कटौती तीन वर्षों के लिए की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी कर्मियों के विरुद्ध आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### श्री शतचंडी महायज्ञ में उमड़ा आस्था का सैलाब चौथे दिन ताड़का वध प्रसंग ने बांधा समां

**अरेराज(एन एस बी)।** अनुमंडल के गंडक तटवर्ती गांव गुरहा स्थित तेतर दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। 19 मार्च से 27 मार्च तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य विश्व शांति एवं जनकल्याण है। पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण व्याप्त है। महायज्ञ के चौथे दिन रामलीला मंचन के दौरान ताड़का वध प्रसंग का सजीव चित्रण किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के अनुसार महर्षि विश्वामित्र के आह्वान पर भगवान श्रीराम ने यज्ञ की रक्षा हेतु राक्षसी ताड़का का वध कर ऋषियों के यज्ञ को निर्विघ संपन्न कराया। इस प्रसंग के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अत्याचार और अन्याय का अंत निश्चित है। रामलीला के व्यास ठकन मिश्र ने प्रभावशाली शैली में कथा का प्रस्तुतीकरण किया, जबकि बाल कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोविंज के विधायक सह विधानसभा सचेतक राजू तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विवेका पांडेय, ऐश्वर्य मिश्रा, दुलार पांडेय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यज्ञ में 11 पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है। यज्ञाचार्य पंडित मदन शास्त्री अपने सहयोगियों के साथ आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष रामनिवास पांडेय, प्रधान यजमान चन्द्रभूषण पाठक, सरपंच धनंजय चौबे का विशेष योगदान रहा। यज्ञ संयोजक पंडित संजीव मिश्र एवं सह संयोजक चन्द्रकिशोर प्रसाद चौरसिया के नेतृत्व में कार्यक्रम सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। पीपरा पंचायत के ग्रामीण भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### नीट में सफलता, वशी अख्तर ने बढ़ाया रक्सौल का मान

**रक्सौल(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के धनगढवा कौड़ीहार पंचायत अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव निवासी मोजामिल मियां के पुत्र वशी अख्तर ने वर्ष 2025 की नीट परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने अल इंडिया स्तर पर 17 हजार तथा ओबीसी वर्ग में 7 हजार रैंक प्राप्त की है। साधारण परिवार से आने वाले वशी अख्तर की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और ढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनकी इस सफलता पर सिसवा पैक्स अध्यक्ष चंचल राय एवं समाजसेवी सच्चिदानंद सिंह ने उन्हें माला व दोशाला ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डक्टर बनना केवल एक परीक्षा पास करना नहीं, बल्कि यह जिम्मेदारी, करुणा और सेवा से भरा जीवन चुनने का प्रतीक है। वशी अख्तर का यह मुकाम उनके लंबे अध्ययन, आत्म-अनुशासन, त्याग, मौन संघर्ष और अटूट विश्वास का परिणाम है, जो आज सार्थक साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि वशी अख्तर की यह सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी और उन्हें भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सीख देगी।

### इंटरमीडिएट परिणाम जारी छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**पीपराकोठी(एन एस बी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में क्षेत्र के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। गोविंदापुर निवासी दीपक कुमार श्रीवास्तव की पुत्री चुलबुली कुमारी ने 456 अंक प्राप्त किया। चंदसरैया के जाकिर हुसैन की पुत्री अंगूरी खातून ने 430 अंक प्राप्त किए। हरपुर निवासी उपेन्द्र गिरी की पुत्री खुशबू कुमारी ने 415 अंक और वाटगंज निवासी गणेश कुमार गुप्ता की पुत्री शिवानी कुमारी ने 417 अंक हासिल किए। सेमरा निवासी मो आजम के भगिना हसन अकबर ने 398 अंक प्राप्त किए, जबकि कंठछपरा निवासी संजीव कुमार शर्मा की पुत्री संजना कुमारी ने 378 अंक प्राप्त किए। बड़कुरवा निवासी गुड्डू कुमार राम की पुत्री मनीषा कुमारी ने 389 अंक प्राप्त किए। बलथरवा निवासी नगीना भगत के पुत्र प्रीतम भगत ने 300 अंक हासिल किए। छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने बधाई दी है।


मिठाई खाती खुशबू।

### केसरिया महोत्सव के तीसरे दिन वालीवुड स्टार ऐश्वर्या पंडित ने जलवा दिखाई

**केसरिया(एस एन बी)**तीन दिवसीय केसरिया महोत्सव का अंतिम तीसरा दिन सोमवार को पूरी तरह बलीवुड नाइट के नाम रहा, जिसमें पार्श्वगायिका ऐश्वर्य पंडित, शिल्पा श्रीवास्तव व पार्श्वगायक अतुल पंडित की प्रस्तुति ने दर्शकों को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत ऐश्वर्य पंडित ने अपने लोकप्रिय गीत से करते हुए शानदार आगाज किया। उनकी मधुर आवाज और मंच पर जीवंत प्रस्तुति ने माहौल को पूरी तरह संगीतमय बना दिया। इसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर एक सुपरहिट बलीवुड गीतों की प्रस्तुति दी, जिस पर दर्शक झूमते नजर आए। हर गीत के साथ तालियों की गूंज और दर्शकों की वाहवाही बढ़ती चली गई। पार्श्वगायक अतुल पंडित ने भी अपनी दमदार आवाज से समां बांध दिया। उन्होंने रोमांटिक, सूफी और जोशीले गीतों का ऐसा मिश्रण पेश किया कि पूरा पंडाल संगीत में डूब गया। उनके गाए गीतों पर युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने जमकर तालियां बजाईं और कई दर्शक खुद को थिरकने से रोक नहीं सके। शिल्पा श्रीवास्तव ने भी अपनी दमदार आवाज से लोगों को खूब झुमाया।



कार्यक्रम में उपस्थित कलाकार।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का शाखा चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न, अध्यक्ष राजेश यादुका व सचिव बनें निकुन तुलस्यान

**सहरसा शहर (एनएससबी)।** बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन सहरसा शाखा द्वारा एक आवश्यक बैठक आयोजित कर सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष गोपाल शंकर गुप्ता ने किया।स्थानीय शंकर चैक स्थित महिला सत्संग भवन में सत्र 2026-2028 के लिए सर्वसम्मति से चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष राजेश यादुका, सचिव निकुन तुलस्यान, कोषाध्यक्ष गौतम दहलान, उपाध्यक्ष सुशील दहलान, रोकेश अग्रवाल टोनी सह-सचिव श्रवण सलामपुरिया को बनाया गया।इस बैठक में बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान प्रांतीय उपाध्यक्ष अमर दहलान, राधेश्याम अग्रवाल, अरूण दहलान, राजेश पचेरिया, राजेश दारूका, गोपाल दहलान, रमेश भीमसेरिया, जयप्रकाश शर्मा, मिहिर टेकरीवाल, दीपक तुलस्यान, संजय तुलस्यान, कुबेर तुलस्यान, शिव पंसारी, संजय यादुका,आशीष परसुरामपुरिया,प्रकाश तुलस्यान, प्रकाश पचेरिया,पवन तोदी,राजेश तोदी,आशुतोष संघई, मन्टू भीमसेरिया, आदित्य मित्तल, विपुल दहलान, रोहित तुलस्यान, सुभाष अग्रवाल, नितेश अग्रवाल ,दयानंद तुलस्यान, मनोज तुलस्यान, विनय तुलस्यान, विजय सेठिया, गौरव सिंघल, गौरव तुलस्यान, मुरलीधर मनोहर गणेरीवाल के अलावा शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई दी।



### बनमा ईटहरी थाना को मिला नया थानाध्यक्ष, कुंदन कुमार साहनी ने संभाली कमान।



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के लोगों के लिए प्रशासनिक स्तर पर एक अहम बदलाव हुआ है। बनमा ईटहरी थाना में नए थानाध्यक्ष के रूप में कुंदन कुमार साहनी को पदस्थापित किया गया है। उनके पदभार ग्रहण करते ही क्षेत्र में बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की उम्मीद जताई जा रही है। नए थानाध्यक्ष कुंदन कुमार साहनी ने पदभार संभालने के बाद कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना, अपराध पर नियंत्रण करना और आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं स्थानीय लोगों ने भी नए थानाध्यक्ष से उम्मीद जताई है कि वे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करेंगे तथा जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करेंगे। ज्ञात हो कि इससे पूर्व यहां थानाध्यक्ष के पद पर कार्यरत अधिकारी का स्थानांतरण कर दिया गया है, जिसके बाद कुंदन कुमार साहनी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### राजद ने डॉ. राममनोहर लोहिया की मनाई जयंती

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिला परिषद के प्रांगण में डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मो. ताहिर ने किया। जयंती कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि डॉ. लोहिया आजीवन गरीबों के हक हकुक की लड़ाई लड़ते रहे, जहां एक और देश को आजादी दिलाने अंग्रेजों से लड़े, वहीं आजाद भारत में सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते रहे। समाजवाद कैसे जिंदा होगा इस लड़ाई की शुरूआत उन्होंने किया। आज उन्हीं से प्रेरणा लेकर लालू प्रसाद यादव गरीबों के न्याय दीलाने का काम किए। और उन्हीं के पदचिन्ह पर चलकर तेजस्वी यादव सामंती ताकतों से लड़ रहे हैं। समाजवादी विचारधारा के लिए राजद लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस मौके पर रंजीत यादव, धीरेंद्र यादव, धनिकलाल मुखिया, नाथेश्वर यादव, मो. नईम, जिला प्रवक्ता जावेद अनवर चांद, नगर अध्यक्ष कौशल यादव, एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष भीम कुमार भारती, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला सचिव मो.साहिल, मो.फरहान, नीतीश आनंद, भूपेंद्र यादव, मो. जमशेद, मो. युसूफ, लालटू यादव, सुमन झा, गुंजन देवी, प्रीतम कुमारी गुप्ता सहित कई मौजूद थे।

### चिरैया थानाध्यक्ष का मुरारी ने पाग चादर से किया सम्मानित

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक हिमांशु के निर्देश पर इंद्रजीत तांती ने चिरैया थानाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद समाजसेवी मुरारी यादव ने थानाध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए पाग चादर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। पदभार ग्रहण के बाद नव पदस्थापित थानाध्यक्ष इंद्रजीत तांती ने कहा कि थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर पुलिस-पब्लिक के संबंधों को मजबूत किया जाएगा। साथ ही अपराधियों एवं शराब माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### गैस किल्लत के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन चलाएगें कांग्रेस कार्यकर्ताः मुकेश झा



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आदेशानुसार, जिला कांग्रेस कमिटी सहरसा के द्वारा सोमवार को केन्द्र सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। श्री झा ने बताया कि केन्द्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण रसोई गैस सिलेन्डर की कीमत में वृद्धि और इसकी भारी किल्लत के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया है।मंगलवार को कांग्रेस जनों द्वारा विरोध प्रदर्शन एव केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री एव पेट्रोलियम मंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम किया जाएगा।जिसमे सहरसा जिले के कांग्रेस पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता तथा सभी मोर्चा संगठन के पदाधिकारी एव कायकर्त्ता भाग लेगें। इस बैठक के दौरान जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष शोभा कान्त झा,कहरा प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता मृत्युंजय कुमार सिंह, विधान चंद्र झा,मो आफताब आरिफ, सत्य नारायण चैपाल, बैद्यनाथ झा सहित अन्य मौजूद थें।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनता से संवाद कार्यक्रम आयोजित।

**सहरसा (एनएसबी)।** सोमवार को सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसान अंतर्गत जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित आम नागरिक से संवाद कार्यक्रम के दौरान समेकित रूप से कुल तीस आवेदनों के संदर्भ में सुनवाई की गई। एवं संबंधित कार्यालयों को प्राप्त आवेदनों के सम्यक निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया है। सुनवाई क्रम में कपिलदेव राम, भेलवा वार्ड संख्या:03 बसंत कुमार, वार्ड संख्या:28 संतनगर निवासी उमा यादव भटपुरा सिमरी बख्तियारपुर निवासी ने भूमि विवाद से संबंधित समस्या निराकरण हेतु आवेदन दिया। अनुमंडल पदाधिकारी सदर को आवेदन निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया है। राकेश कुमार सिंह महिषी निवासी से संबंधित आवेदन के सम्यक निष्पादन का निर्देश अंचलाधिकारी महिषी को दिया गया है। जनता से संवाद कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, मापी नहीं होने से संबंधित, अतिक्रमण ए संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। सभी कार्यालयों में आम नागरिक से संबंधित समस्याओं की सुनवाई की गई है। आज आयोजित जनता दरबार में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, अपर समाहर्ता गणेश कुमार सहित प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।



# डीएम द्वारा पीएनजी गैस आपूर्ति कार्य 8 अप्रैल तक पूर्ण करने का निर्देश?

## पीएनजी सेवा उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी सिलेंडर के मुकाबले अधिक फायदेमंदः दीपेश कुमार

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में सिटी गैस डिस्ट्रिब्यूशन सीजीडी परियोजना के वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पीएनजी आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु वर्तमान में क्रियान्वित पाइप बिछाने व आपूर्ति सुनिश्चित करने निमित सभी आवश्यक कार्य को अनिवार्यतः आगामी पंद्रह दिनों में पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। बैठक में आईओसीएल प्रबंधक को उक्त वर्णित कार्य को पूर्ण करने हेतु ठोस कार्ययोजना अविलंब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। वही पीएनजी गैस आपूर्ति कार्य को प्रारम्भ करने का लक्ष्य 8 अप्रैल को रखा गया है।जिसके अंतर्गत निर्धारित तिथि तक सभी कार्य पूर्ण करना आईओसीएल से अनिवार्यत अपेक्षित होगा।बैठक में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा, अपर समाहर्ता श्री निशांत सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। इसके साथ साथ डीपीआरओ आलोक कुमार ने राज्य सचिव के निदेशानुसार सोमवार को मीडिया ब्रीफिंग में एलपीजी गैस सिलेंडर वितरण एवं पीएनजी गैस उपलब्धता हेतु की जा रही कारवाई के संबंध में अवगत कराया गया। उन्होंने बताया की जिले में एलजी सिलेंडर की उपलब्धता और वितरण में सुधार देखा जा रहा है। वही गैस के सुव्यवस्थित वितरण और वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास जारी है। जिले में ऊर्जा के वैकल्पिक और आधुनिक स्रोतों को बढ़ावा देने तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित एजेंसी को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए है। बैठक मे 15 दिनों के भीतर पीएनजी कनेक्शन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।वही सिटी गैस लिमिटेड के एरिया प्रबंधक ने बैठक में आश्वस्त किया कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा अगले 15 दिनों के भीतर उन सभी आवेदकों के घरों तक गैस पाइपलाइन की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी जिन्होंने इसके लिए पंजीकरण कराया है। जिलाधिकारी ने कार्य की महत्ता को देखते हुए कंपनी को ह्लडबल शिफ्टह्ल में काम करने का निर्देश दिया है ताकि लक्ष्य को समय सीमा के भीतर पूरा किया जा सके।उन्होने कहा कि इंडियन ऑयल की पीएनजी सेवा उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी सिलेंडर के मुकाबले अधिक फायदेमंद है।यह सिलेंडर से सस्ती है और बिना किसी बुकिंग के 24ॐ7 निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करती है।साथ ही सिलेंडर बदलने की परेशानी और डिलीवरी मैन के इंतजार से मुक्ति मिलती है।यह संपर्क रहित आपूर्ति प्रदान करती है और इसमें ह्लपहले इस्तेमाल करें, फिर भुगतान करें की सुविधा है।इस योजना में उपभोक्ता जितनी गैस की खपत करेंगे, बिल भी उतना ही देना होगा।उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए दो मुख्य योजनाएं पेश की गई हैं।जिसमें स्कीम ए फाइव आकर्षक ईएमआई और रेंटल स्कीम के साथ उपलब्ध है।वही बी फाइव में पंजीकरण के समय आंशिक भुगतान और आगामी 2 वर्षों तक बिल के साथ भुगतान का विकल्प है।इच्छुक नागरिक केवल पहचान पत्र और पते का प्रमाण देकर पंजीकरण करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिले में एलपीजी सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। वर्तमान में प्रतिदिन 5200 सिलेंडरों की आवश्यकता के विरुद्ध 6000 सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है।साथ ही प्रशासन कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध सख्त है। इसी क्रम में 22 मार्च को नवहट्टा प्रखंड में छापेमारी कर 135 अवैध सिलेंडर जब्त किए गए हैं।भविष्य की जरूरतों को देखते हुए सरकार की प्राथमिकता पीएनजी जैसी सिटी गैस सेवाओं को घर-घर तक पहुँचाना है।अधिक जानकारी या पंजीकरण हेतु उपभोक्ता इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के कस्टमर केयर नंबर 1800 180 7788 या आपातकालीन नंबर 9801580329 पर संपर्क कर सकते हैं।

**जिला प्रशासन द्वारा नवहट्टा प्रखंड में छापेमारी कर 135 अवैध सिलेंडर जब्त।**




पीएनजी सेवा के लिए निर्देष देते डीएम।

# जुवेनाइल जस्टिस अधिनियम एवं पॉक्सो अधिनियम पर एकदिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## बच्चों के मामले में संवेदनशील बने पुलिस व हित धारकः भगवान जी पाठक

**सहरसा षहर (एनएसबी)।** कोशी प्रमंडल में बाल संरक्षण को सुदृढ़ बनाने एवं कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए जुवेनाइल जस्टिस अधिनियम एवं पॉक्सो अधिनियम पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को विकास भवन सभागार में आयोजित हुई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कवच, यूनिसेफ एवं बिहार पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहरसा, सुपौल एवं मधेपुरा जिलों के थाना प्रभारी एवं बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक भगवान जी पाठक एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीश चन्द्रमा सिंह द्वारा प्रतिभागियों को कानून के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिससे वे अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन कर सकें। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को बाल अधिकारों, बाल संरक्षण से जुड़े प्रावधानों, तथा बच्चों से संबंधित मामलों में संवेदनशील एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान जुवेनाइल जस्टिस अधिनियम के प्रमुख प्रावधान एवं महत्वपूर्ण धाराएं,पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत अपराधों की पहचान, महत्वपूर्ण धाराएं एवं जांच प्रक्रिया बाल पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार एवं बाल अनुकूल प्रक्रिया प्राथमिकी दर्ज करने, साक्ष्य संकलन एवं अभियोजन की प्रक्रिया, केस स्टडी एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझ विकसित करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इस पहल से सहरसा प्रमंडल में बाल सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान मिलने की अपेक्षा है। प्रशिक्षक भगवान जी पाठक ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी को संवेदनशील होना होगा क्योंकि किशोर न्याय अधिनियम कहता है। बच्चा निर्दोष है। किसी बच्चों को दाग संबंधी बात नहीं हो कोई बच्चा फंसे नहीं इसे ध्यान में रखकर किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं लैंगिक अपराध अधिनियम 2012 के संशोधित अधिनियम पर पुलिस थाना अध्यक्ष एवं बाल कल्याण पदाधिकारी को ध्यान देने की आवश्यकता है। वही सेवानिवृत न्यायाधीश चंद्रमा सिंह ने कहा कि पॉक्सो एक्ट मामले में पुलिस अफसर की क्या भूमिका होनी चाहिए।कैसे अनुसंधान बढ़ाना है। पोक्सो एक्ट में तुरत एफआईआर दर्ज कर लेना है और 24 घंटे के अंदर हर परिस्थिति में मुजरिम की गिरफ्तारी हो जानी चाहिए। साथ ही एक महीने में अनुसंधान अवश्य पूरा होना चाहिए। वहीं न्यायालय को भी एक साल में ट्रायल समाप्त कर सजा देने का प्रावधान है। क्योंकि यह अपराध जघन्य से जघन्य अपराध माना गया है। 2019 के संशोधन के अनुसार इसमें सजा ए मौत का प्रावधान किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीनों जिलों थानाध्यक्ष एवं पुलिस बाल कल्याण पदाधिकारी शामिल रहें।




बैठक में बाल संरक्षण अधिकारी व अन्य।

# भगत सिंह के विचारों को किताबों में ना रखकर अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकताः ओमप्रकाश नारायण

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहादत दिवस पर सोमवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने साम्राज्यवादी विरोध दिवस के रूप में मनाया। गांधी पथ स्थित शहीद जयप्रकाश भवन में भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकत्ताओं ने श्रद्धांजलि दीं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य कामरेड ओम प्रकाश नारायण ने श्रद्धांजलि सभा में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के शहादत दिवस 23 मार्च को साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज पूंजीवादी मुनाफाखोरी की प्रवृत्ति के कारण दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर खड़ी है। अमेरिका और इजरायल द्वारा तेल पर कब्जे की नीतियों के कारण वैश्विक संकट गहरा रहा है। जिसका असर भारत में भी डीजल,पेट्रोल, गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर देखने को मिल रहा है। इसका लाभ बड़े पूंजीपति उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की गई व्यापारिक डील किसानों के हितों के खिलाफ है, जिसका गंभीर प्रभाव देश के किसानों पर आने वाले दिनों में पड़ेगा।उन्होंने कहा कि आज के नौजवानों को भगत सिंह के विचारों को केवल किताबों तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें अपने जीवन में अपनाना होगा। हमें सवाल करना सीखना होगा, अन्याय के खिलाफ खड़ा होना होगा और समाज को बेहतर बनाने के लिए निरंतर संघर्ष करना होगा।भगत सिंह ने अंग्रेजी हुकूमत के शोषण के खिलाफ साहसिक लड़ाई लड़ी थी। आज भी हमारे समाज में शिक्षा में असमानता, बेरोजगारी और सामाजिक भेदभाव जैसे कई प्रकार के शोषण मौजूद हैं। इन शोषणों से मुक्ति पाने के लिए भगत सिंह को पढ़ना और उनके रास्ते संघर्ष करना पड़ेगा। कार्यक्रम में पार्टी के राज्य परिषद सदस्य विजय कुमार यादव, उमेश पोद्दार, जिला मंत्री परमानंद ठाकुर, शंकर कुमार, मानवेंद्र कुमार, संतोष कुमार एवं वीरेंद्र कुमार ने भी संबोधित किया।



# सोनवर्षा पुलिस की लापरवाही 50 लाख रुपये के गबन के आरोपी सालभर से फरार

## 49,96,783 लाख गबन के आरोपी है पूर्व पैक्स अध्यक्ष मुकेश यादव

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के पड़रिया पैक्स के पूर्व पैक्स अध्यक्ष मुकेश यादव सोनवर्षा राज थाना पुलिस की मिलीभगत से सालभर से फरार है। मुकेश यादव पर लाखों रूपयों के धान की खरीदारी कर उसके समतुल्य सीएमआर जमा नहीं करने के विरूद्ध सोनवर्षा के बीसीओ प्रफुल चंद्र दास द्वारा एक वर्ष पुर्व सोनवर्षा राज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। लेकिन पड़रिया पंचायत के फरारी पैक्स अध्यक्ष मुकेश यादव अभी भी खुलेआम नियम और कानून को ताक पर रखकर सोनवर्षा राज थाना पुलिस की आंखों में धूल झोंककर बेखौफ होकर सहरसा में अपने कारोबार कर बेखौफ होकर घुम रहे हैं। पड़रिया पैक्स अध्यक्ष मुकेश यादव पर लगभग 49,96,783 लाख रुपये का चावल बकाया है,परंतु सरकारी राशि के गबन करने वाले पैक्स अध्यक्षों पर प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में अन्य पैक्सों द्वारा भी ऐसी हरकत किए जाने की असीम संभावना है। मालुम हो कि प्रखंड क्षेत्र के पड़रिया पैक्स में धान अधिप्राप्ति के रुपये गबन करने के मामले में ऐसे फरार वारंटी पूर्व पैक्स अध्यक्ष मुकेश यादव को गिरफ्तार करना सोनवर्षा पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। हालांकि फरार वारंटी पूर्व पैक्स अध्यक्ष को आखिरकार गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही है ये भी बड़ा सवाल है। अब देखना है कि आखिरकार सोनवर्षा पुलिस कब-तक आरोपी को गिरफ्तार करती है। हालांकि इस संबंध में केस के अनुसंधानकर्ता एसआई विवेक कुमार ने बताया कि फरारी मुकेश यादव के घर जल्द कुर्की की जाएगी।



फरार आरोपी।

### बिराटपुर पीएसएस में आज सुबह पांच बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगा

**मेनटेनेंस कार्य को लेकर लगभग 10 पंचायत की बिजली आपूर्ति रहेगी ठप**

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत विद्युत शक्ति उपकेन्द्र विराटपूर से सम्बंधित विभिन्न पंचायतों में मंगलवार एवं बुधवार सुबह से शाम 5 बजे तक विद्युत आपुर्ति ठप्प रहेगा। उक्त बाबत कनिय अभियंता अभिषेक आनंद ने बताया की विद्युत सब स्टेशन विराटपुर में 5 एमभीए की जगह 10 एमभीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इस वजह से विधुर पावर सबस्टेशन से सम्बंधित नगर पंचायत सोनवर्षा, लगमा, साहपुर, खजुराहा, देहद, विराटपुर, अतलखा, मंगवार, बडसम एवं बडगांव में 24-25 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपुर्ति ठप्प रहेगा।

# विश्व जल संरक्षण दिवस व शहीद दिवस पर जल संरक्षण अभियान आयोजित



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भीषण गर्मी को देखते हुए शहीद दिवस एवं जल संरक्षण दिवस के अवसर पर ज्योति विवेकानंद संस्थान के तत्वावधान में युवाओं द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्थानीय युवाओं ने नदी एवं तालाबों में जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए साफ-सफाई एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अभियान का नेतृत्व कर रहे समिति के सदस्य अतुल पाण्डेय ने लोगों को संदेश दिया कि पानी की एक-एक बूंद का संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। वर्तमान समय में बढ़ती गर्मी और जल संकट को देखते हुए इस प्रकार के अभियान समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होने नदी व तालाब को साफ सफाई करने एवं बरसात के पानी को संग्रहित कर पीने योग्य बनाकर इसे सदुपयोग करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान युवाओं ने तालाब क्षेत्र में जाकर जल स्रोतों की साफ-सफाई की तथा ग्रामीणों को जल बचाने और वर्षा जल संचयन के प्रति जागरूक किया।

# भाकपा के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को आंधी, तूफान से रबी फसल की क्षति के लिए सौपा ज्ञापन

## फसलों के हुए क्षति का पर्याप्त मुआवजा प्रदान किया जाएः ओमप्रकाश नारायण

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का एक शिष्टमंडल भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य कामरेड ओमप्रकाश नारायण के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिलकर फसलों की क्षतिपूर्ति को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। सौपे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि बिहार में हुई असमय बारिश, आंधी, तूफान एवं ओला गिरने से रब्बी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। जिले के सभी दस प्रखंड इसमें बुरी तरह प्रभावित हुआ है। किसानों के रब्बी की फसले मक्का, गेहूं और आम 90 प्रतिशत बर्बाद हो गया। उन्होंने कहा कि भाकपा सहरसा जिला परिषद मांग करता है कि फसलों के हुए क्षति का पर्याप्त मुआवजा प्रदान किया जाए। पार्टी इस बात पर खेद व्यक्त करती है कि बिहार में फसल बीमा योजना लागू नहीं है। जिसके कारण बिहार के किसान, बीमा राशि के लाभ से वंचित हो जाते हैं। मुख्यमंत्री कृषि सहायता योजना एवं आपदा राहत कोष से मिलने वाली राशि इतनी अल्प होती है कि उससे किसानों को कोई राहत प्राप्त नहीं हो पाती। जिला में आंधी, वर्षा तथा ओला के गिरने से जो फसलों के नुकसान हुआ है उसकी भरपाई के लिए राज्य सरकार पर्याप्त राशि प्रदान करें और इसे आपदा घोषित करें तथा बिहार में फसल बीमा योजना लागू किया जाए। पिछले कई वर्षों से लगातार किसी न किसी आपदा के शिकार किसान होते रहे और उन्हें फसलों का उचित मुआवजा नहीं मिला है। जिसके चलते वह कर्ज में डूब गए हैं और आत्महत्या करने तक को अभिशप्त है। उन्होंने कहा कि मिलने वाली मुआवजे में जो बटाईदार है उनके हितों की अनदेखी नहीं हो। भाकपा ने जिलाधिकारी के माध्यम से बिहार सरकार से मांग किया है कि किसानों के सभी प्रकार के कर्ज को माफ किया जाए। शिष्टमंडल में भाकपा जिला सचिव परमानंद ठाकुर, किसान सभा के जिला सचिव विजय यादव, खेत मजदूर यूनियन के जिला सचिव उमेश पौद्दार, अधिवक्ता मानवेन्द्र मंडल शामिल थे।



डीएम को ज्ञापन सौंपते भाकपा के प्रतिनिधिमंडल।

# बिहार दिवस व सुपौल जिला स्थापना दिवस पर गांधी मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन, लोग देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे

**सुपौल (एनएसबी) ।** जिले के 36 वें एवं बिहार दिवस के 115 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सुपौल के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक शरत आर एस, त्रिवेणीगंज विधायक सोनम रानी, पिपरा विधायक रामविलास कामत, नगर परिषद के मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा राघव तथा अपर समाहर्ता सच्चिदानंद सुमन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ हुई, जिसमें आंगनबाड़ी के बच्चों एवं जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांसतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। देशभक्ति गीत, नृत्य और लोक संस्कृति से जुड़े रंगारंग कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया।

इस अवसर पर मुख्य कलाकार के रूप में मोनालिसा, एंकर



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते डीएम, एसपी, विधायक व अन्य।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।



कार्यक्रम का आनंद लेते रहे लोग।

रूबीन किलोसकर, हास्य कलाकार सौरभ सिंह और गायक कांचन भट्टाचार्य ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हास्य और संगीत से भरपूर कार्यक्रम ने लोगों को खूब हंसाया और झूमने पर मजबूर कर दिया। दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुति की जमकर सराहना की और तालियों की गूंज से पूरा मैदान गूंज उठा।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। सभी ने इस आयोजन को सुपौल की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने वाला बताया। कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि लोग देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे।

कुल मिलाकर, बिहार दिवस एवं जिला स्थापना दिवस का यह आयोजन उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा, जिस कार्यक्रम का सुपौल वासियों ने देर शाम तक आनंद लेते हुए कार्यक्रम को एक याार अनुभव बताया।

## पलासी-बथनाहा फोरलेन पर सड़क हादसा में तीन युवकों की गई जान

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी) ।** अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पलासी-बथनाहा फोरलेन पर रविवार की संध्या हुए एक भीषण सड़क हादसे में राघोपुर के तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

इस हृदयविदारक घटना के बाद सिमराही नगर सहित पूरे राघोपुर प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है । मृतकों के घरों में कोहराम मच गया है।

मृतकों की पहचान नगर पंचायत सिमराही वार्ड 12 निवासी प्रो मो़ अयूब के 19 वर्षीय पुत्र मो़ समीर, वार्ड 17 निवासी मो़ रुस्तम के 18 वर्षीय पुत्र मो़ अरबाज तथा गंपतगंज हाजी टोला निवासी मो़ उस्मान के 21 वर्षीय पुत्र मो़ असरफ के रूप में हुई है। तीनों युवक आपस में घनिष्ठ मित्र थे और एक ही बाइक पर सवार होकर निकले थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 12 बजे मो़ समीर अपने घर से अपने दोनों दोस्तों के साथ निकला था। परिजनों के मुताबिक, वे जोगबनी स्थित एक रिश्तेदार से मिलने गए थे। लौटने के दौरान नरपतगंज थाना क्षेत्र के चौहान टोला के समीप पलासी-बथनाहा फोरलेन पर उनकी बाइक की किसी अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर हो गई, जिससे तीनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



सड़क दुर्घटना में हुई मौत।



सड़क दुर्घटना में हुई मौत।



सड़क दुर्घटना में हुई मौत।

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक समीर के पिता प्रो मो़ अयूब, जो केएन डिग्री कलेज राघोपुर में व्याख्याता हैं, ने बताया कि उन्हें नमाज के दौरान फोन पर हादसे की सूचना मिली। पहले उन्हें विश्वास नहीं हुआ, लेकिन जब वे फारबिसगंज अस्पताल पहुंचे और बेटे का शव देखा, तो वे स्तब्ध रह गए। समीर नगर पंचायत सिमराही कार्यालय में होल्डिंग टैक्स कलेक्शन का कार्य करता था और तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था।

वहीं, मृतक अरबाज के पिता मो़ रुस्तम ने बताया कि अरबाज दो भाइयों में छोटा था और मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता था। उन्होंने बताया कि रविवार को वह घर पर नहीं मिला, बाद में जानकारी मिली कि वह समीर के साथ गया है। शाम होते-होते हादसे की खबर ने पूरे परिवार को झकझोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि समीर और अरबाज आपस में चाचा-भतीजा भी थे।

इधर, मृतक असरफ के पिता मो़ उस्मान ने बताया कि असरफ गंपतगंज में उनके साथ फल की दुकान पर काम करता था। हादसे की सूचना मिलते ही वे तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुए और बाद में फारबिसगंज अस्पताल पहुंचे। असरफ तीन भाइयों और दो बहनों में दूसरे नंबर पर था।

सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद तीनों युवकों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। इसके बाद शवों को अलग-अलग वाहनों से उनके पैतृक गांव लाया गया, जहां अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर आने वाला व्यक्ति गमगीन माहौल में परिजनों को सांत्वना देता नजर आए ।

इस दर्दनाक हादसे ने पूरे राघोपुर क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। एक साथ तीन युवकों की असामयिक मौत से इलाके में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

## डीएम - एसपी सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि ने वेयर हाऊस का किया निरीक्षण

**पिपरा ( सुपौल ) (एनएसबी) ।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देश के आलोक में सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सावन कुमार द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित वेयर हाउस का आंतरिक निरीक्षण किया गया। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार इवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, द्वारा प्रत्येक माह वाह्य निरीक्षण तथा प्रत्येक तीन माह पर ईवीएम वीवीपेट वेयर हाउस को खोलकर आंतरिक निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित अगिशमन पदाधिकारी सुपौल, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल सुपौल, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल सुपौल, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुपौल को सुरक्षा से संबंधित आवश्यक निर्देश दिया गया। आंतरिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सरथ आर एस उप निर्वाचन पदाधिकारी अनिरुद्ध प्रसाद अगिशमन पदाधिकारी सुपौल, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल सुपौल, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल सुपौल, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुपौल के साथ-साथ राष्ट्रीय, राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के तौर पर बीजेपी से अशोक शर्मा जदयू से खुर्शीद आलम लोजपा रामविलास से सुनील कुमार पासवान राजद के मोहम्मद मुस्ताक बसपा से नरेश कुमार राम सहित अन्य उपस्थित थे ।



निरीक्षण में शामिल डीएम - एसपी व अन्य।

## नेहा कुमारी ने इंटर मीडिएट परीक्षा में 471 अंक प्राप्त कर बनी जिला टॉपर

**पिपरा ( सुपौल) (एनएसबी) ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सत्यदेव उच्च माध्यमिक विद्यालय, पिपरा की छात्रा नेहा कुमारी ने इंटरमीडिएट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 471 अंक प्राप्त कर जिला टपर बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस अभूतपूर्व सफलता से न केवल प्रखंड बल्कि पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। रिजल्ट जारी होते ही नेहा के घर, जो भूडा त्रिवेणीगंज स्थित है, बधाई देने वालों का तांता लग गया।

परिजन, रिश्तेदार और स्थानीय लोग उनकी इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं। हर कोई नेहा की मेहनत और लगन की सराहना कर रहा है। नेहा के पिता रंजीत कुमार चौधरी ने बताया कि वह शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं और हमेशा कुछ बड़ा करने का सपना देखती रही हैं। नेहा का लक्ष्य आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए यूपीएससी की तैयारी करना है, ताकि वह भविष्य में देश सेवा कर सकें।



छात्रा को मिठाई खिलाते परिजन।

## डीएम ने राष्ट्रीय सार्वजनिक मेला समिति सुपौल में प्रबंध समिति का किया बैठक

**सुपौल (एनएसबी) ।** राष्ट्रीय सार्वजनिक मेला विद्यालय परिसर स्थित ओंकारनाथ सभा भवन में राष्ट्रीय सार्वजनिक मेला समिति, सुपौल की प्रबंध समिति की बैठक सावन कुमार, जिला पदाधिकारी, सुपौल सह-अध्यक्ष, रा़ सा़ मेला समिति, सुपौल की अध्यक्षता में आहूत की गई।

उक्त बैठक में मुख्य विचारणीय विषय विद्यालय के आगामी शैक्षणिक सत्र में कतिपय कार्य योजना, शिक्षकों की बहाली, सेवा अधिग्रहण, मेला मवेशी हाट की बन्दोबस्ती सहित अन्य कतिपय विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में मो हारूण रशीद, भू पू. कार्यकारी सभापति, बिहार विधान परिषद, संजीव नयन गुप्ता, मेला सचिव, प्रवीण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, मेला, ओम प्रकाश यादव, संयुक्त सचिव, मेला, सतीष कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष, मेला, राजेन्द्र प्रसाद यादव, भू पू सचिव मेला, नागेन्द्र नारायण ठाकुर, भू पू सचिव मेला, युगल किशोर अग्रवाल, भू पू सचिव मेला, उदयकान्त झा, सदस्य प्रबंध समिति, श्री जगदीश प्रसाद यादव, सदस्य प्रबंध समिति, अनिल संथालिया, सदस्य प्रबंध समिति, रतीश कुमार, प्राचार्य, राष्ट्रीय सार्वजनिक मेला पब्लिक स्कूल, सुपौल उपस्थित थे।



बैठक में शामिल डीएम व अन्य।

## भारत स्काउट एवं गाइड सुपौल द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**सुपौल (एनएसबी) ।** भारत स्काउट एवं गाइड, सुपौल के जिला कार्यालय में बलिदान दिवस के अवसर पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त, संजय कुमार झा, भारत स्काउट एवं गाइड, सुपौल, तारकेश्वर पटेल, जिला कला संसति पदाधिकारी, सुपौल, अभय शंकर झा, सतीश कुमार झा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं स्काउट-गाइड सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्काउटर एवं स्काउट-गाइड सदस्यनीतीश कुमार, त्रिलोक कुमार, देव कुमार, अमित कुमार, मोहम्मद हबीब, सरवन कुमार, इम्तियाज अहमद, आशीष कुमार, केशव कुमार, संदीप कुमार, प्रियांशु कुमार, सोनू कुमार आदि ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया तथा भारत माता की जय के उद्घोष के साथ शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। तत्पश्चात एक पदयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह पदयात्रा गांधी मैदान, महावीर चौक, स्टेशन चौक एवं लोहिया चौक होते हुए शहीद पार्क के समीप संपन्न हुई।



सभा में शामिल स्काउट गाइड के शिक्षक व छात्र।

## बिहार विधानसभा चुनाव में मास्टर प्रशिक्षक को कठिन परिश्रम के लिए किया गया सम्मानित

**पिपरा (सुपौल) (एनएसबी) ।** बिहार दिवस पर रविवार को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम गांधी मैदान में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में नोडल मास्टर प्रशिक्षक के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मास्टर प्रशिक्षक सह मध्य विद्यालय पथरा के एचएम अंजनी कुमार को कठिन प्रिश्रम, कर्त्तव्य के प्रति समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ निर्वाचन कार्य में निभाई गई भूमिका के लिए सम्मानित किया गया।

मास्टर प्रशिक्षक अंजनी कुमार को पिपरा विधायक रामविलास कामत द्वारा शॉल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर बिहार दिवस के मौके पर ऐतिहासिक गांधी मैदान सुपौल में सम्मानित किया गया।

मौके पर डीएम सावन कुमार एसपी सरथ आर एस त्रिवेणीगंज विधायक सोनम रानी चौयरमेन राघव झा सहित अन्य मौजूद थे।

अंजनी कुमार पिपरा प्रखंड के जोल्हनियां गांव से आते हैं जो पिछले 12 वर्षो से निर्वाचन कार्य के दौरान मास्टर प्रशिक्षक के रूप में कार्य करते आ रहे हैं। इससे पूर्व भी लोकसभा चुनाव 2024 विधानसभा चुनाव 2020 एवं पंचायत चुनाव 2021 में नोडल मास्टर प्रशिक्षक के रूप में उत्ष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति से सम्मानित किया गया था।

श्री कुमार शुरू से ही अपने कार्य दायित्वों का निर्वहन इमानदारी और निष्ठा पूर्वक करते आ रहे हैं। एमएम अंजनी कुमार के सम्मानित होने पर शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार, जगदेव साह, प्रशान्त कुमार, रामसागर साह, महावीर चौधरी, अजीत कुमार, रंजू राय, बालष्ण चौधरी सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।



शिक्षक को सम्मानित करते विधायक।

## खबरें : एक नजर में

### अनुपलाल यादव महाविद्यालय में शहीद दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम में शामिल महाविद्यालय के प्राचार्य व अन्य।





महाविद्यालय के प्राचार्य व अन्य।

**त्रिवेणीगंज ( सुपौल ) (एनएसबी) ।** राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय इकाई अनूपलाल यादव महाविद्यालय त्रिवेणीगंज के संयुक्त तत्वाधान में शहीद दिवस के अवसर पर सोमवार को महाविद्यालय के प्राचार्य ड़हेमंत कुमार की अध्यक्षता में एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी प्रो. विद्यानंद यादव के द्वारा शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य डा हेमन्त कुमार ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का गरिमा और विकास का नीव वहां के व्यक्ति के सच्चे देश भक्ति और राष्ट्र प्रेम पर निर्भर करता है। हमारे राष्ट्र का इतिहास गौरवशाली रहा है।दुर्भाग्य से 15 अगस्त 1947 से पूर्व एक लंबे अरसे तक हमारे राष्ट्र को दासता की दंश झेलनी पड़ी। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ना जाने कितनी माताओं की कोख सूनी हो गई। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 23 मार्च 1931 को तीन देशभक्त भगत सिंह,राजगुरु और सुखदेव को अंग्रेजी हुकूमत के विरोध करने के कारण करीबन 23-24 वर्ष की आयु में फांसी दे दी गई। जिसका बलिदान 15 अगस्त 1947 को एक नया सवेरा लेकर आया।आज उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर हम अपने आपको गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। शहीद दिवस 2026 का थीम-ष मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारीष रखा गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी प्रो़ विद्यानंद यादव ने कहा कि हमारे देश में स्वतंत्रता संग्राम के तीन असाधारण योद्धा के बलिदान को याद दिलाने के लिए 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है।अंग्रेजों द्वारा 23 मार्च 1931 को हमारे राष्ट्र के 3 महान नायक वीर सपूत भगत सिंह,शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को फांसी पर लटका दिया गया था।राष्ट्र के कल्याण के लिए हंसते-हंसते अपने जीवन को बलिदान करने वाले अमर बलिदानी आज भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 को पंजाब के लायलपुर में हुआ था।भगत सिंह अपने साथियों राजगुरु,सुखदेव,आजाद और गोपाल के साथ मिलकर लाला लाजपत राय की हत्या के विरुद्ध लड़ाई लड़ी। उन्होंने 8 अप्रैल 1929 को अपने साथियों के साथ इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाकर केंद्रीय विधानसभा पर बम फेंके।जिसके खिलाफ उनके ऊपर हत्या का मुकदमा चला और 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में उन्हें फांसी दे दी गई। उनके स्मरण में राष्ट्रीय शहीद स्मारक में एक बड़ा शहीदी मेला आयोजित किया जाता है। माई भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित एक विशेष राष्ट्रीय स्तर की अनलाइन प्रतियोगिता में आज एन एस एस स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह प्रतियोगिता 19 मार्च से 23 मार्च 2026 तक माई भारत पोर्टल पर अनलाइन आयोजित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश के उन महान बलिदानियों से परिचित कराना है जिनका योगदान इतिहास के पन्नों में कहीं ओझल रहा है। प्रतियोगिता के अंतिम दिन आज एन एस एस स्वयंसेवकों ने डिजिटल माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए न केवल अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया, बल्कि देश के प्रति अपनी तज्ञता भी व्यक्त की। पोर्टल के माध्यम से मिली इस उपलब्धि ने स्वयंसेवकों में एक नई ऊर्जा और देशभक्ति का संचार किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी गण एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा वीर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सचिव श्री कपलेश्वर यादव, प्राध्यापकगण प्रो़ ष्ण देव यादव, ड़सदानंद यादव, प्रो़ राजकुमार यादव, प्रो़कुलानंद यादव, प्रो़अरविंद कुमार ,द्वितीय इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो़कुमारी पूनम,तृतीय इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो़शंभू यादव तथा अन्य एवं शिक्षकेतर कर्मचारी गण सुरेंद्र कुमार, भूषण कुमार, अनुपम कुमार, बलदेव यादव, गगन कुमार, दिग्दर्शन कुमार, नागेश्वर यादव,बालकिशोर कुमार, तथा अन्य एवं एनएसएस के स्वयं सेवक सरिता कुमारी, आस्था कुमारी, प्रियांशु कुमारी, सिमरन गोयल, शशिता कुमारी ,अशफाक आलम, मिनटी कुमारी, बबली कुमारी, जिया सिंह तथा अन्य उपस्थित थे।

### बिहार दिवस पर कुमार भागवत को मिला 'बिहार प्रेरणा सम्मान 2026'

**सुपौल (एनसीबी ) ।** पटना के बापू सभागार में आयोजित बिहार दिवस एवं 'लेट्स इंस्पायर बिहार' के पंचम वार्षिक उत्सव के अवसर पर सुपौल जिले के निर्मली निवासी कुमार भागवत को 'बिहार प्रेरणा सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सीनियर प्लै अधिकारी विकास वैभव द्वारा प्रदान किया गया। कुमार भागवत को यह सम्मान 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान से पिछले चार वर्षो से सक्रिय रूप से जुड़े रहने और जिला मुख्य समन्वयक के रूप में समाज में सकारात्मक कार्य करने, विशेषकर युवाओं के हित में योगदान देने के लिए दिया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद कुमार भागवत ने बताया कि अधिकारी विकास वैभव लोगों को शिक्षा, समता और उद्यमिता के क्षेत्र में प्रेरित करते हैं। उनके विचारों से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होता है और वे बिहार के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान के तहत राज्य के विभिन्न जिलों से जुड़े लोग अलग-अलग क्षेत्रों में समाज के बीच काम कर रहे हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य हैकैसे पढ़ेगा बिहार, कैसे बढ़ेगा बिहार ।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने इस अभियान को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।



सम्मान प्राप्त करते कुमार भागवत।

## स्कूली विद्यार्थियों को कराया राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अलौली का भ्रमण

**प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने झंडी दिखाकर बच्चों को किया रवाना**

**खगड़िया (एनएसबी)।** अलौली प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय अलौली एवं हाई स्कूल अलौली के छात्र एवं छात्राओं को बिहार दिवस पर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रोन अलौली का भ्रमण कराया गया।

मध्य विद्यालय अलौली के प्रधानाध्यापक आशुतोष कुमार, हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार, भारत स्काउट गाइड के जिला समन्वयक इंद्रदेव कुमार, विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और शिक्षा सेवक प्रेमचंद गाजे बाजे के साथ अपने स्कूलों से राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचे। इससे पूर्व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने झंडी दिखाकर बच्चों को भ्रमण के लिए रवाना किया। इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचकर बच्चे प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कंप्यूटर आदि देखकर काफी प्रसन्न हुए। ऑडिटोरियम में बिहार की गाथा की डक्यूमेंट्री फिल्म भी बच्चों को दिखायी गयी। इस दौरान कॉलेज के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना एवं लोक नृत्य पर आधारित झिझिया नृत्य की प्रस्तुति दी। कॉलेज के प्राचार्य मणि भूषण कुमार ने अपने उद्बोधन में बिहार की ऐतिहासिक विरासत के बारे में बताया। वहीं मध्य विद्यालय अलौली के प्रधानाध्यापक आशुतोष कुमार ने भी बिहार दिवस की उपलब्धि की चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आप जिस ऑडिटोरियम में बैठकर यह प्रोग्राम देख रहे हैं हम आशा करेंगे कि आप स्वयं भी इस कॉलेज में आकर तकनीकी ज्ञान प्राप्त करें। कॉलेज के लेक्चरर राजेश कुमार ने समापन संबोधन दिया। पूरे कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड के जिला समन्वयक इंद्रदेव कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# सड़क हादसे में पैक्स अध्यक्ष की मौत

**एनएच-31 पर रविवार देर रात हुई दुर्घटना**

**प्रीतिभोज से लौटने के दौरान पैक्स अध्यक्ष की बाइक में स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर**

**पसराहा (एनएसबी)।** सतीशनगर चौक के समीप एनएच-31 पर रविवार देर रात सड़क हादसे में शौढ़ उत्तरी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष प्रेम कुमार उर्फ मकुनी की जान चली गई। इस दुर्घटना में उनके साथ बाइक पर सवार मनोज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उपचार मायागंज अस्पताल में चल रहा है। उनकी भी स्थिति फिलहाल चिंताजनक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, प्रेम कुमार और मनोज सिंह रविवार शाम कोड़चक्का गांव में प्रीतिभोज में शामिल होने गए थे। रात करीब 10 बजे जब वे बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी सतीशनगर चौक के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रेम कुमार का एक पैर कट गया और दोनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर मारने वाली स्कॉर्पियो पर बिहार सरकार अनुसूचित जनजाति उपाध्यक्ष का बोर्ड लगा हुआ था और उसमें सवार लोग सपरिवार पश्चिम चंपारण के बेतिया जा रहे थे। घटना के तुरंत बाद पसराहा पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्रेम कुमार को मृत घोषित कर दिया।

पैक्स अध्यक्ष की असामयिक मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जदयू जिला उपाध्यक्ष पृथ्वीचंद्र सिंह ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से सतीशनगर चौक पर अविलंब स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की, क्योंकि यह स्थल दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र बन चुका है। पुलिस ने स्कॉर्पियो और बाइक को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

## बजरंगबली चौक पर थम नहीं रही मौत की रफ्तार

**पसराहा (एनएसबी)।** सतीशनगर के एनएच 31 पर स्थित बजरंगबली चौक भीषण दुर्घटनाओं का केंद्र बन चुका है। सड़क हादसों के बढ़ते ग्राफ के कारण यह स्थान अब डेंजर जोन या एक्सीडेंट स्पॉट के रूप में पहचाना जाने लगा है। बीती रात भी यहां दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें पैक्स अध्यक्ष की मौत हो गई। यहां लगातार हो रहे हादसों से स्थानीय निवासियों में गहरा आक्रोश है। लगातार हो रही इन मौतों को देखते हुए स्थानीय जनता ने जिला प्रशासन और एनएचआई से यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने तथा अविलंब स्पीड ब्रेकर बनाने की पुरजोर मांग की है। पूर्व मुखिया एवं जदयू के जिला उपाध्यक्ष पृथ्वीचंद्र सिंह ने इस गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि बजरंगबली चौक पर वाहनों की अत्यधिक गति के कारण हर साल औसतन आधा दर्जन से अधिक लोगों की असामयिक मृत्यु हो जाती है। उन्होंने कहा कि सड़क की बनावट और हाई स्पीड ट्रैफिक को देखते हुए यहां स्पीड ब्रेकर का निर्माण जनहित और सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। यहां बार-बार हो रही दुर्घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए एनएचएआई के सेफ्टी इंचार्ज ने भरोसा दिलाया है कि यहां जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर और आवश्यक चेतावनी संकेतकों का निर्माण कराया जाएगा।

## वीमेंस कबड्डी लीग सीजन 2 के खिलाड़ी सम्मानित

**खगड़िया (एनएसबी)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित बिहार वीमेंस कबड्डी लीग के दूसरे सीजन में शानदार प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों छोटी, चाहत ,गुड़िया और राखी को विशेष सम्मान कबड्डी संघ और यूथ क्लब खगड़िया के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने दिया। खगड़िया जिला कबड्डी संघ के चेयरमेन मनीष कुमार सिंह, यूथ क्लब खगड़िया के संरक्षक विप्लव रणधीर, रंजीतकांत वर्मा, संघ के कोषाध्यक्ष आर्किटेक शुभम कुमार और कोच प्रकाश कुमार ने सभी खिलाड़ियों को फूल, माला और मिठाई खिलाकर उत्साहवर्द्धन किया। मनीष सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने न सिर्फ उनकी मेहनत को सम्मान दिलाया, बल्कि खगड़िया में महिला कबड्डी को भी नई पहचान दी है। मौके पर आदित्य कुमार, गुलशन कुमार, हर्ष कुमार, किशन कुमार, मनोज कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

## मैराथन दौड़ में मानसी के जितेंद्र रहे प्रथम



**बिहार दिवस का दूसरा दिन**

**डीएम ने हरी झंडी दिखा दौड़ को किया रवाना**

**खगड़िया/गोगरी (एनएसबी)।** बिहार दिवस के दूसरे दिन अनुमंडल कार्यालय परिसर से लेकर मुश्किपुर तक एवं पुनः मुश्किपुर से अनुमंडल कार्यालय तक मैराथन दौड़ का आयोजन अनुमंडल प्रसाशन द्वारा किया गया। सोमवार की सुबह इस मैराथन दौड़ का उद्घाटन जिलाधिकारी नवीन कुमार, परवत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साक्षी कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने किया। इसके बाद डीएम की अगुवाई में मैराथन दौड़ का आगाज किया गया और दौड़ को हरी झंडी दिखाई गयी। प्रतिभागियों ने दौड़ना चालू किया और तय स्थान तक पहुंचे। वहीं प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी नवीन कुमार, विधायक बाबूलाल शौर्य, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनन्दन आनंद सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यालय कर्मी और फाइव स्टार के सदस्य दौड़े। हालांकि ये सब बघवा चौक तक ही जा पाए और पुनः अनुमंडल परिसर लौटे। वहां से लौटने के बाद पदाधिकारियों ने दौड़ में प्रथम स्थान पाने वाले मानसी के जितेंद्र कुमार, द्वितीय स्थान पाने वाले राजधाम के अमिश कुमार एवं तृतीय स्थान पाने वाले राजधाम के विक्रम कुमार सिंह को शील्ड प्रदान किया। इससे पहले अनुमंडल परिसर में हजारों स्कूली बच्चों सहित विभिन्न विभाग के कर्मी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। प्रशासन की ओर से बिहार दिवस लिखा हुआ टी शर्ट और टोपी भी सभी को दिया गया। दौड़ पूरी होने तक यातायात को रोक कर रखा गया ताकि प्रतिभागी को परेशानी ना हो। जगह-जगह पीने के पानी की व्यवस्था भी की गयी थी।

## छह लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**खगड़िया (एनएसबी)।** मुफसिल थाने की पुलिस ने 408 ग्राम स्मैक एवं 01 मोटरसाइकिल के तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर मादक पदार्थों पर लगे प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए लगातार छापामारी जारी है। इसी क्रम में मुफसिल थाने की पुलिस ने संध्या गश्ती के क्रम में वाहन चेकिंग के दौरान मोरकाही एनएच-31 के पास मोटरसाइकिल से कुल 408 ग्राम स्मैक (हीरोइन) के साथ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में मुफसिल थाना कांड सं. 40/26 दर्ज कर पर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए तस्करों का आपराधिक इतिहास भी पुलिस पता लगा रही है। एसपी राकेश कुमार ने बताया कि स्मैक के साथ आकाश कुमार उम्र करीब 22 वर्ष, सा. रघुनाथपुर वार्ड नं.-04, थाना-साहेबपुर कमाल एवं मिट्ठु कुमार उम्र करीब 20 वर्ष, सा. रघुनाथपुर वार्ड नं.-09, थाना साहेबपुर कमाल, शिवम कुमार उम्र करीब 22 वर्ष, सा. रघुनाथपुर वार्ड नं.-12, थाना साहेबपुर कमाल, जिला-बेगूसराय को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जब्त स्मैक की कीमत बाजार में करीब छह लाख बतायी जा रही है। उन्होंने कहा कि छापामारी दल में मुफसिल थानाध्यक्ष अमरजीत प्रताप सिंह और पुअनि दिनेश कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

## अवैध खनन में लिप्त दो ट्रैक्टर जब्त

**चौथम थाने की पुलिस और खनन विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई**

**पुलिस की दबिश देख दोनों ट्रैक्टर चालक अंधेरे में भाग निकले**

**पिछले करीब एक माह से बागमती के किनारे जारी था अवैध खनन**

**चौथम (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के देवका कैथी दियारा से रविवार की रात्रि को अवैध खनन के मामले में दो ट्रैक्टर को चौथम पुलिस ने जब्त कर लिया। बिना नंबर प्लेट के दोनों ट्रैक्टर सोनालिका एवं पावर ट्रक कंपनी की बताई गई। पुलिस की दविश को देखते हुए ट्रैक्टर चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे।

विदित हो की रात्रि को देवका कैथी दियारा एवं लालपुर घाट के समीप बागमती के किनारे लगभग महीने भर से लगातार अवैध रूप से खनन का मामला सामने आ रहा था, जिसको लेकर कई बार खनन विभाग के अधिकारियों को शिकायत की गई थी। इसके बाद खनन विभाग के अधिकारियों की नींद खुली और रविवार की रात्रि में छापामारी की गई जिसमें दो ट्रैक्टर को मौके से जप्त कर लिया गया। दोनों ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट के बताए गए तथा ओवरलोडिंग का भी मामला बताया गया, जबकि बालू ले जा रहे ट्रेलर के ऊपर कोई भी त्रिपाल सुरक्षा के लिए नहीं लगाए गए थे। थाना अध्यक्ष ने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त कर सीजर लिस्ट तैयार कर दी गई है, अब विभागीय कार्रवाई का इंतजार है। विभाग की अनुशंसा पर आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

बताते चलें कि थाना क्षेत्र में विगत एक माह से लगातार रात में अवैध खनन का सिलसिला जारी था। इससे न सिर्फ रातों को लोगों की नींद हराम हो रही थी बल्कि तेज गति से मिट्टी लदे आ जा रहे ट्रैक्टर से टोला पड़ोस में काफी धूल का भी प्रदूषण हो रहा था। इस मामले को लेकर स्थानीय लोग विवाद के डर से शिकायत करने से कतराते रहे। विभागीय कार्रवाई के बाद संभावना है कि रातों को किए जाने वाले अवैध खनन पर अब विराम लग सकता है। छापामारी टीम में खनन विभाग की सपना कुमारी के अलावे चौथम थाना अध्यक्ष अजीत कुमार, एसआई अभिमन्यु कुमार के अलावे पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## आईआईपी में शामिल हुए शिक्षक नेता मनीष सिंह समेत सैकड़ों युवा



**पटना के गांधी संग्रहालय में सहरसा के विधायक ने दिलायी पार्टी की सदस्यता**

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले के शिक्षक नेता मनीष सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रियदर्शना सिंह समेत सैकड़ों युवाओं ने गांधी संग्रहालय पटना में इंडियन इंक्लूसिव पार्टी द्वारा आयोजित भव्य मिलन समारोह में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सहरसा के विधायक ई.आईपी गुप्ता, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. के राज एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश प्रसाद सहित कई नेता उपस्थित रहे।

मिलन समारोह का अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश प्रसाद और संचालन अमरजीत राठौड़ कर रहे थे। अपने संबोधन में ई. आईपी गुप्ता ने कहा कि इंडियन इंक्लूसिव पार्टी सिर्फ राजनीतिक दल ही नहीं बल्कि एक विचार और आंदोलन है, जिसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग विशेषकर गरीब, वंचित, किसान, मजदूर, शिक्षक और युवाओं को सम्मान और अधिकार दिलाना है। आज राजनीति में सिद्धांत की जगह स्वार्थ ने ले ली है, जिसके कारण आम जनता की समस्याएं पीछे छूटती जा रही हैं। ऐसे समय में इंडियन इंक्लूसिव पार्टी वैकल्पिक सोच के साथ आगे बढ़ रही है, जहां विकास का मतलब केवल बड़े-बड़े दावे नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर बदलाव लाना है।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद शिक्षक नेता मनीष कुमार सिंह ने कहा कि वे हमेशा शिक्षा, युवाओं और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे हैं। इंडियन इंक्लूसिव पार्टी उन्हें जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का मंच देगी। वर्तमान समय में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में गंभीर चुनौतियां हैं, जिन्हें दूर करने के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। उन्होंने अपनी पूरी टीम के साथ पार्टी को मजबूत करने और जनता की आवाज को बुलंद करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पार्टी को मजबूत बनाने और समाज में न्याय एवं समानता स्थापित करने का संकल्प लिया। मिलन समारोह में शकेब, अमरजीत राठौड़, सर्वोतम कुमार, सुबोध सिंह, रिंकू पोद्दार, आलोक कुमार, राजीव सिंह, रहमत, बबलू सिंह, मोहन जायसवाल, सुनील यादव, राजू, बबलू शर्मा, रंजीत साह, प्रशांत कुमार, विष्णु अग्रवाल, सुल्तान सहित दर्जनों लोगों ने इंडियन इन्क्लूसिव पार्टी की सदस्यता ली। मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामाधीन दास, आईजीएफ के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ प्रसाद, प्रवक्ता खुशबू राय, जिलाध्यक्ष मनोज कुमार इत्यादि मौजूद थे।

## डीएम ने महदीपुर मेले का किया निरीक्षण

**पसराहा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी नवीन कुमार ने राजकीय महदीपुर मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पसराहा स्थित मंदिर परिसर पहुंचकर जिलाधिकारी ने मेला कमेटी के अध्यक्ष रोहिन कुमार सिंह एवं अन्य सदस्यों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने मेले के सफल संचालन, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, सुलभ शौचालय और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए कमेटी को सख्त लहजे में निर्देश दिए।

## डॉ. लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक : मंडल



**विधायक कार्यालय में मनी डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती**

**खगड़िया (एनएसबी)।** महान समाजवादी चिंतक एवं स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती सोमवार को कचहरी रोड स्थित विधायक कार्यालय के कर्पूरी सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सदर विधायक बबलू कुमार मंडल सहित उपस्थित जदयू पदाधिकारियों ने लोहिया के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि डॉ. लोहिया ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। वे केवल राजनेता नहीं, बल्कि दूरदर्शी विचारक और सच्चे समाज सुधारक थे। 23 मार्च, 1910 को जन्मे डॉ. लोहिया ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई और महात्मा गांधी के साथ मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ कई आंदोलनों का नेतृत्व किया। विधायक मंडल ने कहा कि लोहिया समाजवादी विचारधारा के प्रणेता थे, जिन्होंने समानता, न्याय और समरसता पर आधारित समाज की कल्पना की। उनका मानना था कि जब तक कमजोर वर्गों को बराबरी का अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक लोकतंत्र अधूरा रहेगा। उन्होंने महिलाओं, पिछड़े वर्गों और गरीबों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया। लोहिया का जीवन सादगी, ईमानदारी और संघर्ष का प्रतीक रहा। उनके बताए मार्ग पर चलते हुए नीतीश कुमार ने सामाजिक न्याय के साथ विकास को गति दी है। आज के समय में लोहिया के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

कार्यक्रम में जदयू प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य दीपक सिन्हा व नीलम वर्मा, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव उमेश सिंह पटेल, जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, जिला कोषाध्यक्ष संदीप केडिया, छात्र संघ जिलाध्यक्ष सिद्धांत कुमार छोटू, जिला महासचिव पंकज कुमार उर्फ पिंकू सिंह, पंकज चौधरी, राजीव कुमार, सुमित कुमार, नवनीत कुमार सिंह, रंजन कुमार एवं संतोष कुमार साह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## याद किये गये भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू



**शहादत दिवस**

**खगड़िया (एनएसबी)।** सीपीआई एमएल लिबरेशन, ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन व सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिवक्ता प्राणेश कुमार ने कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ संघर्ष करते हुए आज के ही दिन शहीद हो गए। उनका सपना था भारत शोषण मुक्त समाज की ओर अग्रसर हो। कुमार ने कहा कि आज जो हमें बोलने और अन्य तरह की आजादी मिली है उसमें शहीदे आजम भगत सिंह तथा उनके साथ शहीद हुए राजगुरु और सुखदेव की भी भूमिका भुलाई नहीं जा सकती है। अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ते हुए भगत सिंह शहीद हो गए। आज साम्राज्यवादी शक्तियां फिर से हमें गुलाम बनाना चाहती है। हमारी आजादी खतरे में है हमारा जनतंत्र खतरे में है। कुमार ने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि आजादी को बनाए रखने के लिए वह आगे आए। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता किरण देव यादव ने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह का जो सपना था उसे हमें पूरा करना चाहिए और अपनी आजादी को हर हाल में बचाने के लिए संघर्षरत रहना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता मधुबाला, अधिवक्ता प्रिया सिंह राजपूत, अधिवक्ता मनोज कुमार आजाद, अधिवक्ता केनाडी कुमार, कौशल सहित दर्जनों लोगों ने शहीद ए आजम भगत सिंह पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

## खगड़िया के शतरंज खिलाड़ियों ने बेगूसराय में मचाया धमाल

**खगड़िया (एनएसबी)।** बिहार राज्य शतरंज संघ के तत्वावधान में द्वितीय जीएम भास्कर मेमोरियल ओपन राज्य स्तरीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन बेगूसराय के भारद्वाज गुरूकुल में किया गया। इसमें बिहार के 18 जिले व 7 एकेडमी एवं क्लबों के 93 शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें खगड़िया के सात खिलाड़ी भी भाग लिया था।

खगड़िया के अनुभवी खिलाड़ी जेके जवाहर ने बेगूसराय के राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक कुमार, मुजफ्फरपुर के अंडर 19 पूर्व बिहार चैंपियन व राष्ट्रीय खिलाड़ी अभिषेक सोनु एवं मधेपुरा के एसजीएफआई 2025 अंडर 19 चैंपियन राष्ट्रीय खिलाड़ी समीर वर्द्धन को अपनी पैनी चाल से बिसात छोड़ने को मजबूर कर दिया तथा 7 चक्रो में 6 अंक हासिल कर वेटरन वर्ग के विजेता बने। वहीं खगड़िया मथुरापुर के मनोज कुमार राय 4 अंक हासिल कर वेटरन वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किए। खगड़िया गांधी नगर के मानव कुमार 45 अंक लाकर अंडर 15 के विजेता बने एवं अंडर 15 के नेवक कुमार को चौथा स्थान मिला। अंडर 15 बालिका वर्ग में भाव्या श्री को द्वितीय, अंडर 12 बालक वर्ग में मयंक को तृतीय व शु को पंचम और ओपन वर्ग में प्रशांत कुमार सिंह को चौदहवां स्थान मिला। 7 एकेडमी एवं क्लबों के खिलाड़ियों के भाग लेने पर जय खगड़िया शतरंज क्लब विजेता बना। खगड़िया के खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप में अन्य जिला के खिलाड़ियों के अपेक्षा ज्यादा अंक बटोरे।

## रामधुनी यज्ञ को लेकर निकाली शोभायात्रा

**बेलदौर (एनएसबी)।** नगर पंचायत क्षेत्र के सोनमा वासा में आयोजित तीन दिवसीय रामधुनी यज्ञ को लेकर कलश शोभायात्रा निकाली गयी। इस दौरान जय श्री राम जय श्री राम के नारे से इलाका गूंजायमान होता रहा। ग्रामीणों के सहयोग उक्त कलश यात्रियों का जत्था बेलदौर बाजार के विभिन्न गली मुहल्ले का परिभ्रमण करते शेर वासा होते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचा। 251 कुंवारी कन्या बाबा फुलेश्वर नाथ मंदिर पहुंचीं जहां कलश की पूजा पाठ करवा कर कलश में जल भरा गया, तब मंदिर परिसर का भ्रमण करते कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा में दर्जनों घोड़ा एवं मोटरसाइकिल शोभा बढ़ा रहे थे। कुमारी कन्याओं के लिए हर चौक चौराहे पर पानी एवं ठंडा शरबत की व्यवस्था की गई थी। बताते चलें कि रामधुनी यज्ञ में पांच मंडली भाग शामिल हैं।

# खगड़िया में कांग्रेस बचाओ सम्मेलन 21 को : छत्रपति



मीडिया से मुखातिब पूर्व विधायक छत्रपति यादव व अन्य।

**25 मार्च से पूरे बिहार के प्रखंड और पंचायतों में विक्षुब्ध कांग्रेसी नेता निकालेंगे कांग्रेस बचाओ यात्रा, लोगों को बताएंगे विधान सभा चुनाव में टिकट वितरण में की गयी धांधली का किस्सा**

**किशनगंज, जमालपुर, कसबा और सीवान के सीटिंग विधायक का टिकट काटे जाने को बताया बिहार प्रभारी की गलती**

**बैलदौर और खगड़िया विधानसभा में टिकट वितरण में धांधली का आरोप**

**25 मार्च को चौथम, 26 को बैलदौर, 27 को हसनपुर (समस्तीपुर), 28 मार्च को परवत्ता और 29 मार्च को गोगरी प्रखण्ड में होगी सभा**

**खगड़िया (एनएसबी)।** नगर परिषद क्षेत्र के एनएससी रोड स्थित अपने आवासीय मिलन कक्ष में पूर्व विधायक छत्रपति यादव ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता छत्रपति यादव ने कहा कि राहुल गांधी की कार्य संस्कृति और मार्गदर्शन के प्रति निष्ठा श्रद्धा व सम्मान रखते हुए हम बिहार के समर्पित कांग्रेसजनों और जनता को लेकर 25 मार्च से पूरे बिहार के प्रखण्ड एवं पंचायतों कांग्रेस - बचाओ यात्रा के क्रम में जन संवाद करेंगे और बिहार कांग्रेस की दूषित कार्य शैली और कांग्रेस की जनास्था को खण्डित करने वाले बिहार के कुछ चुनिन्दे शीर्ष नेतृत्व की घृणित भावनाओं से जनता को अवगत करायेंगे। प्रेसवार्ता में वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुंदन कुमार सिन्हा, वीरेन्द्र सिंह, पूर्व प्रदेश मंत्री सेवादल एवं संजय कुमार उर्फ मुन्ना जी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हमारी 'कांग्रेस बचाओ यात्रा' में बिहार के सभी जिलों के समर्पित व निष्ठावान कांग्रेसी शामिल रहेंगे। हम यह भी बतायेंगे कि प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रभारी की मनमानी एवं गलत टिकट वितरण के कारण कांग्रेस का चुनाव परिणाम शर्मनाक रहा, जिससे जनता के बीच गलत संदेश गया और कई जगहों पर कांग्रेस जीती हुई बाजी भी हार गई। अन्य जिलों की तरह खगड़िया जिला कांग्रेस बचाओ सम्मलेन 21 अप्रैल को होगा। वरिष्ठ नेता कुंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि 2025 विधानसभा चुनाव के दौरान बैलदौर विधानसभा एवं खगड़िया विधानसभा में टिकट वितरण मे हुई धांधली और गड़बड़ियों किसी से छिपी नहीं है। इसके अलावा किशनगंज, जमालपुर , कसबा एवं सीवान के सीटिंग विधायक का भी टिकट काटना बिहार प्रभारी की गलती थी। कांग्रेस पार्टी के अन्दर पर्यटक की भीड़ से अनिश्चतता और अस्थिरता का माहौल बनी है, नतीजा समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ता मूकदर्शक बने रहे। पूर्व विधायक छत्रपति यादव ने वताया कि 25 मार्च को चौथम, 26 मार्च को बैलदौर, 27 मार्च को हसनपुर (समस्तीपुर), 28 मार्च को परवत्ता एवं 29 मार्च को गोगरी प्रखण्ड में यात्रा के माध्यम से जनता के साथ कांग्रेस में वदलाव के लिए प्रेस वार्ता एवं जन सम्पर्क किया जा रहा है। बिहार के सभी प्रखंडों पंचायतवार यात्रा कर जिलेवार कांग्रेस बचाओ सम्मलेन भी आयोजित होगा। 21 अप्रैल को खगड़िया जिला में कांग्रेस बचाओ सम्मेलन समर्पित कांग्रेस जन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिसमे स्तरीय समर्पित कांग्रेस नेता भी भाग लेंगे। छत्रपति यादव ने कहा कि आपका साथ चाहिए यात्रा का अनुभव और एहसास तो है लेकिन यह यात्रा कहां तक जाएगी और मुझे कहां तक लेकर जायेगी यह अभी मैं नहीं जनता इसे जानने और समझने के लिये मुझे आपका साथ चाहिए।

## खबरें : एक नजर में

### खोए मोबाइल पाकर यात्री के मुस्कान को आरपीएफ ने लौटाया, गया-जमालपुर पैसेंजर ट्रेन में कटिहार के यात्री का छूट गया था मोबाइल

**जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)।** जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर खड़ी ट्रेन गया -जमालपुर पैसेंजर ट्रेन में आरपीएफ ने लावारिस अवस्था में एक मोबाइल को बरामद किया। बरामद मोबाइल का जांच पड़ताल किया गया तो पता चला कि कटिहार जिले के किसी यात्री का मोबाइल सीट पर छूट गया था जिसे आरपीएफ ने मोबाइल को यात्री को सुपुर्द कर उनके मुस्कान को लौटाने का काम किया। ट्रेन से बरामद मोबाइल के बारे में आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर जेआर मीणा ने बताया कि प्लेटफर्म ड्यूटी के दौरान ट्रेन में सर्च करने के दौरान सीट पर एक मोबाइल मिला। जांच पड़ताल के बाद पता चला कि ट्रेन में किसी यात्री का भूल बस मोबाइल छूट गया। जिसकी सूचना संबंधित मोबाइल के यात्री को दी गई। सूचना मिलने के बाद कटिहार जिले के दुर्गापुर विनोद टोला निवासी मिंनचु सिंह को मोबाइल जांच पड़ताल के बाद दे दी गई। इधर आरपीएफ के इस सकारात्मक पहल की प्रशंसा यात्रियों ने किया है।



यात्री के मोबाइल लौटते आरपीएफ।

### गैस गोदाम से सिलेंडर लेने पर उपभोक्ता को मिलती है 20 से 33 रुपए की छूट

**जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)** । शहर में गैस की किल्लत एवं एजेंसी मालिक के द्वारा उपभोक्ता को मिलने वाली लाभ को हजम करने में लगे हैं। उक्त बातें नक्की नगर केशोपुर में जनता जनप्रतिनिधि के बैठक को संबोधित करते हुए वार्ड पार्षद राकेश तिवारी ने कहा। श्री तिवारी ने यह भी कहा कि गैस उपभोक्ता को यह मालूम नहीं है कि गोदाम से अगर गैस लेते हैं तो उन्हें 20 से 33 रुपए की छूट मिलता है जो जानकारी के अभाव में एजेंसी मालिक उपभोक्ता को नहीं देते हैं। जबकि यह राशि शहर के अनुसार तय होता है। कैश एंड कैरी नियमावली के तहत मिलने वाली इस राशि का गोलमाल शहर के तमाम गैस एजेंसी कर रहे हैं। श्री तिवारी ने यह भी कहा कि शहर के तमाम एजेंसी मालिक पिछले 30 से 35 साल से इस स्कीम के तहत लाभुकों को किसी प्रकार की छूट नहीं दे रही है। एक आकलन के अनुसार यह पता चलता है कि तीन से चार करोड रुपए इस स्कीम के तहत उपभोक्ता का गवन किया गया है। ऐसी व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उपभोक्ता के सवाल पर हम जनप्रतिनिधि कभी भी सड़क पर उतरने के लिए बाद होंगे। बैठक में वार्ड पार्षद राकेश कुमार प्रतिनिधि गौतम आजाद, दीपक कुमार सहित कई जनता मौजूद थे।



बैठक करते जनता जनप्रतिनिधि।

### बिहार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री द्वारा चार्ली चैप्लिन द्वितीय राजन कुमार सम्मानित

**मुंगेर (एनएसबी)** । बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद से कला व संस्कृति पवेलियन में चार्ली चैप्लिन द्वितीय राजन कुमार सम्मानित किए गए इससे मुंगेर में खुशी की लहर दौड़ गई है। बिहार दिवस के अवसर पर राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित विशेष कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र मशहूर कलाकार हीरो राजन कुमार हैं। कला व संस्कृति पवेलियन में चार्ली चैप्लिन द्वितीय राजन कुमार का बहुत बड़ा बैनर लगाया गया है जिसपर एक बात लिखी है।अगर आप नहीं हँसते हैं तो समझ लें कि आपके जीवन का एक दिन व्यर्थ हो गया है इसलिए हंसें। राजन कुमार अपने जीवंत अभिनय से महान कमेडियन चार्ली चैप्लिन के रूप में दर्शकों को दशकों से हँसाते आ रहे हैं। लोग चार्ली चैप्लिन द्वितीय से मिलकर बहुत खुश हैं और उनके साथ फोटो ले रहे हैं। उनके लाईव शो को देखकर एंजय कर रहे हैं । पिछले 25 साल से चार्ली चैप्लिन के किरदार को जी रहे बिहार के अंतरराष्ट्रीय अभिनेता हीरो राजन कुमार बिहार के कला प्रेमियों को खूब पसन्द आ रहे हैं। चार्ली चैप्लिन द्वितीय ने अपना 5373वां लाइव शो पूरा किया। लोगों का कहना है कि उनका व्यवहार बहुत अच्छा है सभी फैंस के साथ वह फोटो खिंचवा रहे हैं । सबसे बहुत प्यार से मिल रहे हैं मेले में घूमने की थकान उनसे मिलकर निकल जाती है।



मंत्री द्वारा सम्मानित होते चार्ली चैप्लिन द्वितीय राजन।

## बिहार दिवस पर उद्यमी संवाद का आयोजन

**लखीसराय (एनएसबी)।** बिहार दिवस-2026 के गौरवशाली अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा उद्यमिता को नई गति देने के उद्देश्य से नगर भवन, लखीसराय में उद्यमी संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी मिथलेश मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में वर्तमान और भावी उद्यमियों ने हिस्सा लिया। जहाँ जिले में निवेश, रोजगार सृजन और स्टार्टअप की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी मिथलेश मिश्र ने कहा कि स्वरोजगार ही आर्थिक सशक्तिकरण का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने उद्यमियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी देते हुए आह्वान किया कि वे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए आगे आएं। डीएम ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन उद्यमियों की हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

संवाद के दौरान बिहार उद्यमी संघ के प्रतिनिधि पंकज कुमार एवं रंजय कुमार ने स्टार्टअप जगत की जमीनी हकीकत पेश की। उन्होंने मार्केटिंग, ब्रांडिंग और डिजिटल प्लेटफर्म के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि नए उद्यमियों के लिए बाजार में टिकना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने उद्यमियों को सलाह दी कि वे अपने उत्पादों की पहुंच बढ़ाने के लिए ई-कमर्स और सोशल मीडिया नेटवर्किंग का अधिकतम उपयोग करें।



दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते डीएम।

वहीं, एफपीओ बड़हिया के अध्यक्ष अभिनव कुमार ने कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कृषक उत्पादक संगठनों के लाभ गिनाते हुए कहा कि सामूहिक रूप से कार्य करने पर न केवल लागत कम होती है, बल्कि किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर बाजार मूल्य भी प्राप्त होता है।

मौके पर जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक रुपेश कुमार झा, वरीय उपसमाहर्ता शशि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम सहित कई अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन जिले में उद्यमिता के समग्र विकास हेतु सामूहिक प्रयास के संकल्प के साथ हुआ।

## बिहार दिवस : सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बिखेरी छटा

**लखीसराय (एनएसबी)।** नगर भवन, लखीसराय में बिहार दिवस 2026 समारोह के दूसरे दिन का आयोजन सोमवार को अत्यंत उत्साह, उल्लास एवं सांस्कृतिक विविधता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। स्थानीय कलाकारों एवं स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत एवं नाटकों ने दर्शकों का मन मोह लिया और कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में पारंपरिक एवं आधुनिक कला का सुंदर समन्वय देखने को मिला। बच्चों की प्रस्तुतियों में उनकी प्रतिभा, ऊर्जा एवं रचनात्मकता स्पष्ट रूप से झलक रही थी, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में लोक संस्कृति की झलक विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिससे बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रभावी प्रदर्शन हुआ।

इसके अतिरिक्त विभिन्न बौद्धिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें समूह लोक वाद-विवाद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता तथा कविता लेखन प्रतियोगिता प्रमुख थीं। इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों की अभिव्यक्ति, तर्कशक्ति एवं रचनात्मक लेखन कौशल ने निर्णायकों एवं दर्शकों को काफी प्रभावित किया।



सम्मानित करते जिलाधिकारी ।

कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जिला पदाधिकारी द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन हुआ तथा उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली।

बिहार दिवस 2026 का यह आयोजन अत्यंत भव्यता एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की शोभा और भी बढ़ गई। उपस्थित जनसमूह ने पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्वक भाग लिया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता नीरज कुमार, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शंभूनाथ, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, वरीय उप समाहर्ता शशि कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा माननीय जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## 106 वीं जयंती पर याद किए गए महान समाजवादी चिंतक विचारक युगद्रष्टा डा. राम मनोहर लोहिया

### भारतीय राजनीति के अद्भुत शिल्पकार थे डा. लोहिया : सपा

**मुंगेर (एनएसबी)।** महान समाजवादी चिंतक विचारक युगद्रष्टा डा. राम मनोहर लोहिया की 106 वीं जयंती सोमवार को मुंगेर जिला समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में जिला मुख्यालय स्थित पार्टी के अस्थाई कार्यालय बेलन बाजार में सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव के अध्यक्षता में आयोजित की गई । जहां उपस्थित सपाइयों ने डा. लोहिया के तस्वीर पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि निवेदित कर उन्हें भारतीय राजनीति का शिल्पकार बताते हुए वर्तमान राजनीतिक स्थितियों पर चर्चा की। मौके पर उपाध्यक्ष रामनाथ राय महासचिव मिथलेश यादव मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम सदर प्रखण्ड अध्यक्ष ईश्वर मंडल रामानन्द यादव छडपन मंडल डा. सुधीर गुप्ता डब्ल्यू यादव लोरीक महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि डा. लोहिया भारतीय राजनीति के वो अद्भुत शिल्पकार थे जिसने देश की राजनीति में कई आयामों को आकार दिया चाहे गैर कांग्रेसवाद का नारा हो या फिर सप्त क्रांति । डा. लोहिया कहा करते थे आजादी के बाद कांग्रेस कपटी पार्टी बन कर रह गई है और यह बातें सही साबित हो रही । आज अगर भाजपा जैसी सांप्रदायिक पार्टी देश को विध्वंस के कगार पर पहुंच रही है तो ये कांग्रेस की नीतियां है जिस पर भाजपा अमल कर रही है।



राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाते समाजवादी पार्टी।

श्री यादव ने कहा की जिस तरह डा. लोहिया ने कांग्रेस के सल्तनत को भस्म कर दिया । आज फिर आवश्यकता है समाजवादियों के एका का, जिससे कि हम सांप्रदायिक शक्तियों को करारा जवाब दे सके । यही डा. लोहिया को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मौके पर लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकान्त झा ने कहा की डा. लोहिया सदैव कहां करते थे हम समाजवादी चुनाव जीते या हारे हम अपने रास्ते पर चलते रहेंगे और हम सपाईयों को भी बिना हताश और निराश हुए अपने रास्ते पर चलना होगा। क्योंकि आज हमारे जिले की इतनी भयावह स्थित है की शासन प्रशासन किसी की सुनने के लिए तैयार नहीं । हर जगह लूट का साम्राज्य है । एक जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आम आदमी को कितने पापड़ बेलने पड़ते हैं। तानाशाही सरकार को इसका इल्म नहीं जिसका जवाब उन्हें सड़कों पर देना होगा । यही महामना डक्टर लोहिया को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## खबरें : एक नजर में

### शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के शहादत यूनियन नेता ने किया नमन, भगत सिंह के विचार युवाओं के लिए प्रेरणा का है आधार : मेंस यूनियन

**जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)** । शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के शहादत दिवस ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन, कारखाना शाखा में एक विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा अध्यक्ष पंकज कुमार ने की। अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि क्रांति की तलवार विचारों की सान पर तेज होती है। आज के समय में युवाओं को वैचारिक रूप से मजबूत होकर समाज में व्याप्त अन्याय और असमानता के खिलाफ संघर्ष करना होगा। संयुक्त सचिव गोपाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि भगत सिंह का स्पष्ट मानना था कि क्रांति से हमारा अभिप्राय मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण का अंत करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भी यह विचार समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि भगत सिंह ने हमेशा संगठित संघर्ष और जागरूकता पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक कुरीतियों और अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं। उपाध्यक्ष अभिमन्यु पासवान ने कहा कि भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी नहीं, बल्कि एक महान चिंतक भी थे। उनके विचार आज भी हमें सांप्रदायिकता और भेदभाव के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देते हैं। सहायक सचिव संजीव कुमार ने कहा कि भगत सिंह का जीवन हमें सिखाता है कि अन्याय के खिलाफ चुप रहना भी एक अपराध है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को सजग और जिम्मेदार बनना होगा तथा विचार के आधार पर आंदोलन को संचालित करना होगा। मौके पर परमानंद कुमार, देव शंकर सिंह, रंजीत कुमार, विरंजन मंडल सहित कई मौजूद थे।





भगत सिंह के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते यूनियन नेता।

### रामनवमी जुलूस को लेकर थाना में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

**जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)।** चैती दुर्गा एवं रामनवमी जुलूस को लेकर आदर्श थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान के अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित जनता जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं पूजा समिति के लोगों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कोई भी पर्व त्यौहार आस्था से जुड़ा होता है और खुशियां भरा पैगाम लेकर आता है। इसलिए हम लोगों का दायित्व बनता है की परंपरा के तहत पर्व को हंसी-खुशी एवं भाईचारा के साथ मनाना चाहिए। रही बात रामनवमी शोभा जुलूस की तो इसके लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है और डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध रहेगा। मौके पर राजीव नायक, बादल सिंह, बबलू पासवान, शंकर सिंह,भवेश चौधरी, सुदेश मंडल ने कहा रामनवमी शोभा जुलूस शहर में बेहतर एवं अनुशासित तरीके से निकल जाएगी इसके लिए तैयारी किया जा रहा है। इन्होंने यह भी कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम हम लोग के आदर्श एवं आराध्या हैं इसलिए शांतिपूर्ण तरीके से शोभा जुलूस निकाली जाएगी। बैठक में बलविंदर सिंह अहलूवालिया, मनोज सिंह, मुकेश कुमार शर्मा, राज गुप्ता, नप कर्मी प्रेम शंकर, काली, कारू साईं शंकर, राजीव सिंह शहीद कई मौजूद थे।



रामनवमी को लेकर बैठक करते थानाध्यक्ष।

### बिहार की बदहाली के लिए जनता की राजनीतिक सोच जिम्मेदार, जब तक नहीं बदलेंगे हालात, विकास की उम्मीद बेमानी : प्रशांत किशोर

**लखीसराय/ सूर्यगढ़ा (एनएसबी)।** जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने लखीसराय के सूर्यगढ़ा दौरे के दौरान बिहार की वर्तमान स्थिति और राजनीतिक चेतना पर तीखा प्रहार किया है। मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक बिहार की जनता की राजनीतिक सोच और समझ में बुनियादी बदलाव नहीं आएगा, तब तक प्रदेश के विकास की कोई भी उम्मीद रखना व्यर्थ है। उन्होंने बिहार की बदहाली का जिक्र करते हुए एक मर्मस्पर्शी आंकड़ा साझा किया कि राज्य में नई सरकार के गठन के बाद से अब तक दूसरे राज्यों में मजदूरी कर रहे 50 से अधिक बिहारी श्रमिकों की जान जा चुकी है। उन्होंने राजस्थान की पटाखा फैक्ट्री में 12 मजदूरों और सूरत की रंग फैक्ट्री के टैंक में जहरीली गैस से 4 युवाओं की मौत का हवाला देते हुए कहा कि दोनों राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, लेकिन संवेदनहीनता का आलम यह है कि बिहार सरकार ने उन शवों को सम्मानजनक ढंग से घर तक पहुंचाने की जहमत भी नहीं उठाई। प्रशांत किशोर ने जनता को आईना दिखाते हुए कहा कि विडंबना यह है कि जिन परिवारों के लाल बाहर दम तोड़ रहे हैं, वही लोग चुनाव के समय चंद रुपयों के लालच में अपना वोट उसी व्यवस्था को दे देते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि आम जनता की राजनीतिक बुद्धि श्नोट के बदले वोटश देने तक सीमित रहेगी, तो बिहार कभी विकास की राह पर आगे नहीं बढ़ पाएगा। उन्होंने दोहराया कि जनसुराज अभियान का एकमात्र मकसद बिहार के लोगों की इसी मानसिकता को बदलकर उन्हें विकासवादी बनाना है और उनकी पार्टी इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। अपने इस दौरे के दौरान प्रशांत किशोर स्थानीय चर्चित चेहरे और पूर्व प्रत्याशी रविशंकर सिंह अशोक के आवास पर पहुंचे थे। रविशंकर सिंह अशोक के जनसुराज में शामिल होने की अटकलों पर विराम लगाते हुए उन्होंने कहा कि अशोक जी से उनकी बातचीत चुनाव के पहले से हो रही है और दोनों के राजनीतिक उद्देश्य एक समान हैं। उन्होंने संकेत दिया कि यदि वे राजनीतिक रूप से एकजुट होते हैं, तो निश्चित रूप से समाज के लिए बेहतर परिणाम आएंगे। इस मौके पर उनके साथ पूर्व विधायक मुन्ना भैया और रामबली सिंह भी मौजूद रहे। इस मुलाकात के बाद स्थानीय गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई है कि रविशंकर सिंह अशोक जल्द ही जनसुराज का दामन थाम सकते हैं।

## बिहार दिवस पर छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**लखीसराय (एनएसबी)।** बिहार दिवस के गौरवशाली अवसर पर जिले में भव्य सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान समूह नृत्य, वाद-विवाद, भाषण और कविता लेखन जैसी विधाओं में जिले भर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में निर्णायक मंडल द्वारा विजेताओं के नामों की घोषणा की गई और उन्हें सम्मानित किया गया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में नृत्य की विधा में अनन्या भारती एवं समूह (प्लस टू उ .वि़ बड़हिया) ने अपनी शानदार प्रस्तुति से प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर शमा परवीन एवं समूह (मोक्ष डांस स्टूडियो, लखीसराय) रहे। वहीं तृतीय स्थान संयुक्त रूप से पूजा कुमारी एवं समूह (एम़टी़डांस एकेडमी, लखीसराय) और सुनीता कुमारी एवं समूह (उ़ड़वि़ लहसोरवा) को दिया गया। घ्वाद-विवाद प्रतियोगिता में तार्किक चर्चा में करण कुमार (प्लस टू हसनपुर हाई स्कूल, लखीसराय) ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर चाँदनी कुमारी (महिला विद्या मंदिर, लखीसराय) रहीं और तृतीय स्थान गोपी कुमार (प्लस टू उ़वि. जैतपुर, बड़हिया) को प्राप्त हुआ।

भाषण प्रतियोगिता में अपनी वाक्पटुता से अदिति कुमारी (एस़डीज़ीएल़ हाई स्कूल, लखीसराय) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान निशु कुमारी (उ़ड़एमवि़ बिलौरी, लखीसराय) को मिला, जबकि तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से कोमल कुमारी (एम़एस़नया बाजार, लखीसराय) और आशिता कुमारी (प्लस टू उ़उवि़ हलसी) रहीं। कविता लेखन प्रतियोगिता में लेखन की कला में अदिति कश्यप (प्लस टू श्री गोविन्द उ़वि़ मानो, सूर्यगढ़ा) प्रथम स्थान पर रहीं। सलोनी कुमारी (प्लस टू के़आरक़े उ़वि़ लखीसराय) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और तृतीय स्थान पर रंजीत कुमार (उ़वि़ बिलौरी, लखीसराय) रहे।

इस आयोजन का उद्देश्य बिहार की गौरवशाली संस्कृति को युवाओं के बीच बढ़ावा देना और उनकी प्रतिभा को एक सशक्त मंच प्रदान करना था। सभी सफल प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन और शिक्षा विभाग द्वारा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं।

## हेरिटेज वॉक में उमड़ा जनसैलाब अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**लखीसराय (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के दूसरे दिन सोमवार को बड़हिया नगर परिषद क्षेत्र में जिला प्रशासन के तत्वावधान में भव्य हेरिटेज वॉक सह शहीद पदयात्रा का आयोजन किया गया।

मौके पर अपर समाहर्ता नीरज कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम, नगर परिषद बड़हिया के सभापति प्रतिनिधि सुजीत कुमार सहित जिले के कई गणमान्य व्यक्ति और अधिकारी मौजूद थे।

इस गौरवमयी यात्रा का मुख्य उद्देश्य स्थानीय ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति जन-जागरूकता फैलाना तथा युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के महान आदर्शों से जोड़ना था।

हेरिटेज वॉक का विधिवत शुभारंभ पीएम श्री उच्च विद्यालय, बड़हिया के परिसर से हुआ। यह पदयात्रा श्रीकृष्ण चौक, गणेश मंदिर, जगदम्बा मंदिर, नागवती स्थान एवं लोहिया चौक जैसे प्रमुख स्थलों से गुजरते हुए पुनः विद्यालय परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम एवं डीपीओ (समग्र शिक्षा) नीलम राज की देखरेख में किया गया।

इस यात्रा में उच्च विद्यालय बड़हिया, दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं यूनिवर्स लाइब्रेरी के छात्र-छात्राओं सहित स्थानीय शिक्षकों और आपदा मित्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने कहा कि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक गौरव को संजोना हम सभी का परम कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से देशभक्ति की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया और शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के बलिदान को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

वहीं, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सुमित कुमार ने छात्रों को अपनी आंतरिक क्षमता पहचानने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि युवा शक्ति ही देश का वास्तविक भविष्य है।

पदयात्रा के दौरान लोहिया चौक पर स्थित महान समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया की आदमकद प्रतिमा पर जिलाधिकारी एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मर्निंग वॉक पर निकले पति-पत्नी को अनियंत्रित कार ने कुचला, मौके पर ही मौत, लखीसराय एसपी ने की अपनी गाड़ी से हादसे की पुष्टि

**लखीसराय (एनएसबी)।** बेगूसराय के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र से दर्दनाक खबर है। जहां श्रीनगर-मोहनपुर गांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान श्रीनगर गांव वार्ड-10 निवासी 60 वर्षीय नथुनी यादव और उनकी 52 वर्षीय पत्नी इंदु देवी के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, दोनों रोज की तरह सोमवार की सुबह मर्निंग वक पर निकले थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार महिंद्रा 700 (नंबर 01/6374) ने उन्हें बुरी तरह कुचल दिया। इस पूरे मामले में अब सबसे बड़ा खुलासा खुद लखीसराय की एसपी प्रेरणा कुमार ने किया है।

एसपी प्रेरणा कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी लखीसराय पुलिस की ही थी, जो वापस लौट रही थी और इसी क्रम में बेगूसराय में हादसे का शिकार हो गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में संबंधित थाना की बेगूसराय पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन ।

बताया जा रहा है कि घटना के समय गाड़ी में ड्राइवर और दो बडीगार्ड सवार थे। हादसे के बाद मौके पर मौजूद आक्रोशित ग्रामीणों ने चालक और दोनों बॉडीगार्ड को पकड़ लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सुरक्षा के लिए लगे एयरबैग तक खुल गए, जिससे हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने दोनों शवों को सड़क पर रखकर जाम कर दिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

सूचना मिलते ही साहेबपुर कमाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बलिया डीएसपी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। थाना अध्यक्ष सिंटू कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में दंपत्ति की मौत हुई है । पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी ।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और वाहन के चालक व अन्य तकनीकी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है ताकि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### शहीद दिवस पर हुई दौड़ प्रतियोगिता



**आरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई ने शहीद दिवस पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन महाराजा कॉलेज में किया। कार्यक्रम का विधिवत् उद्घाटन विद्यार्थी परिषद् के प्रदेश मंत्री छोटू सिंह, शोध कार्य संजयोक चंदन तिवारी, प्रांत छात्रा सह प्रमुख कल्पना भारती, यशवंत सिंह और जिला संयोजक अनूप सिंह ने किया। विषय प्रवेश जिला संयोजक अनूप ने कराया। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री छोटू सिंह ने कहा कि शहीद दिवस पर दौड़ प्रतियोगिता कराने का मुख्य उद्देय युवाओं में देशभक्ति और स्वास्थ्य-चेतना जगाना है। वहीं टॉप दस धावकों को प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य सिंह, नगर सह मंत्री सचिन राय, विक्रांत ओझा, राजा सिंह किशन सिंह, चंदन सिंह, माखन कुमार, आशीष कुमार, बीनू पाठक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**आरा।** सिकरहटा थाने की पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को मोपती बाजार से गिरफ्तार किया है। वह सिकरहटा थाना क्षेत्र के देव गांव निवासी है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। बता दें कि बीते वर्ष 13 जनवरी की शाम वकील सिंह के दोस्त स्कॉर्पियो लेकर उसके दरवाजे आए थे और उन्हें अपने साथ ले गए थे। इसके बाद उन्हें उसी रात में वापस घर छोड़ दिया था। तभी उनकी मौत हो गई थी। मृतका की पत्नी सुनीता देवी ने वकील सिंह सहित पांच लोगों के खिलाफ जहरीला पदार्थ खिलाकर पति की हत्या करने का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसी समय उक्त आरोपी की फरार चल रहा था।

### तीन अज्ञात शवों का कराया गया अंतिम संस्कार

**आरा।** शहर के करमन टोला रोड स्थित लावारिस सेवा केंद्र द्वारा रविवार को तीन अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार गांगी नदी स्थित मुक्तिधाम में कराया गया। इनमें एक शव नवादा, दूसरा पीरो तथा तीसरा शव उदवंतनगर थाने से प्राप्त हुआ था। सभी शव पुरुष के थे। पोस्टमॉर्टम के बाद शवों को 72 घंटे तक पहचान के लिए रखा गया था। पहचान नहीं होने के बाद उन्हें पुलिस ने अंतिम संस्कार हेतु लावारिस सेवा केंद्र को सौंप दिया। लावारिस सेवा केंद्र ने रविवार को तीनों वों का अंतिम संस्कार कराया।

### कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज

**आरा।** केंद्र सरकार की नीतियों एवं रसोई गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने चरणबद्ध आंदोलन तेज कर दिया है। इसी कड़ी में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के बैनर तले मंगलवार को जिला समाहरणालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में आयोजित यह प्रदर्शन दोपहर 12:30 बजे निर्धारित है।

### नाइट बाउंड्री शॉर्ट टूर्नामेंट का आयोजन



**अगिआंव (एनएसबी)।** नारायणपुर खेल मैदान में नाबालिक संघ की ओर से नाइट बाउंड्री शॉर्ट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुखिया भूपेंद्र सिंह यादव ने किया। मौके पर यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से गांव में आपसी भाईचारा और प्रेम के साथ खिलाड़ियों की पहचान भी बनती है। नाइट बाउंड्री शॉर्ट टूर्नामेंट में जिले की कुल 32 टीमों ने भाग लिया। निर्धारित ओवर में अमर क्लासेस नारायणपुर की टीम को हराकर अजीमाबाद क्रिकेट टूर्नामेंट की टीम विजेता घोषित हुई।

### बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का उद्घाटन



**कोईलवर।** बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में अहम पहल करते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का विधिवत उद्घाटन किया गया। गया क्षेत्र के अंतर्गत यह बैंक की 64वीं शाखा है, जबकि भोजपुर जिले में यह 9वीं शाखा के रूप में शुरू हुई। नई शाखा का उद्घाटन बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक एवं पटना अंचल प्रमुख संजय कुमार स्वाईं, गया क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख संजय कुमार तिवारी तथा उप क्षेत्रीय प्रमुख प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि कोइलवर में नई शाखा खुलने से क्षेत्र के आम लोगों, व्यापारियों एवं किसानों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। इससे न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि लोगों को बैंकिंग सेवाओं के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की आवयकता भी नहीं पड़ेगी। उद्घाटन समारोह में शाखा प्रबंधक धर्मवीर कुमार सहित बैंक के अन्य अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### कथा लोक-परलोक का पाथेय है : आचार्य भारतभूषण

**आरा।** जगदेव नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के सातवें दिन प्रवचन करते हुए श्रीमत्सनातनाक्तिपीठाध्यक्ष आचार्य डॉ. भारतभूषण जी महाराज ने कहा कि सनकादि आचार्यों का जीवन कथा ही है-कथा मात्रैक जीविनः। कथा जीव का परम आश्रय, जीवन का परमधन और लोक-परलोक का परम पाथेय है। पूर्वाचार्यों ने परमकृपा कर भगवान की कथा हमें प्रदान की है जिसमें सर्वोच्च ज्ञान-विज्ञान, वैदिक सनातन सदाचार और जीवन तथा जगत् को दिव्य बनाने की कला भरी हुई है। इसके श्रवणमात्र से ही मुक्ति मिल जाती है तथा भगवान श्रीहरि प्राप्त हो जाते हैं। आचार्य ने स्यमन्तक मणि की कथा सुनाते हुए कहा कि संसार में भगवान पर भी कलंक लगानेवाले लोग होते रहे हैं किंतु भगवान श्रीकृष्ण ने अपने पुरुषार्थ से सत्य को प्रकट कर और कलंक धो डाला। इस अवसर पर संयोजक बृजबिहारी सिंह, सचिव त्रिलोकी नाथ सिंह के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया।

### डॉ. लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक

**पीरो।** प्रखर समाजवादी चिंतक व विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर कृतज्ञ लोगों ने उन्हें श्रद्धा भाव से याद किया। पीरो नगर के लोहिया चौक स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए कई समाजवादी नेता व कार्यकर्ता पहुंचे थे। अपने संबोधन में अवकाश प्राप्त शिक्षक राजेंद्र प्रसाद, पूर्व जिला पार्षद प्रमोद कुमार सिंह, संजय यादव, घनश्याम सिंह, सुनील कुमार सिंह, मदन सिंह, रवि यादव आदि ने कहा कि डॉ. लोहिया सामाजिक, आर्थिक बराबरी के पक्षधर थे। वे ऐसी समता मूलक सामाजिक व्यवस्था कायम करना चाहते थे जहां सबको बराबरी का अधिकार प्राप्त हो। डॉ. लोहिया के विचार आज भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं।

# भोजपुर की बच्चियों का जलवा

**आरा (एनएसबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने 12वीं बोर्ड के नतीजे घोषित कर दिए हैं। 12वीं बोर्ड की परीक्षा में भोजपुर जिले की बच्चियों का जलवा रहा है। आर्ट्स कॉमर्स एवं साइंस विषयों में जिले की 11 छात्राओं ने टॉप-3 में जगह बनाई है।

आर्ट्स में भोजपुर जिले के राजकीय कृत गर्ल्स हाई स्कूल धनडीहां की छात्रा अन्यया सत्यार्थी 93.80 प्रतिशत (469 अंक) एवं एचएनके इंटर कॉलेज, आरा, भोजपुर के अमरजीत कुमार 93.80 प्रतिशत (469 अंक) प्राप्त कर भोजपुर टॉपर बने हैं। कमर्स में एचएनके इंटर कॉलेज, आरा भोजपुर की नंदनी कुमारी 91.60 प्रतिशत (445 अंक) हासिल कर टॉपर बनी हैं। वही साइंस में मलौर प्लस टू हाई स्कूल की अंशिका कुमारी, रामदयाल यादव प्लस टू स्कूल जितौरा भोजपुर के विक्की कुमार एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय कायमनगर के छात्र विवेक मिश्रा ने 93 प्रतिशत (465 अंक) प्राप्त कर टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है।

**12वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी**



**अन्यया सत्यार्थी और अमरजीत कुमार आर्ट्स में भोजपुर टॉपर, नंदनी कुमारी ने कॉमर्स में सर्वाधिक 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर भोजपुर टॉपर बनी, साइंस में अंशिका कुमारी, विक्की कुमार और विवेक मिश्रा संयुक्त टॉपर बने**

आर्ट्स विषय में एचएन इंटर कॉलेज शाहपुर पट्टी आरा, भोजपुर की शिवानी गुप्ता एवं प्लस टू हाई स्कूल यादोपुर की सोनी भगत ने 93.60 प्रतिशत (468 अंक) प्राप्त कर भोजपुर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कमर्स में एचएनके इंटर कॉलेज आरा, भोजपुर की नंदिनी पांडेय ने 91.20 प्रतिशत (456 अंक) प्राप्त कर भोजपुर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। साइंस में एमजे प्लस 2 स्कूल राजापुर के बिट्टू कुमार ने 92.60 प्रतिशत (463 अंक) प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। आर्ट्स में एसबी हाई स्कूल आरा की सृष्टि कुमारी एवं हरिवंश हाई स्कूल की चांदी के 93.40 प्रतिशत (467 अंक) हैं। कॉमर्स विषय में एचएनके इंटर कॉलेज आरा, भोजपुर की गुड़िया कुमारी ने 90.80 प्रतिशत (484 अंक) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उदवंतनगर भोजपुर की मोहिनी प्रिया सिंह तथा यादव विद्यापीठ प्लस टू हाई स्कूल मौलाबाग, आरा की दीपिका कुमारी ने 92.40 प्रतिशत (462 अंक) प्राप्त कर पूरे भोजपुर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

## तहसील सज्जाद को आर्ट्स में भोजपुर में तीसरा स्थान

**आरा।** कोईलवर प्रखंड के हरिवंश उच्च विद्यालय चांदी की छात्रा तहसीन सज्जाद ने



इंटर आर्ट्स की परीक्षा में पूरे भोजपुर में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उसने परीक्षा में 467 यानि 93.4 प्रतिशत अंक हासिल किया है। तहसीन के पिता सज्जाद असलम उर्फ टुनटुन प्राइवेट शिक्षक (अंग्रेजी) हैं जबकि मां सहिना बानो गृहणी हैं। तहसील ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उसकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं व अन्य लोगों ने बधाई दी।

## जन समाधान पोर्टल का किया विमोचन

**आरा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जन समाधान पोर्टल का विमोचन किया गया। यह पोर्टल भोजपुर जिला प्रशासन ने नागरिकों से विभिन्न माध्यमों से प्राप्त परिवादों एवं शिकायतों के ऑनलाइन मॉनिटरिंग एवं ट्रैकिंग के उद्देश्य से विकसित किया गया है। वर्तमान में जिले के 150 से अधिक कार्यालयों को इस पोर्टल से जोड़ा जा चुका है, जिससे शिकायतों के त्वरित निष्पादन एवं पारदर्शिता सुनिचित होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पहल नागरिकों के सशक्तिकरण, पारदर्शिता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से आमजन अपनी शिकायतों की स्थिति आसानी से ऑनलाइन देख सकेंगे तथा प्रशासनिक कार्यों में जवाबदेही बढ़ेगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, भूमि एवं राजस्व उप समाहर्ता, आरा सदर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शाहपुर का जलवा : शिवानी जिला सेकेंड टॉपर, वैभव-प्रिंस ने भी लहराया परचम

**शाहपुर (एनएसबी)।** इंटरमीडिएट परीक्षा में शाहपुर प्रखंड के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। शाहपुर नगर पंचायत स्थित हरिनारायण इंटर कॉलेज की वार्ड संख्या 9 निवासी शिवानी गुप्ता ने कला संकाय में 468 अंक यानी 93.60 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। शिवानी का सपना यूपीएससी क्रैक कर आईएएस अधिकारी बनना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता गुड़िया देवी व पिता रंजीत कुमार गुप्ता को दिया जिन्होंने उनकी पढ़ाई के लिए लगातार मेहनत की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विष्णु शंकर सिंह ने बताया कि शिवानी शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है और उनसे टॉपर बनने की उम्मीद थी।



वहीं दियरांचल क्षेत्र के छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्लस टू विद्यालय करनामेपुर व ज्ञान ज्योति कोचिंग सेंटर के छात्र वैभव कुमार पांडेय ने विज्ञान संकाय में 443 यानी 88.6 प्रतिशत अंक हासिल किया है। वैभव ने जेईई एडवांस की परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। इसी विद्यालय के दिलमनपुर गांव निवासी पवन कुमार पांडेय के पुत्र प्रिंस पांडेय ने भी विज्ञान संकाय में 425 अंक यानी 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानंद ओझा एवं कोचिंग सेंटर के निदेशक लक्ष्मण यादव ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एसके साइंस क्लासेस के छात्रों का परिणाम रहा बेहतर



**आरा (एनएसबी)।** बिहार बोर्ड इंटर 2026 का परिणाम में एसके साइंस क्लासेस मौलाबाग के छात्रों ने पूरे भोजपुर में अपना दबदबा बना दिया है। जिले के टॉप 10 की सूची में संस्थान के चार छात्रों ने अपना स्थान बनाया है। सभी छात्रों को बधाई देते हुए संस्थान के संस्थापक श्रवण कुमार और शिक्षक राहुल कुमार रंजन तथा गोविंद कुमार ने बताया कि संस्थान से शत प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी से पास हुए हैं। इनमें सृष्टि कुमारी 467, निशा कुमारी 458, शिवम कुमार 457, आनंद मोहन पाण्डेय 457, गुड़िया कुमारी 450, शुभम कुमार तिवारी 447, भास्कर नारायण 439, वैष्णवी कुमारी 442 और अमरनाथ कुमार ने 430 अंक हासिल किए हैं। संस्थान के 40 से अधिक छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

## नंबर प्लेट का खींच रहे थे फोटो, लोग भड़के



**आरा (एनएसबी)।** एमवीआई नेम प्लेट लगे लग्जरी वाहन सवार युवकों द्वारा दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों के नंबर प्लेट के फोटो खींचे जाने का मामला सामने आया है। मामला आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र के मिल रोड में सोमवार दोपहर का बताया जा रहा है। लग्जरी वाहन पर सवार युवकों की हरकत देख स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क गया। लोगों ने जमकर हंगामा किया और एमवीआई के नेम प्लेट लगे वाहन को रोके रहे। लोगों के गुस्से को देखते हुए वाहन सवार दोनों युवकों की सिट्टी-पीट्टी गुम थी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि एमवीआई का नेम प्लेट लगे लग्जरी वाहन पर सवार दो युवक प्रतिदिन दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों के नंबर प्लेट का फोटो खींचकर बेमतलब का जुर्माना ठोक रहे हैं। आज भी शहर के मिल रोड में लग्जरी वाहन पर सवार दोनों युवक वाहनों के नंबर के फोटो खींच रहे थे। तभी लोगों ने उन्हें घेर लिया और जमकर क्लास लगा दी। जब लोगों ने युवकों का मोबाइल चेक किया तो उसमें विभिन्न गाड़ियों के नंबर प्लेट के फोटो मिले। सूचना पाकर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों से पूछताछ की। स्थानीय लोगों की माने तो प्रतिदिन लोग अपने कार्य को लेकर दो पहिया, तीन पहिया वाहनों से बाजार के लिए आते जाते हैं। ऑटो चालक सवारियों को लेकर आते-जाते रहते हैं। ऐसे में लग्जरी वाहनों पर सवार युवक, दो पहिया वाहन, ऑटो एवं चार पहिया वाहनों के फोटो खींच लेते हैं और उसके बाद उन पर जुमनि का नोटिस भेज देते हैं। जब ऑटो चालक दिन भर थक हारकर अपने घर पहुंचते हैं, तो उन्हें चलान मोबाइल पर प्राप्त होता है। लोगों का कहना है कि हाल में ही शहर के पुरानी पुलिस लाइन मोड़ के समीप चालान से परेशान एक ऑटो चालक ने खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा ली थी।

**मौके पर पहुंची नवादा थाने की पुलिस छानबीन में जुटी**

## एमडीजे पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद महोत्सव शुरू



**आरा। (एनएसबी)।** एमडीजे पब्लिक स्कूल लोहई टोला अमरपुरी बाली सोनवर्षा में आज विद्यालय के 17वें वार्षिक खेलकूद महोत्सव का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डॉ. नंद कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के खेल मैदान पर छात्र-छात्राओं ने फ्लैग मार्च निकालते हुए खेल जागरूकता के प्रति खेल भावना की मजबूती पर बल दिया।

वार्षिक खेलकूद महोत्सव में विद्यालय के कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 9 तक के कुल 1450 छात्र-छात्रा हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक डॉ. नंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, 1000 मी रेस, 500 मी रेस, 200 मी रेस, 100 मी रेस, बैलून रेस, स्पून रेस, मैथ रेस, जलेबी रेस, सैक रेस, थ्री लेग रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप, चेस, कैरम बोर्ड, लूडो जैसे इनडोर और आउटडोर गेम सहित कुल 36 प्रकार के खेलों का आयोजन होगा। पहले दिन वॉलीबॉल का मुकाबला कक्षा 8 बी और कक्षा 9 ए के बीच खेला गया जिसमें कक्षा 9 ए की टीम ने 3 प्वाइंट से जीत दर्ज की। सभी खेलों का आयोजन विद्यालय के खेल शिक्षक संतोष कुमार सिंह और राजू कुमार के निर्देशन में आयोजित हुआ।

## गंगा स्वच्छता पखवाड़ा और जल महोत्सव-2026 का शुभारंभ




**आरा (एनएसबी)।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देशानुसार समाहरणालय परिसर में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा एवं जल महोत्सव 2026 के विशेष दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला गंगा समिति भोजपुर के निर्देश पर किया गया। श्प्रथम सत्र में जल अर्पण के अंतर्गत जागरूकता रैली, श्रमदान एवं स्वच्छता शपथ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं एनसीसी-एनएसएस के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से जल अर्पण कर जल संरक्षण का संदेश दिया तथा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में 8 बिहार बटालियन एनसीसी कैडेट्स, वीर कुंवर सिंह विवि के एनएसएस स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। द्वितीय सत्र में अतिथियों का सम्मान एवं कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति भोजपुर ने बताया कि 16 से 31 मार्च तक जिले में स्वच्छता श्रमदान, जल संरक्षण शपथ, नुक्कड़ नाटक, पौधारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत आज का कार्यक्रम विशेष दिवस के रूप में मनाया गया।

## शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**कोईलवर (एनएसबी)।** चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव में टेंट हाउस संचालक धर्मेंद्र चौधरी के घर एवं स्टोर रूम में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। इसी बीच सूचना पाकर चांदी थानाध्यक्ष राकेश रोशन मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को इसकी जानकारी दी। हालांकि फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और स्टोर में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। टेंट हाउस संचालक धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि इस अगलगी में लगभग 15 लाख रुपये भारी क्षति हुई है। घटना के बाद परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय प्रशासन नुकसान का आकलन करने में जुटा है।

## शोभायात्रा के साथ श्री दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ



**चरपोखरी (एनएसबी)।** श्रीश्री 108 स्वामी राघवाचार्य जी महाराज के सानिध्य में हो रहे श्री दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा सह पंचकुण्डीय महायज्ञ सोमवार को भव्य जलभरी शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर यज्ञ स्थल से जलभरी शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु ामिल हुए। जलभरी में अगिआंव विधायक महेश पासवान भी शामिल हुए। शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड-बाजे के साथ घोड़े थे। इनके पीछे लाल-पीले परिधानों में नंगे पांव कलश लिए महिला, युवक और युवतियों का समूह जयघोष करते हुए धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था। प्रखंड के सियाडीह स्थित मलार नदी के घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने कलशों में जल भरा। इसके बाद कलशधारी श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया और सुख-समृद्धि की कामना की। महायज्ञ के यज्ञाचार्य शशिकांत मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन 23 मार्च को जलभरी शोभायात्रा से शुरू हुआ है। इसका समापन 27 मार्च को पूर्णाहुति, ब्राह्मण भोज, प्रसाद वितरण और ब्राह्मण विदाई के साथ होगा। उन्होंने ने बताया कि प्रतिदिन प्रवचन,श्रामलीला व देवी जागरण का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं प्रशासन ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा कल, प्रशासन ने पूरी की तैयारी

**आरा (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा 25 मार्च को आरा में आयोजित होना है। मुख्यमंत्री के आगमन व कार्यक्रम के सफल आयोजन, विधि-व्यवस्था संधारण, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा आमजन की सुविधा सुनिश्चित करने हेतु संयुक्त आदेश निर्गत किया गया है।

आरा-मोहनिया-जीरो माइल मार्ग पर सामान्य वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करते हुए इस मार्ग पर यातायात का डायवर्जन किया जाएगा। संदेश एवं उदवंतनगर की दिशा से आने वाले वाहनों को तेतरिया मोड़ से अनाईठ रोड के माध्यम से निर्धारित पार्किंग स्थल की ओर भेजा जाएगा। जगदीशपुर की ओर से आने वाले वाहन एनएच-922 होते हुए बामपाली एवं चन्दवा मोड़ के रास्ते नगर में प्रवेश करेंगे। पटना/कोइलवर की दिशा से आने वाले वाहनों को कायमनगर-धरहरा मार्ग से डायवर्ट कर बामपाली-चन्दवा मोड़ से प्रवेश कराया जाएगा। ओल्ड कोइलवर ब्रिज से आने वाले वाहन चांदी चौक, जमीरा, शीमहल चौक एवं गोपाली चौक के रास्ते वैकल्पिक मार्ग से संचालित होंगे।

**पार्किंग व्यवस्था :** नगर क्षेत्र एवं बक्सर की ओर से आने वाले वाहनों हेतु मिशन स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल को पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है। संदेश एवं उदवंतनगर की ओर से आने वाले वाहनों हेतु अनाईठ मोड़ पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है।

**प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीएम-एसपी का संयुक्त आदेश जारी**

**25 मार्च को कार्यक्रम स्थल के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव**

**विशेष प्रतिबंध एवं निर्देश :** 25 मार्च को पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक विद्यालय बसों का परिचालन सीमित रखा जाएगा। 24 मार्च से अगले आदेश तक आरा नगर क्षेत्र में खनन संबंधी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। कार्यक्रम स्थल के समीप केवल अधिकृत (वीआईपी/आवश्यक सेवाएं) वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। आपातकालीन सेवाएं (एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि) के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा नहीं होने दी जाएगी।

**दंडाधिकारी-पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति**

यातायात नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु कायमनगर-धरहरा-बिहारी मिल, बामपाली-चनवा मोड़, बाजार समिति परिसर, जीरो माइल, तेतरिया मोड़ मिशन स्कूल एवं सेंट जेवियर्स स्कूल (पार्किंग स्थल), जैन कॉलेज (दोनों गेट), गोपाली चौक, शीशमहल चौक आदि में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिचित करेंगे। आरा प्रशासन ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित यातायात नियमों एवं वैकल्पिक मार्गों का पालन करें तथा प्रशासन को सहयोग करें। इस आदेश का अनुपालन सभी संबंधित पदाधिकारी सख्ती से सुनिश्चित करेंगे।

## रामनवमी को लेकर 269 स्थानों पर दंडाधिकारी तैनात

**आरा (एनएसबी)।** रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आज जिला पदाधिकारी-सह-जिला दंडाधिकारी, तनय सुल्तानिया द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर विभिन्न मंदिरों एवं ठाकुरबाड़ियों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतना आवयक है। इसी के मद्देनजर जिले के 269 स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को अपने-अपने निर्धारित स्थल पर समय से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अफवाह फैलाने, सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने तथा उपद्रवी गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने एवं उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त और अपर समाहर्ता सहित सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिद्दत से याद किए गए शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जन संस्कृति मंच समस्तीपुर के तत्वाधान में शहीदे आजम भगत सिंह राजगुरु सुखदेव और 38 वें शहादत दिवस पर इंकलाबी कवि 'पाश' पूरे शिद्दत से याद किये गए। उनकी शहादत उन सभी राजनीतिक-साहित्यिक एवं सांस्कृतिक योद्धाओं की स्मृति में भाकपा वाले जिला कार्यालय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसका विषय है "फासीवादी दौर में भगत सिंह और 'पाश' की इंकलाबी विरासत। कार्यक्रम की अध्यक्षता जसम जिला अध्यक्ष डॉ प्रभात कुमार ने की तथा संचालन जसम कार्यकारी जिला सचिव रंजन कुमार 'बमबम' ने किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ शहीदे आजम भगत सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं अमर शहीदों को दो मिनट का मन धारण कर श्रद्धांजलि से हुआ। उसके बाद जनगायक विद्यानंद दास जनवादी गीतकार एवं गजलकार डा. अजय कुमार, जाने माने जन गायक का. राम नारायण पासवान उर्फ भोला जी द्वारा कतिपय गीत एवं गजल प्रस्तुत किए गए। संगोष्ठी के विषय पर बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए जसम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद सुमन ने कहा कि- आज युद्ध अपराधी साम्राज्यवादी अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर युद्ध थोपकर वहां के राष्ट्राध्यक्षों और मासूम बच्चों की हत्या कर पूरी दुनिया को युद्ध में झौंके

**95 वें शहादत दिवस पर दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि**

**38 वें शहादत दिवस पर अवतार सिंह संधू 'पाश' पूरी**

जाने के दौर में शहीदे आजम भगत सिंह और उनके सपनों को सांस्कृतिक अभिव्यक्ति प्रदान करने वाले इंकलाबी कवि 'पाश'को पूरी शिद्दत से याद करना लाजिमी है। दुनिया में जब तक साम्राज्यवाद, सामंतवाद, पूंजीवाद और ब्राह्मणवाद रहेगा तथा मनुष्य द्वारा मनुष्यों का शोषण, उत्पीड़न,दमन एवं एक राष्ट्र द्वारा दूसरे राष्ट्र का शोषण, उत्पीड़न, दमन कायम रहेगा तब तक शहीदे एआजम भगत सिंह एवं उनके सपनों को काव्यात्मक अभिव्यक्ति प्रदान करने वाले इंकलाबी कवि 'पाश' हमेशा याद किए



उद्गार व्यक्त करते प्रो प्रभात व अन्य।

जाएंगे। दुनिया में सर्वप्रथम समाजवाद को साकार करने वाले कम्युनिस्ट योद्धा लेनिन भगतसिंह के आदर्श थे और इंकलाबी कवि 'पाश'के आदर्श शहीदे आजम भगत सिंह थे। जब साम्राज्यवादी देशों के बीच के अंतर्विरोध तीखे हो गये हों और अमरीका- इजरायल के साम्राज्यवादी गठबंधन के खिलाफ आक्रोश तेज हो रहे हों तथा इसके साथ ही भारत की मोदी सरकार द्वारा देश पर गहरे आर्थिक संकट थोपने और अमरीका- इजरायल की दलाली करने के दौर में निश्चय ही शहीदे आजम भगत सिंह और इंकलाबी कवि 'पाश'की इंकलाबी विरासत को बुलन्दी के साथ आगे बढ़ाने की जरूरत है।

भाकपा माले जिला सचिव का०उमेश कुमार ने कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह राजगुरु सुखदेव और नक्सलबाड़ी के खासमखास पंजाबी कवि 'पाश' मौजूदा दौर की साम्राज्यवादी एवं फासीवादी बर्बरता से लड़ने के लिए हमारा मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

जसम जिला अध्यक्ष डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि भगत सिंह समाजवादी जनतंत्र के पक्षधर थे।वे सांप्रदायिक शक्तियों के घोर विरोधी थे। वर्तमान दौर में सांप्रदायिक शक्तियों के साथ साथ फासीवादी शक्तियों हावी हो रहीं हैं।अब आम जनता की सरकार नहीं रह गई है। इन फासीवादी शक्तियों को साम्राज्यवादी देशों का साथ मिल रहा है। वर्तमान दौर में कम्युनिस्ट ही फासीवादी फिर का प्रस्ताव से लड़ सकता है उन्होंने आगे कहा कि तटस्थ होना सबसे बड़ा अपराध है।

कार्यक्रम का संचालन एवं विषय प्रवेश करते हुए कार्यकारी जिला सचिव रंजन कुमार ने कहा कि आज का वक्त शहीद ए आजम भगतसिंह एवं इंकलाबी कवि 'पाश' के सपनों का मुल्क बनाने के लिए जद्दोजहद करने का वक्त है। मौके पर किसान नेता कॉ ललन कुमार, अवधेश कुमार दास, विद्यानंद दास, डॉ अजय कुमार,कॉ रामनारायण पासवान (भोला जी) आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे।

## भगत सिंह के शहादत दिवस पर किया गया साम्राज्यवाद के खिलाफ संघर्ष का आह्वान

**पटोरी (एनएसबी)।** एआईएसएफ एवं एसएफआई के तत्वावधान में सोमवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एआईएसएफ के अध्यक्ष अविनाश कुमार ने की। इससे पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार पांडेय एवं भूमि सुधार उप-समाहर्ता रोहित कुमार ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की।

सीपीएम अंचल मंत्री अनिमेष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भगत सिंह का संघर्ष केवल औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध नहीं था, वह हर प्रकार के साम्राज्यवाद, पूंजीवादी शोषण और सामाजिक अन्याय के खिलाफ एक व्यापक वैचारिक प्रतिरोध का प्रतीक था। एसएफआई नेता आनंद कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज



स्मारक स्थल पर मौजूद कार्यकर्ता।

के दौर में भगत सिंह के विचारों को केवल स्मरण तक सीमित रखना उनके साथ अन्याय होगा। कार्यक्रम में अजीत कुमार, अविनाश कुमार, वशिष्ठ राय वशिष्ठ एवं अभिरंजन कुमार, प्रशांत कुमार, कृष्ण कुमार, अनुराग कुमार, सुबेश कुमार ,कैलाश पासवान, राम ईश्वर राम, सूरज कुमार, जितेंद्र कुमार, अमित कुमार, छोटन कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कफेन मंडल में दो दिवसीय दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान बैठक संपन्न

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मीनापुर में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी, कफेन मंडल मीनापुर के द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान बैठक रामपुर जयपाल पंचायत के मिल्की चौक स्थित एक निजी सभागार में संपन्न हुआ। दिनभर चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 6 वक्ताओं ने 6 विषयों पर चर्चा की। प्रारंभ में बिहार भाजपा के प्रवक्ता राकेश कुमार ने संगठन और भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डाला। वहीं, भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी ने वैचारिक अधिष्ठान और कार्य विस्तार का टास्क दिया। प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी नविन कुमार सिंह ने मन की बात, आईटी और सोशल मीडिया पर विस्तार से जानकारी दी। भाजपा कफेन मंडल अध्यक्ष मिथलेश कुमार ने संगठन की भूमिका पर चर्चा की। भाजपा कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक मजबूती और कार्यपद्धति से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में उपस्थित कार्यकताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया और अपने विचार साझा किए। मौके पर संजीव बिहारी, वंसत कुशवाहा, रंजनीकांत सिंह, छोटू पासवान, दिपक कुशवाहा, उदय कुमार, सोनू कुमार, दिनेश राय, हनुमान राय, अंजली पासवान आयुष कुमार, चंदन कुमार, सुनिल यादव, संजय चौधरी, विजय कु साहल, राकेश कुमार, नवलेश पासवान, अनिल राय, रविन्द्र साह, हरेन्द्र राम आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



प्रशिक्षण बैठक को संबोधित करते वक्ता।

### शहीदे आजम भगत सिंह की साम्राज्यवादी विरोधी संघर्ष को मजबूत करें : सीपीआई

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शहीद दिवस के अवसर पर सोमवार को मुजफ्फरपुर शहर के जीरो माईल स्थित भगत सिंह गोलम्बर पर सीपीआई द्वारा साम्राज्यवाद विरोधी दिवस मनाया गया। समारोह को संबोधित करते हुए पार्टी नेताओं ने कहा कि ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से संपूर्ण आजादी के संघर्ष को पूरे भारत में नया आवेग देने वाली भगत सिंह, सुखदेव र राजगुरु की शहादत के विरासत को आज आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लेने की आवश्यकता है। समारोह में सीपीआई के जिला सचिव रामकिशोर झा, राज्य परिषद् सदस्य जगदीश प्रसाद गुप्ता, वरीय अधिवक्ता राम बच्चन यादव, सुनील कुमार ठाकुर, अवधेश पासवान सहित दर्जनों पार्टी नेता शामिल हुए।

### समस्तीपुर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न समीक्षा बैठकों का आयोजन

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकें संपन्न हुईं। सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ हुई इन बैठकों में विकास कार्यों की प्रगति, पर्यावरण संरक्षण और कानून-व्यवस्था की सघन समीक्षा की गई।

इस दौरान मंदिर की चाहरदीवारी और कब्रिस्तान घेराबंदी की लंबित योजनाओं के चयन में तेजी लाने तथा वर्तमान कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिले के सभी थानों में उउळश अधिष्ठापन कार्य की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा और पारदर्शिता के दृष्टिकोण से सभी कैमरे क्रियाशील होने चाहिए। जिला पर्यावरण एवं आर्द्रभूमि समितिः जल निकायों के संरक्षण और आर्द्रभूमि के सौंदर्यीकरण पर चर्चा हुई। 'सिंगल यूज प्लास्टिक' (रवढ) पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने हेतु सघन छापेमारी और जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु संबंधित विभागों को कार्ययोजना साझा करने को कहा गया। अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए टास्क फोर्स को गश्ती बढ़ाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु 'ब्लैक स्पॉट्स' के चिह्नीकरण और यातायात नियमों के सख्ती से अनुपालन की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने भूमि विवादों के निपटारे हेतु 'भू-समाधान पोर्टल' पर दर्ज मामलों की समीक्षा की। उन्होंने अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित न हो। बैठक में उप विकास आयुक्त समस्तीपुर सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता राजस्व ब्रजेश कुमार सहित सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बिहार दिवस पर तिथिभोज सह उन्नत बिहार उज्जवल बिहार विषय पर परिचर्चा आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चकहाजी में विभागीय आदेशानुसार बिहार दिवस के अवसर पर तिथि भोज एवं उन्नत बिहार उज्जवल बिहार विषय पर परिचर्चा का आयोजन विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष शबीला खातून की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन समस्तीपुर विधायक अश्वमेघ देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज बिहार का चौमुखी विकास हो रहा है, इसलिए चक हाजी के बच्चे अच्छी ढंग से पढ़ाई कर इसका लाभ उठाएं। कार्यक्रम का सफल संचालन संकुल समन्वयक मुकेश कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक नीलम कुमारी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा सुप्रिया,आयुषी, अंशिका, निशा, साक्षी, निकिता आदि ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।मुख्य अतिथि के रूप में रूप नारायणपुर बेला पंचायत के मुखिया निरंजन कुमार साह ने विभिन्न प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को कॉपी,कलम और टाफी प्रदान कर सम्मानित किया। परिचर्चा में आर्य समाज के जिला अध्यक्ष रामकुमार सिंह, जिला बीस सूत्री के सदस्य भोला सिंह, शिक्षिका विनीता कुमारी,ग्रामीण रघुवीर सिंह, प्रोफेसर चंदेश्वर प्रसाद सिंह, प्रोफेसर दिलीप कुमार,संकुल संचालक महिपाल,शिक्षा प्रेमी ललित कुमार,छात्रा अनु कुमारी आदि ने अपना उद्गार व्यक्त किया।

## डॉक्टर बन कर जन सेवा करना चाहते हैं साइंस में स्टेट टॉपर दलसिंहसराय के आदित्य

# सेल्फ स्टडी कर बने स्टेट टॉपर

**नव संदेश ब्यूरो**

**दलसिंहसराय नगर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट साइंस परीक्षा 2026 का परीक्षाफल सोमवार को घोषित होते ही जिले के दलसिंहसराय स्थित पांड में खुशी की लहर दौड़ गई, जिसमें प्रथम स्थान हासिल कर दलसिंहसराय के छात्र आदित्य प्रकाश अमन ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

मुख्तियारपुर सलखनन्नी निवासी शिक्षक हरेंद्र कुमार और रिंकू कुमारी के पुत्र आदित्य ने अपनी कड़ी मेहनत और परिवार के सहयोग से यह उपलब्धि हासिल जिले का नाम रौशन किया है। संस्कृत भाषा से गहरा लगाव रखने वाले इस मेधावी छात्र का सपना डॉक्टर बन कर देश की सेवा करना है। दैनिक नवसंदेश से बातचीत के दौरान आदित्य ने इस सफलता का श्रेय राधा रानी, माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद को दिया। बताते चलें कि, पांचवीं कक्षा तक प्रारंभिक शिक्षा रामचन्द्रपुर के सरकारी विद्यालय में अपनी मौसी के घर रहकर पूरी की। तत्पश्चात छठी कक्षा के लिए 2019 में सिम्मुलतल्ला आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा पास कर दाखिला लिया। यही से दशमं कक्षा में भी 476 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर किया था। वर्तमान में माता के साथ दलसिंहसराय के माल गोदाम रोड के पास किराए के मकान में रहकर स्वाध्याय से बारहवीं की तैयारी कर यह मुकाम हासिल किया है।



आदित्य को सम्मानित करते लोग।

मां रिंकू देवी ने बेटे की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, "बेटे की यह उपलब्धि ही हमारा सब कुछ है। वह हमेशा से मेहनती रहा है।" पिता हरेंद्र कुमार ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य होने के बावजूद आदित्य ने कभी हार नहीं मानी। सेल्फ स्टडी पर जोर देकर उसने यह मुकाम हासिल किया। आदित्य का संस्कृत भाषा से विशेष लगाव है। वह डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहते हैं। स्थानीय लोगों में भी उनकी सफलता को लेकर खुशी की लहर है। सोमवार को दिन चढ़ते ही आदित्य व उसके परिजनों को बधाई देने के लिए लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। इसी क्रम में रामचंद्रपुर स्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार सहित शिक्षकों व ग्रामीणों ने बधाई तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदित्य की यह उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के लिए जबरदस्त प्रेरणा का स्रोत बनेगी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के मुताबिक इस वर्ष 12वीं की परीक्षा में कुल 13 लाख से अधिक छात्र-छात्राएंवो शामिल हुए थे।

## भाकपा माले का प्रखंड सम्मेलन 25 मार्च को

**ताजपुर (एनएसबी)।** 25 मार्च को ताजपुर प्रखंड फलमंडी में आहूत भाकपा माले का प्रखंड सम्मेलन का तैयारी जोरों पर है। सम्मेलन में बड़ी भागीदारी दिलाने के उद्देश्य से जगह-जगह शाखा, पंचायत एवं लोकल कमिटी की बैठक हो रही है। सम्मेलन के लिए पर्चा, पोस्टर, झंडे-बैनर आदि की तैयारी जारी है। भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह जानकारी देते हुए कहा कि सम्मेलन को लेकर पार्टी कार्यकताओं द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन स्थल की साफ-सफाई, मंच निर्माण, बैनर-पोस्टर तथा प्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में प्रतिनिधि, अतिथि और कार्यकर्ता शामिल होंगे। सम्मेलन में संगठन विस्तार, जनसमस्याओं, किसानों-मजदूरों के मुद्दों तथा आगामी आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। नेताओं ने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए गांव-गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी ने सभी समर्थकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

## केवटी विधायक ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, मिली कई खामियां

**केवटी (एनएसबी)।** केवटी विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी बीडीओ के साथ केवटी प्रखंड के कई आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र स०277,199,197 ,275 एवं 201में कई तरह की खामियां पाई गई, टीएचआर पंजी में जिनमें सभी धातृ तथा गर्भवती महिला की उपस्थिति पंजी में दर्ज था किंतु अनाज का कॉलम खाली था, बच्चों की उपस्थिति,पोषण आहार वितरण में भी लाभुकों के द्वारा बताया गया कि सीडीपीओ केवटी के द्वारा एक बार भी केंद्र का निरीक्षण नहीं किया जाता हैं, जिस कारण बच्चों को खाना प्रतिदिन मेन्यू के हिसाब से नहीं मिलने के कारण बच्चे केंद्र से अनुपस्थित रहते हैं*,साफ-सफाई और आधारभूत सुविधाओं की कमी प्रमुख रही। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर नाराजगी जताते हुए विधायक ने कहा कि सरकार बच्चों के शिक्षा और स्वास्थ पर लाखों करोड़ खर्च करते हैं लेकिन स्थानीय पदाधिकारियों के लापरवाही के कारण सारा का सारा खामियाजा बच्चों को उठाना पड़ता हैं।



निरीक्षण करते विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा।

डॉ० झा ने कहा कि आज जब मैं आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचा तो देखा कि किसी केंद्र पर 3 बच्चे किसी केंद्र पर 7 और किसी पर एक भी नहीं पाया गया और 3 और 7 भी था वो भी बोला कि सर मैं दूसरे विद्यालय में पढ़ता हूं। जिस पर कड़ा रुख अपनाते हुए विधायक ने बहुत जल्द वरीय पदाधिकारियों से मिलकर दोषी पदाधिकारियों पर कठोरतम कार्रवाई करवाने की बात कही। आंगनवाड़ी केंद्रों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए व्यवस्था में सुधार जरूरी है।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी संबंधित कर्मियों को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए और व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने पर जोर दिया।

**सीडीपीओ केवटी के द्वारा एक बार भी केंद्र का निरीक्षण नहीं करने का मामला आया सामने**

## अतिवृष्टि से हुए नुकसान के लिए सांसद ने की मांग

# लोकसभा में उठा दरभंगा के किसानों की क्षतिपूर्ति का मुद्दा

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिले में हुए असमय वर्षा तथा ओलावृष्टि से रबी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक आपदा से किसानों को हुई भारी क्षति की भरपाई करना आवश्यक है। अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति तथा उचित मुआवजे के लिए केंद्र सरकार शीघ्र पहल करे तथा ऑनलाइन आवेदन में अपडेट रशीद सोमवार को लोकसभा में शून्यकाल अर्थात जीरो आवर्स के दौरान विगत दिनों 20 मार्च 2026 को संध्याकाल दरभंगा सहित उत्तर बिहार क्षेत्र में आए प्राकृतिक आपदा के मुद्दे पर चर्चा करते हुए स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने सदन में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उपरोक्त बातें कही।सांसद डा ठाकुर ने लोकसभा में दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में अतिवृष्टि से किसानो को हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुखर होते हुए कहा कि असमय वर्षा तेज आंधी-तूफान एवं ओलावृष्टि के कारण गेहूं, मक्का सहित अन्य रबी फसलों को भारी नुकसान पहुँचा है तथा खेतों में तैयार गेहूं, मक्का सहित अन्य फैसले पूरी तरह से बर्बाद हो गया जिससे किसानों की हालात अत्यंत चिंताजनक है तथा ऐसे में अन्नदाता किसानों के समक्ष आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। किसानों के लिए यह अतिवृष्टि न केवल एक आपदा साबित हुई है बल्कि इसके कारण हुए नुकसान ने अन्नदाताओं के सपने और आत्मविश्वास को भी तोड़ा है।सांसद डा ठाकुर ने सदन में प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल एवं पारदर्शी सर्वेक्षण करने एवं किसानों को शीघ्र एवं उचित मुआवजा करने दिए जाने की जोरदार मांग करते हुए कहा कि इस आपदा के समय फसल क्षतिपूर्ति हेतु किसानों के ऑनलाइन आवेदन में अपडेट रसीद एवं जमाबंदी से राहत प्रदान किया जाना आवश्यक है।



डॉ. गोपाल जी ठाकुर सांसद दरभंगा।

# मॉरीशस के पीएम को मिला बिहार आने का न्योता

## कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव ने मॉरीशस के प्रतिनिधियों को बिहार दिवस पर आने का दिया न्योता

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री से मुलाकात की। सचिव ने पीएम को बिहार दिवस पर बिहार आने का न्योता दिया। इस दौरान उन्होंने मिथिला चित्रकला एवं मधुबनी पेंटिंग से जुड़ी बात की और कहा कि मॉरीशस में इन पेंटिंग्स की बहुत संभावनाएं हैं।

बिहार की प्रसिद्ध मिथिला पेंटिंग को मॉरीशस में बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। सचिव ने बताया कि मॉरीशस में कई लोग मिथिला पेंटिंग सीखने के इच्छुक हैं। ऐसे में प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाओं, ऑनलाइन कक्षाओं और प्रदर्शनी के माध्यम से दोनों देशों के कलाकारों को एक साझा मंच देने की योजना बनाई जा रही है।

कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव श्री प्रणव कुमार इन दिनों बिहार दिवस समारोह के अवसर पर राजकीय अतिथि के रूप में मॉरीशस दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से शिष्टाचार मुलाकात की और बिहार तथा मॉरीशस के बीच कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान विशेष रूप से प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण, डिजिटाइजेशन और प्रदर्शनी को लेकर दोनों देशों के बीच संयुक्त प्रयास करने पर सहमति बनी। दोनों पक्षों ने माना कि पांडुलिपियां हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर हैं, इसलिए उनके संरक्षण और वैश्विक स्तर पर प्रदर्शन के लिए मिलकर काम किया जाएगा। इस दिशा में तकनीकी सहयोग, डिजिटाइजेशन प्रोजेक्ट और शोध कार्य को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई।



मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम।

इस यात्रा के दौरान सचिव प्रणव कुमार ने मॉरीशस में भारत के उच्चायुक्त से भी मुलाकात की और सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों को और सक्रिय बनाने पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने मॉरीशस के प्रतिनिधियों और शिष्टमंडल को बिहार दिवस के अवसर पर बिहार आने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया।

उन्होंने कहा कि मिथिला पेंटिंग बिहार की पहचान है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक पहचान दिलाने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। मॉरीशस में इस कला के प्रति विशेष रुचि देखी जा रही है, जिसे देखते हुए भविष्य में सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम, कलाकार शिविर और संयुक्त प्रदर्शनी आयोजित करने की योजना है।

## किसानों को हुए नुकसान के मुआवजा के लिए बीडीओ को ज्ञापन

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले दिनों आए तेज रफ्तार के साथ आंधी-तूफान और भारी बारिश के कारण रबी फसल मक्का एवं गेहु की क्षति के आकलन एवं मुआवजा दिलाने के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को आवेदन दिया है। मुखिया संघ के अध्यक्ष एवं केवटगामा पंचायत के मुखिया छेदी राय ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की खड़ी फसल नष्ट हो गई है, जिससे उनके समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। मुखिया प्रतिनिधि सुघराईन राम भजन यादव ईटहर के मुखिया ठक्को सदा, तिलकेश्वर के मुखिया प्रमिला देवी उपस्थित रही।